दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 20 जनवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 289 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

अनोखा बैंक जहां पूंजी की बजाय केवल राम नाम की जमा होती है कापियां

आशीष दुबे

शिवरीनारायण मंदिर परिसर में 6 वर्षों से चल रहा श्री सीताराम नाम बैंक

जांजगीर/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल में से एक शिवरीनारायण लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां 24 घंटे राम नाम का जाप और राम भक्ति के धुन चलते रहते हैं। वहीं मंदिर परिसर के एक कमरे में श्री सीता राम नाम बैंक भी संचालित है। यह एक ऐसी अनोखी बैंक है। जहां रुपए पैसे की लेनदेन नहीं होती, बल्कि यहां सीताराम और राम राम नाम लिखी कॉपियां जमा की जाती हैं। इस श्री सीताराम बैंक का संचालन मठ मंदिर परिसर में पिछले 6 साल से हो रहा है। वर्तमान में इस बैंक के 727 सदस्यों ने 1 अरब सीताराम नाम लिखकर कापियां जमा की है। सवा लाख राम नाम लिखकर देने वाला कोई भी व्यक्ति यहां खाता खुलवा सकता है। कॉपी और लाल स्याही युक्त पेन निशुल्क दिया जाता है। शिवरीनारायण मठ मंदिर परिसर में वर्ष 2018 से श्री सीताराम नाम बैंक का संचालन हो रहा है। इसकी स्थापना 28 जनवरी 2018 को मठ मंदिर के सर्वराकार महंत रामसुंदरदास ने किया और श्री सीताराम नाम बैंक अयोध्या के सहायक बैंक प्रबंधक कन्हैया दास महाराज ने किया।

यहां के बैंक के शाखा प्रबंधक पुरूषोत्तम सोनी हैं। संरक्षक रामेश्वरदास त्यागी महाराज और कोषाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा हैं। कम संख्या से इस बैंक कि शुरुआत हुई, लेकिन अब राम नाम लिखने वालों की संख्या साल दर साल बढ़ती ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे मिली बैंक खोलने की प्रेरणा

श्री सीताराम नाम बैंक के सदस्यों ने बताया कि वे पहले 1965 में चांपा में संचालित श्री सीताराम नाम बैंक के प्रचारक शिवराम प्रसाद सोनी कापी लेकर शिवरीनारायण आते थे। उन्हीं से कापी लेकर उन्होंने श्री सीताराम नाम लिखना शुरू किया। जब उन्होंने 51 लाख श्री सीताराम नाम लिखकर अयोध्या के श्री सीताराम बैंक में जमा किया तो उन्हें वहां से प्रमाणपत्र लेने आने का आमंत्रण मिला। तब वे 2018 में सपरिवार अयोध्या गए और वहां श्री मणि रामदास छावनी सेवा ट्रस्ट अयोध्या के संस्थापक नृत्य गोपाल दास महाराज ने उन्हें प्रमाण पत्र दिया। अयोध्या में इन्होंने ही श्री सीताराम नाम बैंक की स्थापना की है। उन्होंने शिवरीनारायण में श्री सीताराम नाम बैंक की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंदिर बनाने की है योजना

श्री सीताराम नाम बैंक के कोषाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि श्री सीताराम नाम लिखी कापियों को संग्रहित करने के लिए मंदिर बनाने का विचार है। ऐसी मान्यता है कि श्री सीताराम नाम की परिक्र मा करने पर उतना ही पुण्य मिलता है जितना नाम लिखकर वहां जमा हुआ हो। बैंक प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 4 बजे तक खुला रहता है। इस बैंक से जुड़े पुरषोत्तम सोनी और पंडित योगेश शर्मा कारसेवक भी हैं। वे 1990 और 1992 की कार सेवा में अयोध्या गए थे।

आज बेबाक

भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध के नाम पर विपक्षी पार्टियों के नेता पहले तो देश का विरोध करने से भी ही हिचकते थे। अब वे सनातन का भी विरोध कर आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। 22 जनवरी को आधे दिन की छुट्टी के निर्णय का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता उदितराज ने बयान दिया है कि यह गलत निर्णय हैं। भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है। जिस दिन हिंदू राष्ट्र बनेगा तबाही आ जाएगी। अन्य विपक्षी नेता भी इसी तरह की विवादास्पद बयानबाजी कर रहे हैं। इसे ही कहते हैं विनाश काले विपरीत बुद्धि।

आईएएस नीलेश क्षीरसागर बनाए गए निर्वाचन आयोग के एडिशनल सीईओ

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारियों की नई पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। इसके अंतर्गत आईएएस नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पीएस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन नए कानूनों को लागू करने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने हाल ही में तीन कानून संसद के शीत कालीन सत्र में पारित किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को कानूनों को अपनी सहमति दे दी। नए कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। इसे छत्तीसगढ़ में लागू करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। शुक्रवार को पुराने पुलिस मुख्यालय में सीएम विष्णुदेव साय ने गृह विभाग की हाई लेवल मीटिंग ली। बैठक में नए कानून को लागू करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना को विभाग ने मुख्यमंत्री के सामने रखा। इस बैठक में प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा, डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, गृह विभाग के अपर सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, एडीजीपी विवेकानंद, एडीजीपी अमित कुमार, वित्त सचिव अंकित आनंद समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने तीन नवीन कानूनों को लेकर कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दूरदर्शी सोच की वजह से ही ये संभव हो पाया है। उन्होंने कहा है कि आजादी के इतने वर्ष बाद भी हम अंग्रेजों के बनाए कानून का ही पालन कर रहे हैं जिसे बदलने का समय आ गया है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस को आने वाले समय में संसाधनों की कमी नहीं होगी और प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ पुलिस को और सशक्त करेंगे।

हमें अंग्रेजों के कानून से मुक्ति मिलने जा रही

इस बैठक के बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, भारत में 150 साल पुराने कानून जो ब्रिटिश संसद में पास हुए थे उसी से पूरी प्रक्रिया चल रही थी। इसमें आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (क्रिमिनल प्रोसीजर कोड) की जगह नए कानून भारतीय आत्मा को ध्यान में रखते हुए बने हैं। इन नए कानूनों का विभागीय प्रशिक्षण भी होगा। ये सभी कानून आधुनिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था देश का एक अहम विषय है। अब हमें अंग्रेजों के कानून से मुक्ति मिलने जा रही है।

महिला सुरक्षा एवं न्याय पर आधारित

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के समक्ष नवीन कानूनों के प्रावधानों की प्रस्तुति देते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जुनेजा ने कहा कि नवीन कानून दंड देने की बजाए पीड़ित को न्याय देने की भावना के साथ तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुराने कानून दंड पर आधारित हैं जबकि नए कानून महिला सुरक्षा एवं न्याय पर आधारित हैं।

आवास योजना के कार्यक्रम में भावुक हुए पीएम मोदी

सोलापुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (19 जनवरी) को महाराष्ट्र के सोलापुर में अटल अभियान (अमृत 2.0) के तहत 1201 करोड़ रुपए की 7 परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुछ लोगों को घर की चाबी भी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस पर इशारों में निशाना साधते हुए कहा- पहले की सरकार सिर्फगरीबी हटाओ का नारा लगाती रही, लेकिन गरीबी नहीं हटी। गरीबों का पैसा बिचौलिया लूट ले जाते थे। उनकी नीति, नीयत

और निष्ठा कठघरे में थी। हमारी नीयत साफहै। पीएम ने कहा- मुझे खुशी है कि सोलापुर के हजारों गरीबों के लिए हमारा संकल्प आज पूरा हो रहा है। आज पीएम आवास योजना के तहत बनी देश की सबसे बड़ी सोसाइटी का लोकार्पण हुआ है। मैं आज देखकर आया और मैंने सोचा काश मुझे भी बचपन में ऐसे घर में रहने का मौका मिला होता। पीएम इस दौरान भावुक हो गए और 12 सेकेंड तक चुप रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती थीं, लेकिन उनका लाभ गरीबों को नहीं मिलता था। गरीब के हक का पैसा बिचौलिये लूट जाते थे। पहले की सरकारों की नीति, नीयत और निष्ठा कठघरे में थी। हमारी नीयत साफ है और नीति गरीबों को सशक्त करने की है।

बिलकिस के 11 दोषियों को सुप्रीम झटका

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (19 जनवरी) को बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों के सरेंडर की अवधि बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुईयां की बेंच ने कहा कि दोषियों ने सरेंडर के लिए समय बढ़ाने के जो कारण बताए हैं, उनमें दम नहीं है। इन सभी को दो दिन में सरेंडर करने के निर्देश दिए गए हैं। इन दोषियों में से किसी ने अपने बेटे की शादी, किसी ने पैर की सर्जरी, किसी ने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने, किसी ने फसलों की कटाई का कारण बताकर सरेंडर की तारीख बढ़ाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस से गैंगरेप के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने सभी दोषियों को दो हफ्ते के भीतर यानी 21 जनवरी तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

लखनऊ (वार्ता)। खालिस्तान समर्थक और सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी है। पन्नू ने ऑडियो मैसेज भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुलिस ने अयोध्या में खालिस्तान समर्थक 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके खिलाफ झूठा केस बनाया जा रहा है। उसने कहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहा राम मंदिर समारोह आपको (सीएम योगी) एसएफजे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज उपराष्ट्रपति कल केंद्रीय गृहमंत्री शाह रायपुर में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को विधानसभा की कार्यप्रणाली और संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी देने के लिए आज 20 जनवरी से शुरू हो रहे दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला करेंगे। प्रबोधन कार्यक्रम के पहले दिन अंतिम सत्र में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और दूसरे दिन के अंतिम सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नवनिर्वाचित विधायकों को सम्बोधित करेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज शनिवार 20 जनवरी की सुबह 9:30 बजे रायपुर पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सीधे राजभवन रवाना होंगे। यहां से सुबह 10.40 बजे इंदिरा गांधी

कृषि विश्वविद्यालय रवाना होंगे। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में विधायकों को संबोधित करेंगे। प्रबोधन कार्यक्रम के पहले दिन 20 जनवरी को उद्घाटन सत्र प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। उद्घाटन सत्र को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सम्बोधित करेंगे। इसके बाद प्रथम सत्र दोपहर 1 बजे से शुरू होगा। इस सत्र में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, ध्यानाकर्षण सूचना, लोक महत्व के विषय पर व्याख्यान देंगे। द्वितीय सत्र दोपहर 2.50 से शुरू होगा। इस सत्र में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया और तृतीय सत्र में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आशीष वचन देंगे। तृतीय सत्र शाम 4.15 बजे से प्रारंभ होगा।

असम सीएम बौखलाए हुए हैं, यात्रा कोई नहीं रोक सकता : जयराम

शिवसागर (एजेंसी)। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के छठे दिन (19 जनवरी) को राहुल गांधी ने ब्रह्मपुत्र नदी में सफ र किया। वे दुनिया के सबसे बड़े नदी द्वीप माजुली पहुंचे। राहुल गांधी के साथ महासचिव जयराम रमेश, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया सहित पार्टी के कई शीर्ष नेता मौजूद थे। यहां जयराम रमेश ने कहा- असम के मुख्यमंत्री बौखलाए हुए हैं, भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कोई नहीं रोक सकता। हमने कोई नियम नहीं तोड़ा। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा पूरी कोशिश कर रहे हैं कि लोग सड़क

पर न आएं और राहुल गांधी को न देख पाएं। उन्हें जो कुछ करना है, करने दीजिए। हमें जो कुछ करना है, वो हम करेंगे। 18 जनवरी को यात्रा नगालैंड से असम पहुंची। यहां शिवसागर जिले में राहुल ने आमसभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा- भाजपा और आरएसएस देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ना भी है। राहुल ने असम में भाजपा की हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार पर कहा- असम में देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। भाजपा देश में नफ रत फैलाने के साथ जनता का पैसा लूट रही है। हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम का मुद्दा उठाएंगे। जोरहाट में रास्ता बदलने पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा और इसके मुख्य आयोजक केबी बायजू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

वडोदरा बोट हादसे की जांच के लिए एसआईटी गठित

वडोदरा (वार्ता)। गुजरात के वडोदरा में बोट हादसे की घटना में लेक का मेंटनेंस करने वाले 18 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। हरणी लेक का मुख्य ठेकेदार परेश शाह फ रार है। वडोदरा पुलिस कमिश्नर ने हादसे की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इसमें 7 पुलिस अधिकारी शामिल हैं। मामले में वडोदरा कॉर्पोरेशन में कार्यकारी अभियंता राजेश चौहान ने मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के प्रबंधकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करवाई है। शिकायत में कहा गया है कि हरणी लेक जोन में काम का वर्क ऑर्डर 2017 से मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के पास है। प्रोजेक्ट में लेक में बोटिंग से लेकर भोजन-पेय, बैंक्वेट हॉल जैसी सभी सुविधाओं की जिम्मेदारी मेसर्स कोटिया के जिम्मे थी। इस तरह हादसे का जिम्मेदार मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के प्रबंधक भी हैं। उधर, एफआईआर को लेकर पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। एफआईआर में लेक का मेंटेनेंस करने वाले कोटिया प्रोजेक्ट्स के प्रबंधक बीनीत कोटिया और हितेश कोटिया का नाम दर्ज है। लेकिन एफआईआर में पुलिस ने इनके बंगले का एड्रेस गलत लिखा है। एफआईआर में दर्ज पते वाला नीलकंठ बंगला 2021 में ही बिक गया था।

गरमा-गरम

भर्राशाही... काम में गुणवत्ता न होने का दिया हवाला, निरस्त कर दिए सभी कार्य

टुकड़ों में किया टेंडर, एडवांस दिया 40 प्रतिशत, डी-ग्रेड ठेकेदार पर मेहरबान रहा प्रशासन

रमेश कागदेलवार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एक दौर था जब पुरानी सरकार में जिले में डी-ग्रेड के ठेकेदार की तूती बोलती थी। जिला प्रशासन भी डी-ग्रेड के ठेकेदारों पर मेहरबान था। करोड़ों के काम नियमों को ताख पर रख कर दिए गए। डी ग्रेड ठेकेदार के मुताबिक सांचा तैयार किया। एक ही काम के कई टुकड़े किए। लाभ पहुंचाने चहेते ठेकेदार को करोड़ों का काम दे दिया गया। इतना ही नहीं बिना कार्य शुभारंभ के ठेकेदार को लागत का 40

प्रतिशत का चेक रेवड़ी की तरह बांट दिया गया। ये चेक लगभग एक करोड़ रुपए के है। ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अनबन हुई तो कार्य में गुणवत्ता, कार्य में गति न होने का हवाला दिया और कार्यों को निरस्त कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंदिर परिसर में टीआईसी कार्य

केस-1 मंदिर परिसर में 61 लाख से टीआईसी भवन बनाए जाने के कार्य की स्वीकृति जनवरी 2023 में हुई। फरवरी माह में वर्क ऑर्डर मिला। साथ ही 25 फरवरी 2023 को 22 लाख रुपए एडवांस दे दिया गया। अधिकारियों ने मौके पर देखा तो कार्य प्रारम्भ ही नहीं हुआ। प्रशासन की मेहरबानी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता। 9 माह तक कार्य को निरस्त करने के लिए इंतजार किया। कार्य को जब शुरू ही नहीं किया तो प्रशासन ने 13 दिसम्बर को कार्य निरस्त कर दिया। साथ रिकवरी लेटर भी ठेकेदार के नाम दिया।

1 करोड़ 14 लाख से 2 स्कूल का कार्य

कटेकल्याण ब्लॉक का बड़े लखापाल पंचायत में आत्मानंद स्कूल निर्माण कार्य को दो भागों में जिला प्रशासन बांटा दिया। **केस-2** भाग-1 में 40 लाख का कार्य और भाग दो में 27 लाख का काम एक ही फर्म टरिष्कया राणा फर्म को दिया गया। ठीक इसी तरह कटेकल्याण में आत्मानंद स्कूल में किया गया। 11 अप्रैल 2023 को इन कार्यो की स्वीकृति मिली। एडवांस के रूप में बडे लखापाल आत्मानंद स्कूल के लिए 16 लाख रूपए फ र्म को दिए गए और कटेकल्याण आत्मानंद स्कूल के लिए 27 लाख रूपए दिए गए। इन कार्यो की जब जांच पड़ताल की गई तो काम शुरू होना नहीं पाया गया। अधिकारियों ने 10 नवंबर 23 को कार्य को निरस्त कर दिया। साथ ही इस भारी भरकम रकम के लिए रिकवरी लेटर ठैकेदार को थमाया गया।

> टरिष्कया राणा फर्म के तमाम कार्यो को निरस्त कर दिया गया है। साथ ही रिकवरी के लिए पत्र जारी किया गया है। अभी तक संबंधित ठेकेदार ने कोई जवाब नहीं दिया है। जल्द ही रिमाइंडर भेजा जाएगा। इसके बाद भी यदि पैसा वापस नहीं करता है तो विधिसंगत कार्यवाई की जाएगी।
>
> **आनंद जी सिंह,** सहायक आयुक्त, ट्राइबल विभाग दंतेवाड़ा

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

अयोध्या में जन्मभूमि पर विराजमान हुए रामलला, सामने आई पहली तस्वीर

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की प्रतिष्ठा के लिए पांच सौ साल की प्रतीक्षा का अंत गुरुवार को उस समय हो गया, जब उन्हें नए मंदिर के गर्भगृह में कूर्म शिला पर प्रतिष्ठित कर दिया गया। श्याम शिला से निर्मित रामलला का विग्रह उसी शिला से बने कमल दल पर विराजित किया गया है। पांच वर्ष के बालक स्वरूप रामलला की लंबाई 51 इंच है जबकि आधार समेत उनकी ऊंचाई सात फिट दस इंच है। फिलहाल रामलला की प्रतिमा के मुख और हाथों को पीले कपड़े से ढंका गया है। कहा जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन यानी 22 जनवरी को ही इसे खोला जाएगा।

आज के हवन का शुभारंभ

यज्ञ मंडप के चारों द्वारों का वेदमूर्ति पूजन व चतुर्वेद पारायण के अलावा और यज्ञमंडप के षोडश स्तंभों का पूजन व देवताओं का आह्वान, अरणि मंथन से यज्ञ कुंड में अग्निदेव का प्राकट्य तदुपरांत यज्ञ कुंड में हवन का शुभारम्भ होगा।

पौष शुक्ल अष्टमी पर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य रामलला के अचल विग्रह की प्रतिष्ठा अपराह्न 01.41 बजे के बाद की गई। बताया गया कि 01.41 तक भद्रा थी। शास्त्र भद्रा काल में मांगलिक कार्यों का निषेध करता है। इसके साथ ही गर्भगृह में अन्य अनुष्ठान भी शुरू हो गए।

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी एवं पेजावर मठ उडप्पी, कर्नाटक के पीठाधीश्वर स्वामी विश्व प्रसन्न तीर्थ ने बताया कि रामलला के आसन को स्वर्ण मंडित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसकी तैयारी है लेकिन अभी प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान मुख्य लक्ष्य है। रामलला पाषाण खंड से निर्मित कमल दल पर ही खड़े हैं। इस कमल दल और प्रभावली के कारण ही विग्रह का वजन डेढ़ कुंतल हो गया है। स्वामी विश्व प्रसन्न तीर्थ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए बुधवार को अयोध्या पहुंचे और गुरुवार को हुए अनुष्ठान में सहभागी बने।

गणपति पूजन से प्रारंभ

श्रीरामजन्म भूमि के गर्भगृह में रामलला के अचल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का संकल्प लेकर सर्वप्रथम गणपति का पूजन किया गया। इसके बाद वरुण पूजन, मातृका पूजन, वसोर्धारा पूजन आदि कार्यक्रम किए गये। काशी के शास्त्रज्ञ व ज्योतिषाचार्य पं गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ व सप्त दिवसीय अनुष्ठान के प्रतिष्ठाचार्य पं लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में चल रहे सभी वैदिक कर्मकाण्ड प्रमुख यजमान डॉ. अनिल मिश्र व उनकी धर्मपत्नी उषा मिश्रा ने किया।

इस दौरान चतुर्वेदोक्त पुण्याहवाचन के साथ श्रीमदवाल्मीकि रामायण, श्रीमद आध्यात्म रामायण, भुसुंडि रामायण व आनंद रामायण का भी पारायण चल रहा है।

लंका विजय का संदेश लेकर प्रयाग से अयोध्या गए थे वीर हनुमान, ये है मान्यता

प्रयागराज। लंका विजय के बाद जब भगवान श्रीराम ऋषि मुनियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए वापस अवधपुरी को जा रहे थे तो पुष्पक विमान प्रयाग में भी उतरा। यहां भगवान ने गंगा स्नान किया और फिर वानर सेना के साथ दान-पुण्य किया। यहीं से हनुमानजी को मुनि वेश धारण कर अयोध्या जाने और भइया भरत को विजय का संदेश सुनाने का आदेश दिया था। प्रभु के वचन सुनकर बजरंगबली अयोध्या की ओर चले गए।

इस बीच भगवान श्रीराम ने भरद्वाज मुनि से मिलकर उनका आशीष लिया। अयोध्या से निकलने के बाद भगवान ने तमाम स्थलों पर समय व्यतीत किया, लेकिन प्रयाग का वर्णन विशेष रूप से मिलता है। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम का कहना है कि मानस में इसका वर्णन मिलता है। राम चरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं कि,' तीरथपति पुनि देखु प्रयागा। निरखत जन्म कोटि अघ भागा॥ देखु परम पावनि पुनि बेनी। हरनि सोक हरि लोक निसेनी॥ पुनि देखु अवधपुरि अति पावनि। त्रिबिध ताप भव रोग नसावनि॥

अर्थात, तीर्थराज प्रयाग को देखो, जिसके दर्शन से ही करोड़ों जन्मों के पाप भाग जाते हैं। फिर परम पवित्र त्रिवेणीजी के दर्शन करो, जो शोकों को हरने वाली और श्री हरि के परम धाम (पहुंचने) के लिए सीढ़ी के समान है। फिर अत्यंत पवित्र अयोध्यापुरी के दर्शन करो, जो तीनों प्रकार के तापों और भव (आवागमन रूपी) रोग का नाश करने वाली है॥'

गोस्वामी तुलसीदास आगे लिखते हैं कि,' पुनि प्रभु आइ त्रिबेनीं हरषित मज्जनु कीन्ह। कपिन्ह सहित बिप्रन्ह कहुँ दान बिबिध बिधि दीन्ह॥ आर्थत-फिर त्रिवेणी में आकर प्रभु ने हर्षित होकर स्नान किया और वानरों सहित ब्राह्मणों को अनेकों प्रकार के दान दिए॥ स्वामी ब्रह्माश्रम कहते हैं कि मानस में वर्णन है कि,' *प्रभु हनुमंतहि कहा बुझाई। धरि बटु रूप अवधपुर जाई, भरतहि कुसल हमारि सुनाएहु, समाचार लै तुम्ह चलि आएहु॥*

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर मठ- मंदिरों में उत्सव
51 हजार राम ज्योति से कामाख्या होगा जगमग

अयोध्या। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रुदौली के सुनबा गांव में विराजमान मां कामाख्या ह्यभवानी दरबार में ऐतिहासिक दिन को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के समय 31 अक्टूबर 2020 से मां कामाख्या मंदिर पर अनवरत रामनाम पाठ चल रहा है। अब प्राण प्रतिष्ठा तिथि के पूर्व यहां मकर संक्रांति से 11 दिन तक रामोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के आयोजन हो रहे है। 22 जनवरी को 51 हजार दीपों से पूरा मंदिर परिसर व कामाख्या घाट जगमग होगा।

मंदिर के पुजारी मनोज मिश्र ने बताया भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा पर विधायक रामचंद्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल के सहयोग व पुजारी इंद्रेश कौशिक महाराज के संयोजन में भव्य दीपोत्सव आयोजित होगा। मवई ब्लॉक क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे स्थित अमौनी मठ पर 22 जनवरी को एक उत्सव मनाया जाएगा। मठ स्थित मंदिर सहित पूरे परिसर व घाटों की सफाई की गई है। 21 जनवरी को सामूहिक राम नाम संकीर्तन का पाठ होगा। मठ के महंत सत्य भारती महाराज के संयोजन में 11 हजार दीप मंदिर व घाटों पर जलाकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाया जाएगा। इसके अलावा पटरंगा गांव के दुर्गा मंदिर, लोधपुरवा गांव का दुर्गा मंदिर, रानीमऊ स्थित भोलेनाथ मंदिर व रानीमऊ चौराहा स्थित संतोषी माता के मंदिर, बाबूपुर के निकट स्थित भोलेनाथ के मंदिर को सजाकर उत्सव मनाया जाएगा।

जिले की सीमाएं 20 से होंगी सील

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर गैर जिले के चार पहिया व अन्य वाहनों का 20 जनवरी से जिले की सीमा से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जिले की सीमा से सिर्फ पासधारक वाहनों को ही प्रवेश मिल सकेगा। इसके अलावा जरूरी सेवाओं पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। अयोध्या जिले की सभी सीमाएं सील कर दी जाएंगी। अभी तक गैर जिले के भारी वाहनों पर अयोध्या जिले में प्रवेश प्रतिबंधित है, लेकिन अब सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी है। पुलिस उपाधीक्षक यातायात एपी सिंह ने बताया कि 20 जनवरी से जिले की सीमा सील कर दी जाएगी।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन बर्थडे केक काटने का शुभ मुहूर्त भी 12.30 बजे, गृह प्रवेश की भी तैयारी

मेरठ। रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त हर काम के लिए शुभ मुहूर्त बनता जा रहा है। मेरठ में लोग पूजा पाठ के साथ ही बच्चों का बर्थडे केक भी इसी मुहूर्त में काटना चाहते हैं। वहीं, गृह प्रवेश के लिए भी लोगों की पसंद यही मुहूर्त है। लोगों की इस इच्छा ने पुजारियों के सामने समस्या खड़ी कर दी है। वह एक ही समय पर कई घरों में पूजा कैसे कराएं, इसे लेकर वह भी दुविधा की स्थिति में हैं।

अयोध्या में श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड का है। इस विशेष तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, रवि योग जैसे कई शुभ योग बन रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन लगभग हर घर में सुंदरकांड और हवन की तैयारी है। कुछ लोग इसी दिन गृह प्रवेश करना चाहते हैं। काफी लोगों के बच्चों के बर्थडे पर हवन भी कराने की योजना है। इसके लिए उन्होंने पहले से पंडितजी को बुकिंग करा रखी है। लेकिन अब वह चाहते हैं कि अनुष्ठान का समय वही हो जो प्राण प्रतिष्ठा का है। लोगों की इस चाह ने पुजारियों को पशोपेश में डाल दिया है।

गृह प्रवेश की भी तैयारी

बड़ी संख्या में लोग 22 जनवरी को ही गृह प्रवेश भी कराना चाहते हैं। उन्होंने मकान का निर्माण पूरा होने के बाद इसे रोक रखा है। अब प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त में वह भी गृह प्रवेश की भी तैयारी कर चुके हैं।

सहालग की भी बड़ी बुकिंग

22 जनवरी को साया भी खूब है। इसके लिए भी पंडित पहले से बुक हो चुके हैं। कुछ शादियां दिन में भी होनी है। ऐसे में पंडितों के सामने सारे अनुष्ठान को एक ही समय पर संपन्न कराने की चुनौती पेश आ रही है।

दिन में अयोध्या में नहीं इस मंदिर में रहते हैं श्रीराम

नई दिल्ली। शायद ये बात आपको अजीब लगे लेकिन ऐसा कहा जाता है कि भगवान राम के दो निवास हैं, दिन में ओरछा मंदिर में भगवान राम रहते हैं और शाम को सोने के समय अयोध्या जाते हैं। अयोध्या की तरह मध्य प्रदेश राजाराम ओरछा मंदिर भी बहुत खास है और इसके पीछे एक कहानी भी प्रचलित है। दरअसल मप्र. के ओरछा राजा राम सरकार मंदिर में आज भी यह दोहा लिखा है कि है कि 'राम के दो निवास खास, दिवस ओरछा रहत, शयन अयोध्या वास।' दिनभर ओरछा में रहने के बाद वे शयन के लिए अयोध्या चले जाते हैं। प्रतिदिन रात में ब्यारी की आरती होने के बाद ज्योति निकलती है, जो कीर्तन मंडली के साथ पास ही पाताली हनुमान मंदिर ले जाई जाती है। मान्यता है कि ज्योति के रूप में भगवान श्रीराम को हनुमान मंदिर ले जाया जाता है, जहां से हनुमान जी शयन के लिए भगवान श्रीराम को अयोध्या ले जाते हैं।

आइए जानते हैं इस मंदिर के पीछे की कहानी-

ऐसा कहा जाता है कि 16वीं शताब्दी में ओरछा के बुंदेला राजा मधुकरशाह की रानी कुंवरि भगवान राम की बहुत बड़ी भक्त थी, लेकिन राजा भगवान कृष्ण को मानते थे। कई बार दोनों में इस बात को लेकर लड़ाई होती थी। एक बार राजा ने रानी से वृंदावन जाने को कहा, लेकिन रानी अयोध्या जाना चाहती थी, इसलिए उनकी बात नहीं मानी? ऐसे में राजा को बहुत गुस्सा आ गया और उन्होंने व्यंग्य करते हुएरानी से कहा कि अगर इतना भगवान राम को मानती हो तो उन्हें अयोध्या से ओरछा लाकर दिखाओ। रानी अयोध्या गईं।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर विघ्न-बाधा से बचने को राम की पैड़ी पर दुरदुरिया पूजन, सुख-शांति की कामना

अयोध्या। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान किसी भी प्रकार की विघ्न - बाधा न आए इसके लिए राम की पैड़ी पर एक साथ चार हजार महिलाओं ने दुरदुरिया पूजन का कार्यक्रम किया। वशिष्ठ सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक ने भी सहभागिता निभाई। कहा कि हम सभी भारतवासियों के लिए 22 जनवरी सबसे बड़ा दिन है। हम सभी की मनोकामना पूर्ण हो रही है। प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इस अवसर पर हम बहनों ने अवसान माता की पूजा कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की है। फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी त्रिपाठी के संयोजन में राम की पैड़ी पर चार हजार महिलाओं ने एक साथ अवसान मैया अर्थात दुखदुरिया माता का पूजन कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सकुशल संपन्न हो और पूरे विश्व में सुख शांति हो सनातन धर्म का परचम लहराए इस उद्देश्य से माता का पूजन -अर्चन किया। फाउंडेशन के शैक्षिक एवं सामाजिक वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में 15-15 की टोली में 251 समूह में चार हजार महिलाओं ने एक साथ विधि-विधान पूर्वक पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तीन कलसा तिवारी मंदिर के महंत अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने किया। यहां उपस्थित सभी बहनों ने विश्व शांति की प्रार्थना की रामलला के लिए यह पूजा का आयोजन किया है।

रामपैड़ी में आज 1 घंटे गुल रहेगी बिजली

श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के मद्देनजर अयोध्या धाम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखना है। इसके लिए 22 जनवरी को विद्युत उपकेन्द्र राम की पैड़ी के स्विच यार्ड में अनुरक्षण का कार्य किया जाएगा।

यहां पुजारी करते हैं उर्दू में श्रीरामचरितमानस का पाठ, मुस्लिम भी आते थे उर्दू में पाठ सुनने



आगरा। अयोध्या में श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का अनुष्ठान 16 जनवरी से शुरू हो चुका है। पूरे देश में जश्न और उल्लास का माहौल है। सुलहकुल की नगरी आगरा में एक मंदिर के पुजारी उर्दू में श्रीरामचरितमानस का पाठ करते हैं। उनका कहना है कि भगवान श्रीराम भाषाओं की सीमाओं से परे हैं। सदर में शहजादी मंडी स्थित सनातन धर्म मंदिर सभा की लाइब्रेरी और इसके प्रधान बैजनाथ शर्मा उर्दू में ही रामचरितमानस और गीता का पाठ कर अमन का पैगाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर की लाइब्रेरी में जहां आज संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी के साथ-साथ उर्दू की भी बहुत सी किताबें हैं। जो मंदिर की लाइब्रेरी से इसके मादरी जबान होने का पैगाम देती हैं। बैजनाथ शर्मा ने बताया कि उन्हें उर्दू से लगाव है, वे उर्दू की किताबों को दिल से लगाते हैं। सनातन धर्म मंदिर का प्रबंधन इसके लिए बखूबी काम कर रहा है। मंदिर की लाइब्रेरी में आठ हजार से ज्यादा किताबें हैं, जिनमें ढेरों उर्दू की किताबें भी अपना अलग ही महत्व रखती हैं। यहं पर उर्दू में लिखित श्रीमद्भगवत गीता, श्रीरामचरित मानस है। रिसर्च करने वाले स्कॉलर भी यहां आते हैं। अमृतसर में पैदा हुए बैजनाथ शर्मा कहते हैं कि कभी उर्दू ही देश की प्रमुख भाषा हुआ करती थी, इसलिए मैंने भी बीए आनर्स उर्दू से किया। मेरे घर में भी उर्दू का माहौल था। मैंने उर्दू में बहुत सी गजलें लिखीं हैं। आल इंडिया रेडियो पर कई मकाले यानी पेपर प्रसारित हो चुके हैं। मैंने अपनी सबसे प्रसिद्ध गजल नाथूला लिखी, जिसमें सैनिकों की जिंदगी पर रोशनी डाली गई है। उन्होंने बताया कि उर्दू किसी जाति, धर्म या समुदाय की नहीं, बल्कि हिन्दुस्तान की अपनी जबान है।

मुस्लिम भी आते थे उर्दू में पाठ सुनने

करीब 100 बसंत देख चुके वैजनाथ शर्मा अब अच्छी तरह सुनने और बोलने में परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब वह तेज बोलने की स्थिति में नहीं हैं, कुछ समय पहले तक मुस्लिम समाज के लोग यहां उर्दू में श्रीरामचरितमानस का पाठ सुनने के लिए आया करते थे।

भगवान श्रीराम की कृपा से मंदिर तक कभी नहीं पहुंचा अरपा की बाढ़

विक्रम सिंह ठाकुर

बिलासपुर/नवप्रदेश। इन दिनों जब अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा व देशभर के राम मंदिरों में उत्सव की तैयारी चल रही है। शहर के तिलक नगर स्थित राम मंदिर में भी इस दिन उत्सव मनाया जाएगा। लोक मान्यता है कि भगवान राम इस शहर की रक्षा करते हैं। अरपा नदी शहर के बीच से बहती है। नदी में कई बार भयंकर बाढ़ आई, लेकिन भगवान श्री राम की कृपा से बाढ़ मंदिर तक कभी नहीं पहुंच पाई। अरपा नदी के किनारे से 80 मीटर दूर स्थित है राम मंदिर। ऐसी कृपा है कि अरपा की बाढ़ कभी मंदिर तक नहीं पहुंच पाई। बाढ़ से बचने लोग मंदिर में शरण लेते थे। 118 साल पुराना यह मंदिर मराठा स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना है। इसे मुस्लिम शिल्पकार करीमुल्लाह खान ने तैयार किया था। मंदिर निर्माण से लेकर अब तक मंदिर से जुड़ी कई कहानियां हैं। पहले जब अरपा में बाढ़ आती थी, तो आस-पास के लोग मंदिर परिसर में शरण लेते थे। स्थानीय निवासी ओम प्रकाश दुबे ने बताया कि अरपा नदी चाहे जितने भी उफान पर हो, लेकिन वह मंदिर तक कभी नहीं पहुंच पाया। लोग जिस भी मनोकामना लेकर यहां आते हैं। भगवान राम की कृपा से उनकी मनोकामना हमेशा पूर्ण हुई है। यहां आने वाले लोगों का हमेशा उद्धार ही होता रहा है। मंदिर निर्माण के बाद से रामनवमी धूमधाम से मनाया जाता है। साल 1900-1906 में बिलासपुर के तिलक नगर में भगवान राम के मंदिर बनाया गया था। पहले मंदिर छोटा था, लेकिन आज ये मंदिर भव्य हो गया है। हर साल रामनवमी के मौके पर यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मां जगदंबा की स्थापना कुछ वर्ष पहले ही रतनपुर से लाकर की गई थी। मां जगदंबा की मूर्ति पौराणिक है तथा पुरातत्व विभाग में पंजीकृत है। वर्ष 1930 में गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। शुरूआत में मंदिर छोटा था। मंदिर के विस्तार के लिए भूमि का दान स्व. त्रिम्बकराव देहनकर ने किया था और 1947-48 तक मंदिर भव्य बनकर तैयार हो गया। इस राम मंदिर की देख रेख व्यवस्था आदि मराठा समाज के लोगों द्वारा ही किया जाता रहा है। वर्ष 2005 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। इस दौरान मंदिर की दीवारों पर सुंदर चित्रकारी कर कांच के टुकड़ों से शीशमहल के रूप में सजाया गया। वर्तमान में यही स्वरूप हमें दिखाई देता है।

■ मराठा स्थापत्य कला का नमूना है मुस्लिम शिल्पकार करीमुल्ला खान ने किया था तैयार

बंगाल के शिल्पकार ने निर्माण में दिया योगदान

साल 1906 में मंदिर का स्थापना की गई है और 1947-48 में बनकर तैयार हुआ। मंदिर को बंगाल के मुस्लिम कारीगर करीमुल्ला खान ने भव्य रूप से तैयार किया था। निर्माण के लिए उसने मेहताना भी नहीं लिया। करीब छ्ह वर्ष में मंदिर बनकर तैयार हुआ है। निर्माण में स्थानीय निवासियों ने भी पूरा सहयोग किया। मंदिर के आसपास पहले घना जंगल था, जिसे हटाने में ही करीब एक साल का समय लग गया था। शुरुआत में छोटे कक्ष में भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापित की गई थी लेकिन आज ये मंदिर

आदि शक्ति अंबे के साथ भगवान गणेश के भी दर्शन

मंदिर निर्माण के बाद शुरु में ही श्रीराम लला, आदि शक्ति जगदंबा मां और गणेश जीकी स्थापना की गई। बाद में भगवान शिव और रामभक्त हनुमान की स्थापना की गइ। शुरुआती दौर से ही रामनवमीं, दत्तजयंती, दिंडी यात्रा और गणेशोत्सव का आयोजन व्यापक स्तर पर होता आ रहा है। मंदिर में अन्य धार्मिक आयोजन भी होते हैं। घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित खाटू श्याम मंदिर में प्रति माह शुक्ल पक्ष की एकादशी को एकादशी उत्सव मनाया जाता है। इसकी शुरुआत इसी मंदिर से निकलने वाली निशानयात्रा के साथ की जाती है।

■ न्यूज गैलरी

22 को छत्तीसगढ़ में रहेगा आधे दिन का शासकीय अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ में 22 जनवरी को आधे दिन का शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान इस बात की जानकारी दी। सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ से भगवान श्रीराम का गहरा नाता है। छत्तीसगढ़ उनका ननिहाल है। भगवान राम अयोध्या में जन्मे, उनकी माता कौशल्या का जन्म छत्तीसगढ़ में हुआ। इस तरह भगवान राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। वनवास काल के 14 वर्षों में से 10 वर्ष उन्होंने छत्तीसगढ़ के जंगलों में व्यतीत किए। वे छत्तीसगढ़ के जन-जन के मन में रचे-बसे हैं। श्री साय ने कहा कि अयोध्या में हो रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरा छत्तीसगढ़ हर्षित है। 22 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे तक राज्य में अवकाश रहेगा ताकि छत्तीसगढ़ के लोग रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आनंद ले सकें और उत्सव मना सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मंदिरों में अच्छी साज-सज्जा की गई है और विभिन्न तरह के धार्मिक आयोजन भी चल रहे हैं।

हाई और हायर सेंकेंड्री स्कूलों में प्राचार्य होंगे प्रभारी अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के अध्यक्ष एवं मनोनीत सदस्यों को तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया है। इन शालाओं में पदस्थ प्राचार्यों को अस्थायी रूप से प्रभारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आज यहां मंत्रालय से इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा राष्ट्रीय शासकीय मिशन के अंतर्गत संचालित हाई स्कूलों में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) का गठन 31 मार्च 2012 को किया गया था।

घायल मजदूर की मौत, फैक्ट्री प्रबंधक पर पुलिस ने दर्ज किया केस

रायपुर/नवप्रदेश। कंपनी में काम करने के दौरान घायल मजदूर की अस्पता में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मृतक सुनील कुमार गिरी 28 वर्ष बाजार चौक सरोरा का रहने वाला था। मृतक सरोरा स्थित बालाजी टीएमटी में काम करता था। बताया जाता है कि काम करने के दौरान सुनील का पैर फिसलकर भट्टी में गिर गया था। जिससे उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पत्नी की गला दबाकर हत्या, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दहेज के लालच में अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को गुढ़ियारी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सुयश अस्पताल कोटा रोड में उपचार हेतु भर्ती श्रीमती रचना शर्मा पति प्रशांत शर्मा 35 साल निवासी जनता कॉलोनी गुढ़ियारी की मृत्यु हो गयी है। मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया। मृतिका के पीएम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु गला दबा कर हत्या करने की बात पता चली। इस पर आरोपी प्रशांत शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि मृतिका रचना शर्मा का विवाह सन 2018 में प्रशांत शर्मा के साथ हुआ था, शादी के बाद दोनो के संबंध अच्छे नही थे, दोनो में दहेज़ की बात को लेकर आये दिन लड़ाईयां होती थी, जिससे नाराज होकर कुछ समय पूर्व मृतिका अपने मायके चली गयी थी। जिसे प्रशांत वापस लेकर आया था। दिनांक 19.11.23 को प्रशांत जब रात में घर आया तो दोनो के बीच लड़ाई हुई। जिसे प्रशांत के परिवार वालों के द्वारा शांत कराया गया। ६

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। टाटीबंध अयप्पा मंदिर के पास पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी मानु प्रसाद एम 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि टाटीबंध अयप्पा मंदिर के पास आरोपी वीनू पनीकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी वीनू पनीकर 34 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मनु प्रसाद एम ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जमीन का फर्जीवाड़ा रोकने नया रजिस्ट्री सिस्टम लागू

रायपुर/नवप्रदेश। रजिस्ट्री में सभी तरह के फर्जीवाड़े को रोकने के लिए राज्य के करीब आधा दर्जन जिलों के साथ अब राजधानी में भी नया एनजीडीआरएस सिस्टम चालू कर दिया गया है। अभी इस सिस्टम से आरंग और तिल्दा-नेवरा में रजिस्ट्री की जा रही है।

रायपुर में पांच उपपंजीयक में ट्रायल के तौर पर केवल एक के पास ही रजिस्ट्री शुरू की गई है। इस नए सिस्टम में जमीन के दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करते ही उसका पूरा रिकार्ड मॉनीटर पर दिख रहा है। इससे ये पता चल रहा है कि जमीन किसके नाम पर है और पिछली बार कब बिकी है। इस जानकारी के सामने आने से एक ही जमीन को बार-बार बेचने वाला फर्जीवाड़ा भी नहीं होगा।

मार्च से सभी जिले में होगा लागू

वर्तमान में इसकी शुरूआत कुछ ही जिलों में हुई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में ई-पंजीयन साफ्टवेयर के स्थान पर राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली (एन.जी.डी.आर.एस.) चरणबद्ध रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत मार्च-2024 के पहले तक सभी पंजीयन कार्यालयों में एन.जी.डी.आर.एस. साफ्टवेयर अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा।

तीन जगहों में ट्रायल के रूप में देखा

छत्तीसगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एन.जी.डी.आर.एस. साफ्टवेयर को तीन पंजीयन कार्यालयों अभनपुर, महासमुन्द एवं धमतरी में प्रारंभ किया गया था। ई-पंजीयन प्रणाली की बीओटी अवधि समाप्ति उपरान्त अब सभी पंजीयन कार्यालयों में इसे लागू करने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इसके लिए पंजीयन विभाग द्वारा सभी प्राथमिक तैयारी की जा रही है, जिसमें हार्डवेयर उपकरणों, नेटवर्क लाईन की व्यवस्था के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पायलट रन के दौरान तीन पंजीयन कार्यालयों में अब तक लगभग 45 हजार से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन किया जा चुका है।

मिलेगी सभी जानकारियां

पक्षकारों को दस्तावेज के पंजीयन की स्थिति से संबंधित समस्त जानकारी वेबसाईट https://www.ngdrs.cg.gov.in /NGDRS_CG तथा एसएमएस एलर्ट के माध्यम से दिये जाने का प्रावधान है। एनजीडीआरएस साफ्टवेयर को वर्तमान प्रचलित ई-पंजीयन प्रणाली की अपेक्षाकृत सरल बनाया गया है, नागरिकों के लिए सिटीजन पार्ट में प्रविष्टि की प्रक्रिया को समझने के लिए यूजर मैन्युअल भी उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध कराया गया है। दस्तावेज तैयार करने का कार्य करने वाले वकील, दस्तावेज लेखकों के लिए भी साफ्टवेयर के संचालन संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना है। विभाग द्वारा सभी उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ ऑनलाईन विडियों भी जारी किया गया है। जिसके क्यूआर कोड को स्कैन किया जाकर कोई भी उपयोगकर्ता ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है, क्यूआर कोड़ सभी पंजीयन कार्यालयों में चस्पा किया गया है।

आमजनता के लिए सुविधाजनक

एनजीडीआरएस प्रणाली में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए पक्षकार अथवा उसके प्रतिनिधि द्वारा प्रथम बार वेबसाईट https: //www. ngdrs.cg.gov.in/NGDRS_CG के सिटीजन पार्ट में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने के उपरान्त सिटीजन लॉगिन कर ऑनलाईन उपलब्ध फार्म में पक्षकारों तथा संपत्ति विवरण को भरने पर स्वतः बाजार मूल्य, स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन शुल्क की गणना हो जाती है। पक्षकारों द्वारा पंजीयन हेतु सुविधानुसार समय एवं तिथि का चयन कर स्वेच्छापूर्वक अपाइन्टमेंट लिया जाकर निर्धारित तिथि में पंजीयन कार्यालय में उपस्थित होकर मूल दस्तावेज प्रस्तुत किया जाएगा। पंजीयन की सभी कार्यवाही पंजीयन अधिकारियों के द्वारा पंजीयन कार्यालय में संपादित की जायेगी। दस्तावेज के पंजीयन की कार्यवाही अल्प समय में पूर्ण की जाकर, दस्तावेज की स्केनिंग उपरान्त पक्षकार को मूल दस्तावेज की वापसी की जाती है।

राज्यपाल ने किया कुलपतियों के दो दिवसीय समागम का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने बिलासपुर के केन्द्रीय गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ मध्य क्षेत्र द्वारा आयोजित कुलपतियों के दो दिवसीय समागम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सच्चे इंसान गढ़ने की फैक्टरी एवं प्रमुख केन्द्र हैं। नये-नये अनुसंधान एवं नवाचारों के माध्यम से नये ज्ञान का सृजन करना इनका महत्वपूर्ण काम है।

विश्वविद्यालय के स्वयं के अस्तित्व के साथ-साथ देश दुनिया की निरंतरता के लिए भी नित नये अनुसंधान किया जाना अनिवार्य माना गया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'यूनिवर्सिटीस न्यूज' के विशेषांक का विमोचन भी किया। शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष जीडी शर्मा ने की एवं विशेष अतिथि के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के सचिव अतुल कोठारी उपस्थित थे। समागम में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उप्र, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना राज्यों के विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं शिक्षाविद् बड़ी संख्या में शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस बैठक से कुछ ठोस सिफारिशें सामने आएंगी जो सरकार और उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थाओं और युवाओं के लिए मददगार साबित होंगी। उन्होंने कहा कि कि भारतीय उच्च शिक्षा के प्रमुख संस्थानों ने अनुसंधान के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन इसमें और बहुत कुछ किये जाने की संभावना है। विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में केवल 75 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं, लेकिन उनमें से कोई भी शीर्ष 200 रैंक तक नहीं पहुंच सका। इनमें सुधार के लिए एक अच्छी अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने और एक मजबूत इको-सिस्टम बनाने के लिए भारत सरकार ने एक 'स्टार्टअप इंडिया एक्शन प्लान' लॉन्च किया है जो मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को हैंडहोल्डिंग फंडिंग और इनक्यूबेशन के माध्यम से सहायता प्रदान करता है।

देश आज विश्व की राजनीति में अहम भूमिका निभा रहा

हरिचंदन ने कहा कि हमारा देश आज विश्व राजनीति में अहम भूमिका अदा कर रहा है। बड़ी से बड़ी समस्याओं के निबटारे में भारत की राय पर विचार किया जा रहा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। समस्याओं को आपसी विचार-विमर्श से निपटाने में हमारा विश्वास है। इसके अलावा हिंसा या अन्य कोई साधन से स्थायी शांति नहीं आ सकती है। समारोह को भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष जीडी शर्मा, उपाध्यक्ष विनयकुमार पाठक, डॉ. अतुल कोठारी ने भी संबोधित किया।

देश की विकास यात्रा पर डाली रोशनी

हरिचंदन ने स्वतंत्रता के बाद देश की विकास यात्रा पर रोशनी डाली। उन्होंने जय जवान, जय किसान से लेकर जय, जवान, जय किसान, जय विज्ञान एवं जय अनुसंधान तक की विकास यात्रा के विभिन्न सोपानों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कोरोना वैक्सीन विकसित की। इससे न केवल हमारे देश के नागरिकों को जानलेवा कोरोना से बचाया अपितु 50 से भी अधिक देशों को निःशुल्क वैक्सीन देकर उनकी भी प्राणरक्षा कर मानवता का परिचय दिया।

कृषि विश्वविद्यालय के 38 वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे उपराष्ट्रपति

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 20 जनवरी को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 38वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री धनखड़ इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित शरीर की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने में कारगर धान की नवीन किस्म संजीवनी से निर्मित तीन उत्पादों का लोकार्पण भी करेंगे। यह किस्म इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा भाभा अटॉमिक रिसर्च सेन्टर, मुम्बई के साथ किये गये अनुसंधान द्वारा विकसित की गई है। उपराष्ट्रपति इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो संगोष्ठियों का शुभारंभ भी करेंगे जिनमें से एक कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप, नवाचार एवं उद्यमिता विकास पर केन्द्रित होगी तथा एक अन्य संगोष्ठी कृषि, पोषण एवं लोक स्वास्थ्य पर केन्द्रित होगी। श्री धनखड़ इस मौके पर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित किसानोपयोगी ''कृषि पंचांग 2024'' का विमोचन भी करेंगे। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन करेंगे।

स्थापना दिवस समरोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित धान की इम्यूनोबूस्टर एवं कैंसर रोधी किस्म संजीवनी से निर्मित तीन उत्पादों संजीवनी इंस्टैन्ट, संजीवनी मधु कल्क तथा संजीवनी राइस बार का लोकार्पण करेंगे। उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करते हुए धान की एक नवीन औषधीय किस्म ''संजीवनी'' विकसित की है जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा कैंसर कोशिकाओं की रोक-थाम में उपयोगी पाई गई है। संजीवनी का विकास छत्तीसगढ़ की पारंपरिक देशी औषधीय धान की किस्मों से चयन द्वारा किया गया है।

कस्टम मीलिंग के लिए 76 लाख एमटी धान का उठाव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 118.81 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 25678 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 130 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 21 लाख 91 हजार 935 किसानों से 118 लाख 81 हजार 335 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 25 हजार 678 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 94 लाख 77 हजार 669 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 76 लाख 206 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

23 जनवरी से प्रदेश के ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के तहत प्रत्येक तीन मास में कम से कम एक सम्मिलन आयोजित करने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार निर्धारित तिथियों 23 जनवरी, 14 अप्रैल, 20 अगस्त एवं 02 अक्टूबर के अतिरिक्त प्रतिवर्ष माह जून एवं नवम्बर में सुविधाजनक तिथियों में प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य रूप से कराये जाने के निर्देश है। पंचायत विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्रामसभा का आयोजन करने के लिए एक समय-सारिणी तैयार कर स्थानीय आवश्यकता अनुसार अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये है। पंचायत संचालनालय द्वारा जारी निर्देशानुसार आगामी 23 जनवरी से आयोजित ग्रामसभा में विशेष रूप से चर्चा करने के लिए 17 बिन्दु तय किए हैं। इनमें ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित सकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछली छमाही में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम प्राप्त राशि स्वीकृत राशि व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन करने कहा गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही करने, जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन करने तथा जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी, मौसमी बीमारियों के निदान एवं निवारण पर चर्चा एवं उससे निपटने चिकित्सकीय सुविधाओं का अवलोकन करना एवं इस संबंध में जागरूकता फैलाना, ग्राम पंचायतों में अनिवार्य कर के आरोपण एवं वसूली के प्रगति की समीक्षा, पंचायतों के वर्तमान पदाधिकारियों तथा अधिकारी कर्मचारियों जिनसे पंचायतों के लेखा हिसाब लेना है, अथवा बकाया राशि है, उनके नामों का वाचन किया जाए। राज्य की समस्त सड़को पर, मवेशियों (आवारा एवं पालतू) के कारण हो रहे दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति को रोकने हेतु उस ग्राम पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त सड़कों (विशेषतः राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग तथा मुख्य जिला मार्गो) के संबंध में सभी संभव उपायों एवं प्रभावी व्यवस्था की चर्चा, आमजनों में जागरूकता बढ़ाना एवं अपने मवेशियों को सड़कों पर खुले नहीं छोड़ने का संकल्प पारित कर चर्चा की जाए। इसके अतिरिक्त अनुसूचित क्षेत्र (संविधान के पाँचवीं अनुसूची अंतर्गत शामिल अनुसूचित क्षेत्र) की ग्राम सभाओं में पेसा नियम 19 एवं 20 के तहत् संसाधन योजना और प्रबंधन समिति तथा शांति एवं न्याय समिति पर चर्चा की जाए। ग्राम सभा में पेसा नियम 23 (1.2) के तहत् प्रस्ताव पास कर सरपंच एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से ग्राम सभा कोष के नाम से निकटतम कोर बैकिंग सुविधायुक्त राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाने, पेसा नियम 2022 के कंडिका 24 एवं 25 के प्रावधानों के अंतर्गत मानव संसाधनों एवं स्थानीय संस्थाओं के समीक्षा के संबंध में चर्चा की जाए। पेसा नियम 2022 के अंतर्गत लघु जल निकायों के लीज एवं बाजारों के नीलामी, छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय (अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम, 2023 अंतर्गत साधारण रेत के उत्खनन एवं व्यवसाय के संबंध में चर्चा की जाए। इन बिन्दुओं के अतिरिक्त जनपद एवं ग्राम पंचायत द्वारा स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये अन्य विषयवस्तु को ग्रामसभा के एजेण्डे में सम्मिलित कर चर्चा की जा सकती है। ग्राम सभा की बैठक आयोजन हेतु नोडल अधिकारी दल प्रभारी एवं सदस्य का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधितों से कहा गया है कि जिस ग्राम पंचायत में सचिव अतिरिक्त प्रभार में है, उस स्थिति में नोडल अधिकारी ग्रामसभा की कार्यवाही सम्पन्न करेंगे। एक समय-सारिणी तैयार कर संबंधित ग्रामों एवं ग्राम पंचायतों के मुख्यालयों में ग्राम सभा आयोजित करें।

बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: नरेंद्र दुग्गा

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने आज कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कार्यभार संभालते ही वीसी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिलों में पदस्थ सहायक आयुक्तों एवं परियोजना प्रशासकों को कामकाज में तेजी और कसावट लाने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि छात्रावास-आश्रमों में सभी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। छात्रावास-आश्रमों में शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत होना चाहिए। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से काम करें। परीक्षा परिणाम संतोषजनक ना होने पर संबंधित सहायक आयुक्त पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने छात्रावास-आश्रमों में पदस्थ प्राचार्यों, शिक्षकों एवं अधीक्षकों को बच्चों की पढ़ाई-खिलाई को प्राथमिकता में लेने के निर्देश दिए। श्री दुग्गा ने छात्रावास-आश्रमों में साफ-सफ ाई, पौष्टिक भोजन एवं पढ़ाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सचिव दुग्गा ने कहा कि प्रयास एवं एकलव्य विद्यालयों के बच्चों का आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी, इंजीनियरिंग, एमबीबीएस आदि परीक्षाओं में परीक्षा परिणाम और भी बेहतर हो, इस दिशा में आवश्यक सुधार किए जाने के निर्देश दिए गए। बच्चों की रूचि के अनुसार उन्हें बेहतर कॅरियर चुनने हेतु काउंसलिग की व्यवस्था कराई जाए।

बच्चों की देखभाल के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में शुरू होंगे झूलाघर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चुने हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी कम क्रेच (झूलाघर) की स्थापना की जाएगी। राज्य के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1500 झूलाघर की स्थापना करने का लक्ष्य दिया गया है। महिला बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी ने महिला बाल विकास की समीक्षा करते हुए कहा कि गांव में सर्वे कर बच्चों का चिन्हाकन कर लिया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बनाए जाने वाले झूलाघरो में काम-काजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों की देखभाल की जाएगी। बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने इन्द्रावती भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि सभी मैदानी स्तर के अधिकारी नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करें और इन केन्द्रों के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गंभीर कुपोषण वाले बच्चों का चिन्हांकन करके उनके पौष्टिक आहार पर विशेष ध्यान दें। पोषण ट्रैकर पोर्टल के माध्यम से ही इसकी निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री बाल सन्दर्भ योजना का लाभ अधिक से अधिक बच्चों लाभ दिलाया जाए। योजना के तहत गंभीर बीमारी दिल की बिमारी, मानसिक रूप से दिव्यांग, कटें-फ्टे होंठ वाले आदि अन्य बिमारियों से प्रभावित बच्चों का चिरायु टीम के माध्यम से उच्च स्तरीय ईलाज की व्यस्था कराए। समीक्षा बैठक में पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों का डोर-टू-डोर सर्वे कर आंगनबाड़ी की सेवाओं से लाभान्वित किया जाए। सभी आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफ ाई की जाए जहां रंग-रोगन की जरूरत है वहां रंग-रोगन का कार्य कराया जाए। पोषण वाटिका तैयार किए जाए। जहां पोषण वाटिका तैयार हैं वहां बच्चों को पौष्टिक सब्जी दी जाए।

इसी प्रकार जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युती की सुविधा उपलब्ध नही है, उन केन्द्रों में विद्युतीकरण का कार्य कराया जाए। बैठक में महिला बाल विकास विभाग की संचालक तुलिका प्रजापति और महिला बाल विकास विभाग के सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भय योजना, चाईल्ड हेल्प लाइन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री बाल उदय योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन शक्ति, महिला जागृति शिविर आदि अन्य योजनाओं समीक्षा की गई।

संपादकीय

गरीबी के नए आंकड़ों पर सवालिया निशान

नीति आयोग ने भारत में गरीबी के जो नए आंकड़े जारी किए हैं। उस पर प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सवालिया निशान लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि सरकारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है लेकिन ये आंकड़े झूठे हैं और दावे किताबी हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने गरीबी घटने के दावे को झूठा करार देते हुए कहा है कि अगर पिछले 9 सालों में गरीबी की दर 11 प्रतिशत तक गिर चुकी है और 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं तो पिछले तीन सालों से देश की 80 करोड़ आबादी को 5 किलो राशन मुफ्त क्यों दिया जा रहा है? कांग्रेस का यह सवाल वाजिब है वास्तव में यदि गरीबी कम हो रही है तो 80 करोड़ लोगो को मुफ्त अनाज देने की नौबत क्यों आई है। दरअसल गरीबी की परिभाषा नए सिरे से गढ़ने की आवश्यकता है। अभी तक नीति आयोग द्वारा गरीबी के जो आंकड़े पेश किए जाते हैं ।उस पर पहले भी प्रश्न चिन्ह लगते रहे हैं। जिसकी वजह से गरीबी को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। यही वजह है कि विपक्ष को गरीबी के मुद्दे को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करने का मौका मिल जाता है। इस बात में कोई शंका नहीं है कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार के 10 साल के कार्यकाल में लोगों जीवन स्तर सुधरा है। उनकी क्रय शक्ति भी बढ़ी है और सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। वास्तविक गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। उनके हिस्से पर अब बिचौलिए मुंह नहीं मार पा रहे हैं। गरीबो के खाते में सधी राशि पहुंच रही है। गरीबों के लिए घरों में शौचालय बने हैं गरीबों पक्का घर मिलने लगा है। मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले हैं और 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा सहित और भी कई रियायतें गरीबों को मिल रही है। जिससे उनका जीवन स्तर सुधरने लगा है। निश्चित रूप से करोड़ों गरीब अब गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं लेकिन जितने गरीब गरीबी रेखा से बाहर आ रहे हैं। उतने ही नए गरीब भी पैदा हो रहे हैं। इसमें तो एक बड़ी संख्या फर्जी गरीबों की भी है जो गरीबों को मिलने वाले लाभ का नाजायज फायदा उठाने के लिए आज भी बीपीएल कार्डधारी बने हुए हैं। ऐसे फर्जी गरीबों की पहचान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सर्वे कराने की मांग समय समय पर उठती रही है। लेकिन वोट बैंक के चक्कर में यह वाजिब मांग नक्कार खाने में तूती की अवाज बनकर रह जाती है। इसी तरह गरीबी रेखा को भी नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत बड़ी सिदद्त से महसूस की जा रही है। किन्तु इस दिशा में भी सरकार कोई कारगर कदम नहीं उठा रही है नतीजतन फर्जी गरीबों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जब गरीबों को मुफ्त में या रियायती दरों पर अनाज और अन्य सुविधाऐ सुलभ होती रहेंगी तो गरीब भी आखिर क्यों गरीबी रेखा से बाहर आना चाहेगा अब समय आ गया है कि गरीबी की रेखा को सुस्पष्ट बनाया जाए इसके लिए नए मापदंड निर्धारित किए जाए और फर्जी गरीबों की पहचान कर उन्हें गरीबी रेखा की सूची से न सिर्फ बाहर किया जाए बल्कि उन्होंने सरकार से जो अनुचित लाभ प्राप्त किया है। उसकी भी उनसे वसूली की जाए। जब तक इस तरह के कड़े कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक वास्तविक गरीबी के सही आंकड़े सामने नहीं आएंगें और न ही हमारे देश भारत को गरीबी के अभिशाप से मुक्ती मिल पाएगी। सरकार चाहे गरीबों के हित में जितनी भी योजनाएं चला ले विपक्ष को सरकार पर सवाल दागने का मौका मिलता रहेगा और देश में गरीबी को लेकर भ्रम की स्थिति बनी ही रहेगी। उम्मीद की जानी चाहिए की सरकार इस मामले में जल्द से जल्द उचित कदम उठाएंगी ताकि गरीबी को लेकर उठने वाले विवाद का पटाक्षेप हो सके।

सनातनी सत्य और आध्यात्मिक विचारधारा भक्ति की लहर का प्रादुर्भाव

संजीव ठाकुर

भारतवर्ष सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता है और अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता रहा है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की ÷सदुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति÷ यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए।

यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए। क्योंकि नागरिकों का नैतिक और सदाचारी स्वभाव और व्यवहार राष्ट्रीय संपत्ति होता है और यही संपत्ति राष्ट्र को एक सशक्त राष्ट्र और उत्कृष्ट देश बनाने में सदैव सहायक होता है। आध्यात्मिक शिक्षा सदाचार सदुण और चरित्र यह मनुष्य के बहुत ही महत्वपूर्ण आंतरिक तत्व हैं और इसी से मनुष्य का सकारात्मक व्यक्तित्व निर्मित होकर महान राष्ट्र की पृष्ठभूमि को अवलंबित करता है। देश का सद्गुणी सदाचारी सच्चरित्र व्यक्ति है देश को विकास की ओर सदैव ले जा सकता है एवं एक सशक्त राष्ट्र भी बनाने में मदद करता है। इसलिए अध्यात्म चरित्र तथा नैतिक शिक्षा को किसी भी राष्ट्र में प्राथमिकता देकर पुष्पित और पल्लवित किया जाना चाहिए।

जन्मभूमि निर्माण के कालखंड में हमारा भाव संसार

प्रवीण गुगनानी

रघुकुल कमल बिपिन दिनकर क ॥
पुर सोभा संपति कल्याना।
निगम सेष सारदा बखाना।।

महादेव, महादेवी से कहते हैं - वे आर्तिहर (दुख हर्ता) हैं व सूर्यकुल रूपी कमलवन को प्रफुल्लित करने वाले सूर्य, श्री रामजी की आरती कर रहें हैं। नगर (भारतवर्ष)की शोभा, संपत्ति और कल्याण का वेद, शेषजी और सरस्वती जी वर्णन करते हैं।

तेउ यह चरित देखिठगि रहहीं।
उमा तासु गुन नर किमि कहहीं ॥

अर्थात, वे भी यह चरित्र देखकर ठगे से रह जाते हैं (स्तम्भित हो रहते हैं)। (शिवजी कहते हैं-) हे उमा! तब भला मनुष्य उनके गुणों को कैसे कह सकते हैं। आज हम भारतीय भी उमापति के इन विस्मयकारक भावों का ही द्योतक और प्रतीक हो गये हैं कि, हम सामान्य से, रजकण से, गिलहरी के जैसे छोटे छोटे भारतीय भला इतने सक्षम कैसे हो गये हैं कि, हमने श्रीराम जन्मभूमि के निर्माण में सफलता प्राप्त कर ली है। निश्चित ही इस सफलता हेतु हमारे मानस व भुजाओं में श्रीराम स्वयं आ विराजे हैं, तब ही तो हम इस कार्य मे सफल हो पाये हैं। आज वैकुण्ठ विराजित भोलेनाथ माता पार्वती से निश्चित ही सुखकारी विस्मय से यही कह रहे होंगे! हम भारतीयों का भी भगवान नीलकंठ को यह उत्तर है कि हम भी आपके वंशज ही ही तो हैं। हमने गरल को, विष को अपने कंठ में, आप ही की भांति संरक्षित भी किया है और आज उस गरल से उपजे विषाद को शक्ति में, प्रेरणा में परिवर्तित करते हुए हम आगे बढ़ चले हैं। हे उमापति, आज हम भारतीय, नीलकंठ की ऊर्जा से सराबोर हैं। हम हमारी सांस्कृतिक परतंत्रता को आज समाप्त कर रहे हैं। हम हमारे ललाट पर लगे कलंक को आज एक दिव्य राजतिलक में परिवर्तित कर पा रहे हैं।

सुमन बृष्टि नभ संकुल भवन चले सुखकंद।
चढ़ी अटारिन्हि देखहिं नगर नारि नर बृंद।।

श्रीराम जन्मभूमि के भव्य निर्माण व उसके लोकार्पण को केवल मंदिर निर्माण व लोकार्पण का अवसर मात्र कहना, भारत को कतई व्यक्त नहीं कर पाएगा। इस जन्मभूमि निर्माण और उसकी भूमिका के श्रीवर्द्धन वृतांत को हम बाबा तुलसी के शब्दों में श्रीराम का अयोध्या आगमन कहें तब संभवतः यह अवसर भारतीय जान के भावसंसार को अंशतः ही प्रकट कर पाएगा। गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं -

भगवान श्री रामचन्द्र जी अपने महल की ओर जा रहे है। आकाश फूलों की वृष्टि से भर गया। नगर के स्त्री-पुरुषों के समूह अपने अपने घरों की छत पर खड़े होकर उनके दर्शन कर रहे हैं।

कंचन कलस बिचित्र संवारे। सबहिं धरे सजि निज निज द्वारे।

बंदनवार पताका केतू। सबन्हि बनाए मंगल हेतू।'

अर्थात सोने के कलशों को सब भारत वासियों ने अपने-अपने दरवाजों पर सजा दिया है। द्वार पर बंदनवार, पताकाएँ और श्रीचिह्न सज गये हैं।

हम कितने भाग्यशाली हैं!! हम बाबा तुलसी की इस हर्षित अभिव्यक्ति में समूचे प्रकट हो रहे पा हैं। भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध के पश्चात अयोध्या लौटने का यह तुलसी रचित दृश्य वृतांत, आज के हम भारतीयों जैसा ही है। हम भी तो श्रीराम के अंश हैं! हम बाबरी विध्वंस में सफल हुए हैं और उसके पश्चात भव्य मंदिर निर्माण पूर्ण कर उसमें रामलला को विराजित करने के अपने लक्ष्य में सफल हो गये हैं। हम इन पलों में, इन दिनों में, इतिहास के इस अनुपम कालखंड में श्रीराम के अयोध्या लौटने के अध्याय को पूर्णतः, अद्यतन रूप से, उसकी पूर्णता से व जीवंतता से जी पा रहे हैं।

जन्मभूमि मंदिर निर्माण व लोकार्पण के इस कालखंड के भावसंसार की चर्चा करें तो हमें विदेशियों के व्यंग्यों व उपालंभों की भी तनिक सी चर्चा करके हमारे मूर्छा, बेहोशी या मतिभ्रम के कालखंड का स्मरण करना ही चाहिये। वस्तुतः वर्ष पंद्रह सौ अट्ठाईस से लेकर वर्तमान के वर्ष दो हज़ार तेईस तक हम मतिभ्रम के कालखंड में ही तो थे।

इस मतिभ्रम व विभ्रम के कालखंड में हम जैसे मेघनाथ के शक्ति बाण से मूर्छित होकर युद्धभूमि में बेसुध पड़े लक्ष्मण ही तो थे।

तव प्रताप उर राखि प्रभु जैहउँ नाथ तुरंत।

अस कहि आयसु पाइ पद बंदि चलेउ हनुमंत।। भरत बाहु बल सील गुन प्रभु पद प्रीति अपार। मन महुँ जात सराहत पुनि पुनि पवनकुमार।।

लक्ष्मण के मूर्छित होने के बाद भगवान श्री राम अपने अनुज की दशा देखकर विलाप कर रहे थे। संजीवनी लेने गए हनुमंत की लौटते समय, अयोध्या में भरत से भेंट हो गई। हनुमान जी ने वैद्य सुषेण की औषधि की पहचान नहीं कर पाने के कारण समूचा पर्वत ही अपने कांधों पर उठाकर ले आया था।

श्रीराम कृपा से हम भारतीय, जो, भैया लक्ष्मण की भांति मूर्च्छित अवस्था में पड़े थे, हनुमंत में परिवर्तित हो गये हैं। अब हम मेघनाथ के शक्ति बाण का निवारण भी करते हैं और रावण की लंका में जाकर उसका विध्वंस करके विजय श्री का वरण भी करने लगे हैं। हम हमारी व्यवस्था जन्य परतंत्रता से ही मुक्त नहीं होते हैं अपितु सांस्कृतिक परतंत्रता का भी निवारण कर पाने में समर्थ हो गये हैं। श्रीराम जन्मभूमि का भव्य निर्माण हमारी सांस्कृतिक परतंत्रता की समाप्ति का एक महत्वपूर्ण अध्याय ही है।

मुग़ल आक्रांता औरंगज़ेब द्वारा काशी, मथुरा का विध्वंस करना हो या अन्य हज़ारों मंदिरों को नष्ट भ्रष्ट करके वहां अपनी मस्जिदों के निर्माण की घटनाएं हों, ये सभी हमारी मूर्च्छा के प्रतीक ही तो थे।

लंदन स्कूल ऑफ़ इंटरनेशनल हिस्ट्री के प्रोफ़ेसर व इतिहासकार अर्नाल्ड जे. टॉयनबी ने वर्ष 1960 के अपने भारत प्रवास के मध्य हम भारतीयों को उलाहना व उपालंभ देते हुए कहा था - ÷आपने बड़े अपमान के बाद भी औरंगजेब द्वारा अपने देश में बनवाई गई मस्जिदों को संरक्षित व सुरक्षित रखा है।÷ जब उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में रूस ने पोलैंड पर कब्ज़ा कर लिया, तो उन्होंने वहां अपनी विजय की स्मृति में वारसाँ के मध्य में एक रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च का निर्माण किया। प्रथम विश्व युद्ध के बाद जब पोलैंड को स्वतंत्रता मिली, तो उसने सबसे पहला काम रूस द्वारा निर्मित चर्च को ध्वस्त कर दिया और रूसी प्रभुत्व के प्रतीक को खत्म कर दिया, क्योंकि यह इमारत वहां के लोगों को उनके अपमान की निरंतर याद दिलाती थी। हम भारतीय आज अर्नाल्ड जे. टायनबी के उस उपालंभ, उस व्यंग्योक्ति से मुक्त हो गये हैं। हम सांस्कृतिक रूप से जागृत हो गये हैं।

ऐसा भी क़तई नहीं हैं कि, हम और हमारा भारत विगत सात सौ वर्षों में विशुद्ध मूर्च्छावस्था में ही थे। हमारे भारतीय जनमानस के इस दिशा में प्रयास सतत-निरंतर चल बढ़ रहे थे। हमारा सामाजिक जगत, साहित्यिक जगत, सांस्कृतिक जगत, धार्मिक जगत हमारें मंदिरों के विध्वंस और उन पर तने हुए विदेशी मुस्लिम कंगूरों को देख देखकर सदा ही पीड़ित, व्यथित होता रहा है। हम एक दीर्घ कालखंड तक इस संत्रास को भोगते हुए और उस संत्रास को अपनी अगली पीढ़ी को सौंपते हुए यहां तक आये हैं। हमारा शासक वर्ग व सत्ता सदन अवश्य जन भावनाओं को कभी कभी समझकर विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध प्रयास भी करता रहा है और कभी कभी सत्ता के मद - मोह में इस ओर से आँखें भी मोड़ता रहा है। हमें इस कालखंड में छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे अनेकों प्रणम्य शासक भी मिलें हैं। छत्रपति शिवाजी ने हमें बताया कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा दिये गये ये परतंत्रता व दासता के इन चिन्हों को मिटाना भी देश के राजा का एक अनिवार्य कार्य है। शिवाजी महाराज ने इस दिशा में अनथक श्रम करते हुए कई अभियानों को सफल भी बनाया। इस अभियान में उन्होंने गोवा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में मंदिरों का जीर्णोद्धार किया, जिनमें गोवा में सप्तकोटेश्वर और आंध्र प्रदेश में श्रीशैलम भी शामिल थे। वो माता जीजा के पुत्र शिवाजी महाराज ही थे, जिन्होंने ने मुगलों से कहा, यदि आप हमारे मंदिरों को ध्वस्त करके हमारे स्वाभिमान का अपमान करेंगे, तो हम हठपूर्वक उनका पुनर्निर्माण करेंगे। आज जब हम अयोध्या में हमारी दासता व गुलामी के प्रतीक बाबरी ढाँचे के विध्वंस से लेकर भव्य निर्माण के अनन्यतम कालखंड को जी पा रहें तो हमारा भावसंसार निश्चित ही माता उमा पार्वती व उमापति शिवशंकर के इस संवाद के आसपास ही है। करहिं आरती आरतिहर कें।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1817 में 20 जनवरी के दिन ही कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना हुई थी।1887 में आज ही के दिन 'पर्ल हार्बर' को अमेरिकी सीनेट ने नौसैनिक अड्डा बनाने की अनुमति दी थी। 1892 में 20 जनवरी के दिन ही दुनिया में सबसे पहले बासकेट बॉल का खेल खेला गया था। 1920 में आज ही के दिन ही अमेरिका में नागरिक स्वतंत्रता संघ की स्थापना हुई थी। 1925 में 20 जनवरी के दिन ही जापान और सोवियत संघ के बीच सहयोग समझौता हुआ था। 1942 में आज ही के दिन जापान ने बर्मा पर आक्रमण किया था। 1957 में 20 जनवरी के दिन ही भारत के पहले परमाणु रिएक्टर 'अप्सरा' का ट्रॉम्बे में उद्घाटन किया गया था। 1961 में आज ही के दिन 'जॉन एफ़ केनेडी' ने अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। 1972 में 20 जनवरी के दिन भारतीय राज्य मेघालय की स्थापना हुई थी।1977 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर बने थे। 1980 में 20 जनवरी के दिन ही अमेरिकी राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने मास्को ओलंपिक का बहिष्कार किया था।

QUIZ TIME

1) चंदुबी महोत्सव का आयोजन हाल ही में किस राज्य में किया गया?

2) वेदों एवं वेदांगो की संख्या कितनी है?

3) भारत में राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद का अध्यक्ष कौन होता है?

4) दुनिया का सबसे लंबा एस्केलेटर सिस्टम किस देश में है?

5) भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) असम (2) 4 वेद 6 (3) प्रधानमंत्री (4) हांगकांग (135 मीटर ऊंचा और 800 मीटर लंबा) (5) रघुराम अय्यर

आज का पंचांग

11	10 सूर्य-शुक्र-शनि	बुध-14 9
बृह 9	15 राहु	13-15 चन्द्र-केतु 8
14 मंगल 3	4	5 6

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:55, चन्द्रोदय : 12:21, चन्द्रास्त : 26:21,

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : दशमी, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : शुभ, प्रथम करण : बालव (08:14 तक), द्वितीय करण : कौलव (19:51 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:07 से 12:48, अमृत काल : 22:04 से 23:39, रवियोग : पूरे दिन, विजय मुहूर्त : 14:12 से 14:54, गोधूलि मुहूर्त : 17:39 से 18:06, सायाह्न सन्ध्या : 17:42 से 19:03, निशिता मुहूर्त : 24:00 से 24:54, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:05 से 16:23, होमाहुति : शुक्र (26:56 से शनि), दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी (19:51 तक), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : गौरी के साथ (19:51 से सभा में)

शुभ यात्रा दिशा

पूर्व-उत्तर (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम कृतिका नक्षत्र के प्रथम चरण अनुसार क्रमशः (अ , ई, ऊ, ए) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी किसी इच्छा के पूर्ण होने से मन दिन भर प्रसन्न रहेगा।

वृषः आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहने वाला है आज अपनी आवश्यकताओं को कम करने का प्रयास करें सुखी रहंगे।

मिथुनः आज का दिन संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा। व्यवसाय में आय निश्चित नही रहेगी फिर भी आकस्मिक लाभ हो सकता है।

कर्कः आज का दिन बीते कुछ दिनों की अपेक्षा लाभदायी रहेगा। आवश्यक कार्यो में आरम्भ में कुछ उलझने रहेंगी परन्तु धीरे धीरे इनमे सफलता मिलती जाएगी।

सिंहः आज के दिन आपको इच्छा के विपरीत कोई कार्य करना पड़ेगा जिससे मन निराशा एवं ग्लानि से भरा रहेगा।

कन्याः आज का दिन प्रतिकूल फलदायी है सभी कार्य विशेष कर यात्रा अथवा मशीन से जुड़े कार्य सतर्क हो कर करें आकस्मिक दुर्घटना में चोटादि का भय है। कार्य क्षेत्र पर भी आज चोरी अथवा अन्य कार्यो से हानि के योग है।

तुलाः आज का दिन आपको विजय दिलाने वाला रहेगा। जिस भी कार्य का मन बनाएंगे उसमे बेझिझक होकर निर्णय ले सकेंगे। सफलता थोड़ी विलम्ब से परन्तु अवश्य मिलेगी।

वृश्चिकः आज का दिन धन और धन्य दोनो की वृद्धि करेगा। परिवार के साथ ही व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति पर अधिक खर्च करेंगे धन की आमद रुक रुक कर होते रहने से खर्च आपको अखरेगा नही।

धनुः आज के दिन आपमे अहम की भावना रहेगी। आस पास के लोग आज आपकी आदतों से असहज महसूस करेंगे।

मकरः आज के दिन आप अधिकांश समय असमंजस की स्थिति में रहेंगे बचते बचते भी कलह पीछा नहीं छोड़ेगी।

कुंभः आज के दिन आप नियमित आय के साथ ही अतिरिक्त आय भी कमा सकेंगे अथवा अतिरिक्त आय के द्वार खुलेंगे।

मीनः आज के दिन आप सभी कार्यो में अपनी कार्यकुशलता का परिचय देंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -309

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल

बा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	यां		न
	र्म			ज	र	दा		

न्यूज गैलरी

छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे का प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल व माध्यमिक शाला में कराते सीखना जारी हैं। शुक्लाखार माध्यमिक शाला में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने स्कूल में कराते का प्रशिक्षण मिल रहा है। प्रशिक्षिका गीतांजलि पटेल ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत 90 दिनों का सभी विद्यालय के छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुरी परिस्थितियों से खुद अपने आप को छात्राएं कैसे बचा सकते हैं, बुरे व्यक्ति की पहचान कर उससे कैसे व्यवहार किया जाय आदि बातों पर ध्यान देकर उन्हें जागृत, सजग, सावधान किया जा रहा है। इसके साथ ही गुड टच बेड टच का ज्ञान भी दिया जा रहा है। प्रतिदिन प्रशिक्षण में सर्वप्रथम छात्राओं की क्षमता को बढ़ाने, मजबूती देने के लिए उन्हें वार्म अप बाडी स्ट्रेचिंग, अटैक, डिफेंस का अभ्यास छात्राओं को कराया जाता है। उसके बाद उन्हें अपर किक, लोवर किक, मिडिल किक, अपर अटैक, मिडिल अटैक, लोवर अटैक के साथ डिफेंस का भी पूरा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चियों को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत आत्मरक्षा करने का गुर सिखाया जा रहा हैं। बेटियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि जब कोई उनसे बदतमीजी की कोशिश करे, तो उसे कैसे मुंहतोड़ जवाब देना हैं। स्कूलों में चलने वाले इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हो रही हैं। स्कूल की किताबों में रानी लक्ष्मीबाई से लेकर रानी दुर्गावती तक के पाठ बच्चों को स्कूल में पढ़ाए जाते हैं,

प्रापर्टी डीलर को फोन पर दी जान से मारने की धमकी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सकरी क्षेत्र के आसमां सिटी में रहने वाले प्रापर्टी डीलर को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। आसमां सिटी में रहने वाले सौरभ पांडेय प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं।

उन्होंने पुलिस को बताया कि चार जनवरी को वे अपने घर पर थे। इसी दौरान अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने खुद का परिचय आयुष राय के रूप में दिया। उसने प्रापर्टी डीलर को जान से मारने की धमकी दी। बाद में उनके नंबर पर काल नहीं आया। उन्होंने इसे मामूली बात सझकर अनदेखा कर दिया। गुरुवार की दोपहर वे अपने घर पर थे। इस दौरान फिर से उनके मोबाइल पर काल आया। फोन करने वाले ने प्रापर्टी डीलर को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। जब आई पहली कॉल तो प्रॉपर्टी डीलर ने समझा कोई मजाक कर रहा है किसी प्रकार की कोई दिक्कत वाली बात नहीं। बात को लिया मामूली में पर पुनः जब काल आया तो प्रॉपर्टी डीलर को लगा भय अब पुलिस जांच कर रही। आखिर कौन और किस कारण से ऐसा कर रहा है।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

बिलासपुर। काम से लौट रहे युवकों की बाइक को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, उसके दो साथी घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर दुर्घटनाकारित वाहन की तलाश शुरू कर दी है। सीपत क्षेत्र के पंधी में रहने वाले दीपक सूर्यवंशी (19) रोजी मजदूरी करते थे। गुरुवार को वे अपने साथियों के साथ काम पर आए थे। यहां काम निपटाने के बाद करीब दो बजे वे गांव लौट रहे थे। बाइक सवार दीपक ग्राम लगरा के पास पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दीपक और उसके साथी सड़क पर गिर गए। बाइक से गिरकर दीपक ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गए। वहीं, उनके दो साथी सड़क से दूर जाकर गिरे। पहियों के नीचे आए दीपक की मौके पर ही मौत हो गई।

राम मंदिर दर्शन समिति के जिला सह संयोजक नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री राम मंदिर दर्शन समिति के जिला सहसंयोजक बनाया गया चंद्र प्रकाश सूर्या विदित हो की श्री राम जी का भव्य मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को किया जाना है इसी तारतमय में श्री राम मंदिर दर्शन के लिए सभी जिलों से टीम बनाई गई है,बिलासपुर जिले से भाजपा महामंत्री मोहित जयसवाल जी को श्री राम मंदिर दर्शन समिति का संयोजक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा चंद्रप्रकाश सूर्या को श्री राम दर्शन समिति का सहसंयोजक बनाया गया है जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर श्री राम मंदिर के भव्य उद्घाटन को जन जन तक एवं घर-घर तक पहुंचाया जाएगा जिसे पूरे जन-जन में भव्य उत्साह के साथ मनाया जाएगा चंद्र प्रकाश सूर्य ने बताया कि पूरे जिले की सभी मंदिरों का साफ सफाई रंग रोगन सभी मंदिरों में दीप प्रज्वलित भोग प्रसाद वितरण एवं भंडारा का कार्यक्रम रखा जाएगा

बीते 24 घंटों में 11 मिमी. हुई बारिश, एक- दो दिनों बाद मौसम साफ होने की संभावना

4 डिग्री गिरा जिले का पारा, आज भी छाए रहेंगे बादल

बिलासपुर/नवप्रदेश। अचानक बदले मौसम के बिजाज के कारण जिले में बीते 24 घंटे में करीब 11.0 मिमी बारिश हुई। और आज भी सुबह से बदली छा रही। साथ ही शहर के आसपास बूंदाबांदी भी होती रही। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की नमी एवं द्रोणिका के असर के कारण मौसम बदला है। अभी इसका असर एक दो दिनों तक और रहेगा।

एक द्रोणिका दक्षिण कर्नाटक से मध्य छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तृत है। जिसके कारण पूरे प्रदेश में आज बादली छाई रही। उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन आने की संभावना बनी हुई है। जिसके कारण प्रदेश में मौसम शुष्क रहने तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है। फिलहाल जिले का न्यूनतमक तापमान 18 डिग्री के करीब की गई है। द्रोणिका के कारण बीते बुधवार रात को ही जिले और आसपास हल्की बारिश होने लगी जो रूकरूक कर गुरूवार दिनभर होते रही। जिससे अधिकतम तापमान में 4.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शाम ढ़लते ही कंपकंपी तेज हो गई। मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक द्रोणिका दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक से मध्य छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके कारण प्रदेश में आज बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में 19 जनवरी से उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं चलने की संभावना है।

विक्षोभ के कारण मौसम बदला

पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में लगातार परिवर्तन देखा गया। वर्तमान में भी यही स्थिति बनी हुई है। 19 जनवरी से 23 जनवरी के बीच कड़ाके की ठंड पड़ सकती है, हालांकि बदली के कारण न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढोतरी हुई है। अभी जिले व आसपास दिनभर हल्की बूंदाबांदी होती रही। पखवाड़े भर पहले भी द्रोणिका के असर के कारण हल्की बारिश भी हुई थी। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से ही जनवरी में मौसम का मिजाज पूरा तरह से बदला हुआ है। जनवरी का तीसरा सप्ताह शुरू हो गया है जिससे पूरे प्रदेश का मौसम बदल गया है। प्रदेश के कई इलाकों को शीतलहर के आसार है,वहीं बिलासपुर और रायपुर सहित बस्तर संभाग में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी बनी हुई है। हालांकि अभी बदली के कारण न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना है। बीते दो दिनों में रात को ठंड में थोड़ी बढ़ी हुई है।

ओएसडी फिर पहुंचे सिम्स, कहा- व्यवस्था में जल्द आना चाहिए सुधार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स की व्यवस्था को पटरी में लाने की जिम्मेदारी शासन स्तर पर आइएएस आर प्रसन्ना को दी गई है। उन्हें सिम्स का ओएसडी बनाया गया है। इस बीच वे गुरुवार की दोपहर सिम्स का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से किए जा रहे कार्यों का विश्लेषण किया। इसके बाद वार्ड, एमआरडी के साथ अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि जितने भी कार्य हो रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मरीजों की मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

स्टेट नोडल अधिकारी भी पहुंचे

जिला अस्पताल में चल रहे ब्लड बैंक और सिकल सेल सेंटर का औचक निरीक्षण करने राज्य नोडल अधिकारी ए राव बिलासपुर पहुंचें। इस दौरान अधिकारी ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन से मुलाकात कर सिकल सेंटर के बेहतर प्रबंधन को लेकर चर्चा की। वहीं अस्पताल में ब्लड बैंक के स्टोर और सेंटर के लाइसेंस को तत्काल नवीनीकरण करने के निर्देश दिए।

डायरेक्टर ने किया मेंटल अस्पताल का दौरा

मानसिक चिकित्सा अस्पताल सेंदरी का स्वास्थ्य सचिवालय के अधिकारियों ने दौरा किया। इस दौरान अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अस्पताल के उन्नयन और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान स्वास्थ्य संचानालय डायरेक्टर ऋतुराज रघुवंशी, चिकित्सा शिक्षा सचिव रेणु पिल्ले व अन्य डिप्टी डायरेक्टर की टीम ने रूटीन निरीक्षण कर अस्पताल में चल रही सुविधाओं को जायजा लिया और कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान परिसर में अवैध कब्जे को लेकर जल्द ही कार्रवाई कराने के निर्देश दिए और मरीजों की सुविधाओं के लिए डिजिटल एक्सरे लाने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा।

बृहस्पति बाजार में बनेगा मल्टी लेवल सब्जी मार्केट

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक आज यहां मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 52 करोड़ रूपये से ज्यादा राशि की तृतीय कार्य-योजना का अनुमोदन किया गया। कार्य-योजना में स्वास्थ्य क्षेत्र की सेवाओं एवं अधोसरंचना कार्य को सर्वोपरि प्राथमिकता दी गई। बैठक में विधायक तखतपुर श्री धरमजीत सिंह, मस्तुरी विधायक श्री दिलीप डहरिया, कोटा विधायक श्री अटल श्रीवास्तव, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सिम्स की मल्टी स्पेशियालिटी अस्पताल में चिकित्सकों के अतिरिक्त वेतन के लिए 10 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया गया। शहर के बीच सघन बस्ती बृहस्पति बाजार में मल्टी लेवल सब्जी मार्केट के लिए भी लगभग 10 करोड़ की राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पीएचसी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के जीर्णोद्धार, सेवा एवं मानव संसाधन के लिए लगभग 7 करोड़ की राशि स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। कोटा ब्लॉक के कुरदर एवं सरगोड़ा क्षेत्र की बैगा बहुल 9 मजरा-टोला में सौर पॉवर प्लाण्ट के जरिए विद्युतीकरण के लिए 1.96 करोड़ रूपये की स्वीकृति भी कार्य-योजना में शामिल है। बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में 51.35 लाख रूपये की तीन कामों की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई। डीएमएफ के तहत पूर्व में स्वीकृत लेकिन अप्रारंभ कार्यो की समीक्षा की गई। उनकी वर्तमान आवश्यकता के संदर्भ में परीक्षण कर स्वीकृत अथवा निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर ने किया महिलाओं के 'घरौंदा' का निरीक्षण

केन्द्र में ही भोजन पकाकर परोसने दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज शहर के तारबहार (डीपूपारा) स्थित मानसिक विकास एवं पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण किया। इसे घरौंदा महिला के रूप में भी जाना जाता है। मानसिक रूप से अस्वस्थ 25 महिलाएं फिलहाल इसमें भर्ती होकर लाभान्वित हो रही हैं। स्वैच्छिक संस्था विकास सेवा संस्थान द्वारा इसका संचालन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग द्वारा इसे मान्यता प्रदान करने के साथ ही संचालन के लिए अनुदान भी दिया जाता है। कलेक्टर ने संस्था की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं को केन्द्र पर ही भोजन तैयार कर परोसने के निर्देश दिए ताकि उन्हें ताजा भोजन मिल सके। फिलहाल उन्हें बाहर से भोजन मंगाकर उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्था की सचिव श्रीमती अंशु गौड़ ने कलेक्टर को संस्था की तमाम गतिविधियां एवं दिनचर्या से अवगत कराया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती श्रद्धा मैथ्यू,परीविक्षा अधिकारी श्रीमती सरस्वती रामेश्री भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

दो किलो गांजा जब्त आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पोर्टरखोली सिरगिट्टी आरोपी सुरज वर्मा पिता स्व. संतोष वर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी विष्णु अवैधरूप से गांजा ब्रिकी कर रहा था मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सुरज वर्मा गांजा बेचने के फिराक में ग्राहक ढूंढ रहा है जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी के पास से 2 कि.ग्रा कीमती 16000 नकदी जब्त किया। आरोपी का कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध सदर की धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का होना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना से परिजन को अवगत कराकर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आगे भी अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही जारी रहेगी।

बिलासपुर संभाग से 1000 श्रद्धालुओं को ले जाया जाएगा अयोध्या

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाजसेवी प्रवीण झा ने आज प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया की साधन तो सभी के पास है लेकिन किसी कारणवश नहीं जा पाते हैं जिसको देखते हुए मेरे मन में विचार आया की क्यों ना भगवान श्री राम के ननिहाल से श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराया जाए इसलिए मैंने यह बीड़ा उठाया है कि भगवान श्री राम के ननिहाल से अयोध्या में श्री राम दर्शन के लिए बिलासपुर संभाग वाशियो को निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी जिसका रजिस्ट्रेशन 22 तारीख से चालू किया जाएगा 16 अप्रैल को लगभग 20 बस के द्वारा पुलिस ग्राउंड से अयोध्या के लिए रवाना की जाएगी अयोध्या के लिए जाने वाली बस पुलिस ग्राउंड से लास्ट 3ः00 बजे तक रहेगी जो कोई श्रद्धालु अयोध्या जाना चाहता है वह अपना रजिस्ट्रेशन चिन्हअंकित किए गए स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर अपना दो फोटो आधार कार्ड के साथ स्वयं उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। वहीं प्रवीण झा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया की हम सब भगवान की संतान हैं जिससे मुझे यह अवसर मिला है। कि मैं भगवान श्री राम के आशीर्वाद से 1000 श्रद्धालुओं को अयोध्या मे श्री राम भगवान का दर्शन बिलासपुर के पूरे संभाग वाशी करा सकू। जिस किसी अर्धालु को अयोध्या जाना है वह रजिस्ट्रेशन के लिए दिए गए इन नंबरों पर भी श्रद्धालु संपर्क कर सकते हैं।

ढाबा संचालक सहित पांच पर जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना हिर्री पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत आम जगह पर शराब पीने एवं पिलाने वाले संचालकों की ऊपर कार्रवाई करते हुए 4 लोगों एवं सहयोग कराने वाले 1 ढाबा संचालक 13 दुकान संचालको के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन थाना क्षेत्र के आम लोगों को नशे से दूर रहने जागरूक किया जा रहा है।

दो अलग- अलग मामलो में दो गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। 35 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी-मुकेश कुमार लोनिया पिता स्व अवधराम लोनिया उम्र 32 वर्ष को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी रामनारायण कुर्रे पिता दउवा प्रसाद कुर्रे 46 साल साकिन जलसो थाना पचपेड़ी के पास 1 कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 9 लीटर व नकदी 1750 रुपये बरामद किया। पुलिस ने टीम बनाकर रेड कार्रवाई करते हुए ग्राम जलसो से रामनारायण कुर्रे के कब्जे से कच्ची महुआ शराब 9 लीटर व नगदी 1750 रुपये के साथ आरोपी को पकड़ा है।

कार्यक्रम

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

सबरिया को गोंड जनजाति के रूप में मान्यता

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। बिलासपुर में नेहरू चौक स्थित निवास में उनसे मिलने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं को लेकर लगभग 200 आवेदन उप मुख्यमंत्री को दिये गए।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने जनदर्शन के जरिए आम जनों की समस्याओं से रूबरू हुए। उनके निवास स्थल पर आयोजित जनदर्शन में बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जांजगीर जिले के बुढ़ादेव आदिवासी समाज सेवा समिति रूप में संगठित सबरिया जाति के लोगों ने गोंड जाति की मान्यता दिलाने संबंधी आवेदन उप मुख्यमंत्री को दिया है। उन्होंने कहा कि सब्बल लेकर मेहनत मजदूरी करने के कारण बोल-चाल की भाषा में हमें सबरिया कहा जाने लगा। शिक्षा के अभाव में राजस्व अभिलेख में भी सबरिया का प्रयोग हो गया है जिसके कारण हमें गोंड जाति नही माना जा रहा है और हमे शासन द्वारा प्रदान किये जा रहे आरक्षण का लाभ नही मिल पा रहा है। जबकि हम अत्यंत पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर है। गोंड जाति में सम्मिलित किये जाने की मांग समिति के सदस्यों द्वारा की गई है। उप मुख्यमंत्री ने उनकी मांगो पर विचार करने का आश्वासन दिया। अंतरराष्ट्रीय कत्थक नृत्यांगना श्रीमती वासंती वैष्णव भी जनदर्शन में कलाकारों के लिए बिलासपुर में रियायती दर पर सभागार उपलब्ध कराने की मांग लेकर उप मुख्यमंत्री के समक्ष पहुंची। जिससे विभिन्न विधाओं के कलाकारों को मंच मिल सके। विकासखण्ड मस्तूरी के किसानों ने ग्राम पंचायत पचपेड़ी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा खोलने के लिए ज्ञापन सौंपा। मुंगेली जिले के सुरीघाट निवासी सत्यप्रकाश गेंदले ने अनुकंपा नियुक्ति में देरी होने की शिकायत उपमुख्यमंत्री अरूण साव से करते हुए बताया कि पिता की मृत्यु के बाद डेढ वर्ष का समय बीतने के बाद भी अनुकंपा नियुक्ति नही दी गई है जबकि वे शिक्षित और पात्र है। अनुकंपा नियुक्ति दिलाने की मांग आवेदक द्वारा की गई है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने प्राप्त आवेदनों पर विचार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

जनदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से उप मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट करने व विभिन्न कार्यक्रमों में आमंत्रण के लिए भी जिले के स्थानीय व अन्य जिलों के लोग पहुंचे। बिलासपुर के सीएमडी कॉलेज मैदान में होने वाले छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेला का आमंत्रण अखंड ब्राम्हण सेवा समिति द्वारा दिया गया। मुंगेली जिले से गायत्री परिवार द्वारा 108 कुण्डीय राष्ट्र जागरण अभियान महायज्ञ व बलौदाबाजार जिले में कर्मा जयंती समारोह का आमंत्रण उप मुख्यमंत्री अरूण साव को दिया गया। श्री साव ने आमंत्रण के लिए धन्यवाद व कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी।

एकम सनातन भारत दल ने संविधान संसोधन की रखी मांग

बिलासपुर/नवप्रेरेश। देश में नई बनी पार्टी एकम सनातन भारत दल संविधान में संशोधन की भारत की राजसत्ता को संवैधानिक तौर पर भारत का सनातन बाहुल्य चरित्र सदा सदा के लिए सुनिश्चित एवं संरक्षित करने बाध्य करेगा। ये कहना है पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण पाठक का। शुक्रवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पार्टी के पदाधिकारियों ने पार्टी के विचारों से पत्रकारों को अवगत कराया। हिंदू नरसंहार एवं जनसांख्यिकी परिवर्तन (भूमि जिहाद अथवा अन्य साधनों से) भारत की राजसत्ता के विरुद्ध किए गए अपराध माने जाएँगे, जिनको लेकर मृत्युदंड का प्रावधान कानून में सुनिश्चित किया जाएगा। संविधान में संशोधन कर केवल 5त्न से कम जनसंख्या वाले



समुदाय को ही अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाए। कश्मीर स्थित भगवान भास्कर के प्राचीन मार्तंड सूर्य मंदिर, मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी के ज्ञानवापी तीर्थ क्षेत्र की पुनर्स्थापना करना,समस्त हिमालयी राज्यों का सनातनी स्वरूप अक्षुण्ण रखना तथा जम्मू एवं कश्मीर का पुनर्गठन कर उसे 2 केंद्र शासित प्रदेशों में बांटकर हिंदू बहुल जम्मू संभाग को स्वतंत्र राज्य बनाना,गो-हत्या पर संपूर्ण प्रतिबंध लगाकर गाय, गंगा और रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करना,संविधान की प्रस्तावना में अवैध रूप से जोड़े गये सेक्यूलर और समाजवाद को हटाकर राम राज्य की स्थापना का लक्ष्य रखना। समीक्षा कर सनातन संस्कृति एवं सभ्यता को हानि पहुंचाने वाले अनुच्छेद, कानून एवं धाराओं को निरस्त करना,लव जिहाद और धर्मांतरण पर पूरी तरह से रोक लगाना, केवल विकास नहीं, अध्यात्म, संस्कृति, सही इतिहास, सामाजिक मूल्य, क्षेत्रीय भाषा और पर्यावरण के साथ संपूर्ण विकास करना, पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के ए. पी.सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष, गणेश चंद्र जिलाध्यक्ष, एस. के.सिंह जिला उपाध्यक्ष, जी. के. मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, मीनाक्षी मिश्रा जिला महासचिव (प्रशासन), नवीन कुमार साहू जिला महासचिव (संगठन)सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

विधायक चैतराम ने शुरु किया चुनाव प्रचार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिकोण से भाजपा

दंतेवाड़ा युवा मोर्चा के नेतृत्व में दीवार लेखन अभियान के माध्यम से प्रचार प्रसार अभियान चला रही है। इसके तहत शुक्रवार को गीदम में विधायक चैतराम अटामी ने भी दीवार पर कमल का फूल बनाकर फिर से मोदी सरकार लिखते हुए अभियान की शुरुआत की। इस दौरान कृष्णकांत शिवहरे,उरदो ठाकुर,उमेश कश्यप,अजय अवस्थी,कृष्ण चंद अवस्थी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंडी पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा

कांकेर/नवप्रदेश। धनेलीकन्हार मंडल के अंतर्गत ग्राम अंडी एवं बाबू दबेना में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष पचूराम नायक सरपंच श्रीमती मित्रा सलाम जनपद सदस्य डीकुंतला साहू मंडल महामंत्री डाकेश साहू खेमन साहू कुंजबिहारी साहू नरसिंह नायक उजियार तेता टीका राम साहू,गुलाब राम साहू पंचायत के समस्त पंच गण सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष पंचूराम नायक ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी।

अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/कोरर/नवप्रदेश। कोरर पुलिस को अवैध शराब को बेच रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। कोरर

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी लालजीराम नेरेटी पिता चंदर सिंह नरटी उम्र 33 वर्ष कोटपारा थाना भानू प्रतापपुर के कब्जे से 42 गोवा 5 बीयर 35 लीटर महुआ शराब को अवैध रूप से कब्जे में रखे पाये जानें पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

प्रतिबंधित दवा और सीरप के साथ 3 गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। नशे का अवैध व्यापार करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। कोंडागांव पुलिस को गुरुवार 18 जनवरी

को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति बस स्टैण्ड कोण्डागांव यात्री प्रतिक्षालय में अवैध रुप से नशीले कैप्सूल प्रतिबंधित दवाई काफी मात्रा में रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। इस सूचना पर यात्री प्रतिक्षालय कोण्डागांव में भावेश वर्मा पिता स्व0 गोपी वर्मा (29) एकटागुड़ा थाना बस्तर जिला जगदलपुर छ0ग0, देवेश कुमार दैया (31) साकिन जगदलपुर नयामुण्डा थाना बोधघाट जिला बस्तर छ0ग0, सुशील कश्यप पिता स्व0 सुन्दर कश्यप (32) मांझीपारा बस्तर थाना बस्तर जिला बस्तर छ.ग. को पकड़ा । उनके पास से प्रतिबंधित नशीले 86 स्ट्रीप Preevon spas plus का कैप्सूल कुल 688 नग कीमती 17200/ रूपये एवं सीरप तीन नग Codore& की सीरप प्लास्टिक बाटल में 100 रू किमती 330 रूपये तीन नग मोबाईल व नगदी रकम 310/ रूपये मिले। मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर सुखचैन धुर्वे से भौतिक सत्यापन कराया गया।

ओडिशा से लाए जा रहे 60 कट्टा धान जप्त

कोंडागांव/नवप्रदेश। राजस्व अमले द्वारा निगरानी के दौरान मिरमिंडा में ओडिशा से उमरगांव पिकअप द्वारा परिवहन किए जा रहे 60 कट्टा (24 क्विंटल) अवैध धान को पिकअप सहित जप्त किया गया। इस संबंध में तहसीलदार माकड़ी मनोज रावटे ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में धान उपार्जन को देखते हुए अवैध रूप से धान के परिवहन पर सक्त निगरानी रखी जा रही है साथ ही जिले की सीमा पर ओडिशा राज्य की सीमा पर विशेष तौर पर निगरानी की जा रही है। राजस्व अमले द्वारा मिरमिंडा में सीमा पर निगरानी के दौरान ओडिशा के नवरंगपुर जिले से कोंडागांव के ग्राम उमरगांव ले जाते हुए पिकअप सीजी 28 पी 2808 पर परिवहन हो रहे 60 कट्टा अवैध धान को जप्त कर उसका जप्तीनामा तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए वाहन को धान सहित जप्त कर माकड़ी धाने में रखा गया है।

मंदिरों में होंगे मानसगान स्पर्धा

कांकेर/नवप्रदेश। भगवान श्रीराम की पवित्र जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी सोमवार को आयोजित होने वाले 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव' के अवसर पर जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर मानसगान स्पर्धा आयोजित की जाएगी। इसके तहत् जनपद पंचायत चारामा में समता रंगमंच, भानुप्रतापपुर में गणेश मंदिर सम्बलपुर, नरहरपुर में शिव मंदिर वार्ड क्रमांक 10, कांकेर में हनुमान मंदिर गोविन्दपुर, दुर्गूकोंदल में शिव मंदिर, कोयलीबेड़ा में कृष्ण मंदिर छोटे कापसी और अंतागढ़ में मा आमा बुदीन शीतला माता मंदिर में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

लैब टैक्नीशियन पर लाखों की ठगी का आरोप

- कलेक्टर से शिकायत, जांच कर कार्रवाई की मांग

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा के जिला अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। इसमें सुकमा जिला अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम से पैसों की अवैध उगाही कर स्थानीय युवाओं के साथ ठगी की गई। पीड़ितों ने इसकी शिकायत कलेक्टर सुकमा से की है। उन्होंने फोन पे पर किए गए भुगतान का स्कीन शाट दिखाया है।

गोरेनाथ जांगड़े सुकमा जिला अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ है। उस पर नौकरी दिलाने के नाम पर पैसों की ठगी करने का आरोप लगाया गया है। इसको लेकर 3 व 8 जनवरी को पीड़ितों द्वारा फोनपे के मध्यम से रकम लेन देन की स्क्रीन शॉट के साथ कलेक्टर को शिकायत कर पैसा वापस दिलाने व गोरेनाथ जांगड़े के खिलाफ मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है।

सफाई कर्मी और सुरक्षा गार्ड के नाम पर ठगी–शिकायत पत्र में पीड़ितों द्वारा लैब टेक्नीशियन गोरेनाथ जांगड़े पहले बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा गार्ड व सफाई कर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर 30 से 50 हजार तक का मांग की जाती है। फिर नौकरी की ज्वाइनिंग दिलाने के नाम पर 20 से 30 हजार और फिर परमानेंट करने का लालच देकर लाखों की ठगी का करते हैं। इसमें बेरोजगार और बेबस युवक युवतियां फंस जाते हैं। ऊनील मुर्मू सुरक्षा गार्ड, संतोष मरकाम सुरक्षा गार्ड,संतोष नाग सुरक्षा गार्ड,रामलाल नाग सफाई कर्मी,वीरेंद्र नेगी सफाई कर्मी,नवल सिंह नाग सफाई कर्मी,मिथलेश कुमार दुवारी सफाई कर्मी,पदम चक्रधारी सफाई कर्मी,राजेंद्र सोढ़ी सफाई कर्मी इस ठगी के शिकार हो चुके हैं। पीड़ितों का कहना है की गोरेनाथ जांगड़े का ये कोई एक दो किस्सा नही हैं।

पूर्व में भी लगे हैं आरोप

यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी गोरेनाथ जांगड़े पर नौकरी के नाम पर ठगी का आरोप लग चुके हैं। हाल ही में एक ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें लैब टेक्नीशियन गोरेनाथ जांगड़े द्वारा पैसे की मांग करते हुए युवती को नौकरी का लालच देकर अवैध उगाही का वायरल ऑडियो सुर्खियों में आया था। राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी हैं।

1142 बोरी अवैध धान जब्त

- अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण पर की जा रही कड़ी कार्यवाही

बलरामपुर /नवप्रदेश। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर लगातार कार्यवाही हो रही है। इसी कड़ी में राजस्व व पुलिस की टीम के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 1142 बोरी अवैध धान जप्त किया गया है। जिसमें विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम भगवतपुर से शंकरगण परिवहन करते पिकअप में 22 बोरी अवैध धान जप्त करते हुए वाहन चालक तथा वाहन मालिक को धन सहित थाने में सुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार ग्राम डीपाडीहकला निवासी मनीष

जायसवाल के द्वारा अपने घर मे अवैध रूप से 225 बोरी धान रखा गया था जिस पर कार्यवाही करते हुए जप्त किया गया है ग्राम डीपाडीहकला में ही कृष्णकांत के घर से 23 बोरी तथा तहसील शंकरगढ़ में कोचिया राम आशीष जायसवाल के द्वारा अपने पास अवैध रूप से धान रखा गया था। राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम ने जांच में पाया की उसके द्वारा अवैध रूप से 182 बोरी अवैध धान रखा गया है। जिसे जप्ती की कार्यवाही की गयी हैं। राजस्व विभाग की टीम ने विकासखण्ड रामचंद्रपुर में कार्यवाही की है जिसमें कुर्लुडीह निवासी सुरेश गुप्ता ने उत्तरप्रदेश से लाकर अपने घर में ट्रक में अवैध धान छुपा के रखा गया था जिस पर राजस्व विभाग ने कार्यवाही करते हुये ट्रक सहित 500 बोरी अवैध धान को जप्त किया है।

ग्राम हरिगंवा में कोचिया सियाराम साहू ने अपने गोदाम में अवैध रूप से धान रखा था सूचना पर राजस्व, खाद्य व मंडी विभाग की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 190 बोरी अवैध धान जब्त किया है।

ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया सांस्कृतिक मंच

- मैदान के गड्ढों को भी पाटा, अपने खर्चे से कराए काम

कोंडागांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा के आश्रित पारा बकोदागुड़ा के पारावासियों के द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक शाला बकोदगुड़ा,विकासखंड कोंडागांव के लिए सांस्कृतिक मंच का निर्माण श्रमदान करते हुए सामुदायिक सहभागिता का शानदार मिसाल पेश की। सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों द्वारा उत्साह पूर्वक सम्मिलित होकर श्रमदान किया गया। सभी पारावासियों ने जिससे जो बना सहयोग किया। खास बात है कि छह हजार ईट,1 ट्रीप रेत, 10 बोरी सीमेंट तथा 5 ट्रैक्टरों का भाड़ा पारावासियों ने स्वयं वहन किया। मंच निर्माण के साथ साथ

शाला परिसर के पास बने कई गड्ढों को 30 ट्रीप मिट्टी ला के पाटकर समतल किया। बकोदागुड़ा पारा अपने क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता के लिए एक अलग पहचान बना चुकी है। इससे पहले भी विगत वर्ष ऐसे ही सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष इकट्ठा होकर 10 से 12 ट्रीप मिट्टी लाकर शाला परिसर के आसपास के कई गड्ढे पाट दिए थे। प्रधान अध्यापक शिवेंद्र कोमरे ने बताया कि जब-जब विद्यालय में किसी भी प्रकार का आवश्यकता हो या कोई भी छोटे बड़े कार्यक्रम का आयोजन हो परवासियों का भरपूर सहयोग मिलता है।

पारावासियों में खास बात यह होती है कि इस तरह की सामुदायिक सहभागिता में महिलाएं ज्यादा संख्या में और बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

कार्यकर्ता आम चुनाव की तैयारी में जुट जाएं : बैज

- जिला कांग्रेस की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश
- दिवंगत पूर्व मंत्री शिव नेताम और दाऊ नंदलाल बघेल को दी श्रद्धाजंलि

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और बस्तर सांसद दीपक बैज के आतिथ्य में जिला कांग्रेस की बैठक गुरूवार 18 जनवरी को राजीव भवन कांकेर में लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर आहुत की गई। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अविभाजित मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री शिव नेताम के दिवंगत होने पर तथा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता दाऊ नंद कुमार बघेल के दिवंगत होने पर कांग्रेस जनों द्वारा शोक सभा का आयोजन कर दिवंगतों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभद्रा सलाम ने कार्यकर्ताओं का स्वागत उदबोधन दिया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जीत-हार लगा रहता है। हमें अपने हार से सबक लेने की जरूरत है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने आम जनता से जुड़े जनहित के बहुत से कार्य किए। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाया और अंतिम व्यक्ति तक के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन कर उन्हें लाभ पहुँचाने की कोशिश की किन्तु हम अपने कार्यो व उपलब्धियों के बारे में जनता को समझाने में थोड़ा सा कमजोर रहे। जिसका परिणाम रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के झूठ एंव भ्रामक प्रचार के कारण से हमें हार का सामना करना पड़ा।

दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान कर चिन्हाकित करें : मंडावी

- सांसद की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। सांसद मोहन मंडावी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले की सड़कों में सुरक्षा के आवश्यक उपाय, यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा संबंधी अन्य विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में अंतागढ़ विधायक विक्रमदेव उसेण्डी भी उपस्थित थे। उक्त बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में अपराह्न में आयोजित बैठक में सांसद मंडावी ने कहा कि सड़कों में चिन्हांकित सभी दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) में नागरिकों को सतर्क करने के लिए सांकेतिक चेतावनी या रेडियम प्रदर्शित करें और आवश्यकतानुसार गति अवरोधक (ब्रेकर) भी बनवाएं। उन्होंने कहा कि शाम के समय कई वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं जो दुर्घटना के कारण बनते हैं। ऐसे वाहनों की नियमित चैकिंग करने और शराब पीकर गाड़ी चलाते पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। कांकेर में कई वाहन चालक अपनी गाड़ियों को मुख्यमार्ग पर खड़ा कर देते हैं, जिससे यातायात में जाम की स्थिति होती है। मुख्यमार्गों में आवारा मवेशियों के कारण भी अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं इसलिए उन्हें हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने लावारिस पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाने एवं कांजी हाउस भेजने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

दुकान के बाहर सामान रखने वालों को समझाइश– कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देशित किया कि व्यवसायी अपनी दुकानों के बाहर 5-7 फीट पसरा लगाकर सामान बेचते हैं, जिसके चलते प्रायः यातायात अवरूद्ध हो जाता है, ऐसे व्यवसायियों को समझाइश देने तथा नियमों की अवहेलना करने पर चालानी कार्रवाई करने के लिए नगरीय निकाय और पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा।

विधायक ने की देवगढ़ धाम की सफाई

लखनपुर/नवप्रदेश। ऋषि जमदग्नि की तपोभूमि देवगढ़ धाम अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने सफाई की।22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में देश भर के सभी मंदिरों ,देवालयों परिसरों की साफ-सफाई करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर विधायक

श्री अग्रवाल ने धाम के स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई । इस मौके पर विधायक ने देवगढ़ धाम में आगामी फाल्गुन मास में लगने वाले मेले में ठेका प्रथा समाप्त करने का निर्णय लिया है। उन्होंने जनपद पंचायत उदयपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेदप्रकाश गुप्ता को निर्देश दिया कि अगले देवगढ़ धाम मेले का ठेका न दें ।

विधायक ने मंदिर परिसर के खराब हैंडपंप का सुधार कराने, सौर उर्जा से चलित वोरवेल को चालू करने के निर्देश भी दिए। देवगढ़ धाम शिव मंदिर परिसर स्वछता अभियान में विधायक के साथ

लखनपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, राकेश अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राकेश साहू, राहुल अग्रवाल, सदीप मितल,तबरेज आलम, महमूद खान, सहदूल खान , चन्दन दास ,भाजपा कार्यकर्ता तथा स्थानीय जन काफी संख्या में शामिल रहे।

कृष्ण जन्मोत्सव का उठाया आनंद

सुकमा/नवप्रदेश। छिंदगढ़ में चल रहे भागवत कथा में आचार्य ओमप्रकाश महाराज ने भक्तों को कृष्ण जन्मोत्सव से पहले राम कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि हमको राम जी के चरित्रों का अनुसरण करना चाहिए। और जो भगवान कृष्ण ने कहा कि है सबको उसका परिपालन करना चाहिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अनोखी बैंक जहां पूंजी के...

जा रही है। इस बैंक में शिवरीनारायण जांजगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर ,रायपुर, सारंगढ़, रायगढ़, बलौदाबाजार भांठापारा जिले के विभिन्न् गांवों के भक्तों का खाता है। यहां श्री सीताराम लिखकर इसे बैंक में जमा कराते हैं। 25 लाख नाम जमा करने के बाद सदस्यों को प्रमाणपत्र दिया जाता है। श्री सीताराम नाम लिखने के लिए दानदाता बैंक में कापी, पेन दान करते हैं। जिसे यहां के सदस्यों को श्री सीताराम लिखने के लिए दिया जाता है। अब तक यहां के बैंक में 727 सदस्यों ने लगभग 1अरब सीताराम नाम लिखकर कापियां जमा की है।

ऐसे मिली बैंक ...

शाखा खोलने की प्रेरणा दी और 28 जनवरी 2018 को यहां श्री सीताराम नाम बैंक की शुरूआत की गई। इसके लिए मठ मंदिर परिसर में ही एक कमरा महंत रामसुंदरदास ने उपलब्ध कराया है।

सीएम योगी को जान ...

से कोई बचा नहीं पाएगा। जरूरत पड़ने पर राजनीतिक हत्याएं करेंगे। एसएफजे की तरफ से 22 जनवरी को इसका जवाब दिया जाएगा। 24 घंटे के अंदर अयोध्या में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने 3 संदिग्धों को पकड़ा है।

टुकड़ों में किया टेंडर, एडवांस...

अब प्रशासन रिकवरी लेटर थमा रहा है। जिन कार्यो के लिए रिकवरी पत्र दिया गया है वहां काम शुरू ही नहीं हुआ है। ठेकेदार ने करोड़ों रुपए बिना कार्य किए एडवांस निकाले। ठेकेदार इन पत्रों का विभाग को जबाब भी नहीं दे रहा है। यह पूरा मामला ट्रायबल विभाग से जुड़ा हुआ है। विभाग को रिकवरी करने में अब हाथ-पांव फूल रहे हैं। इतने पत्र जारी करने के बावजूद विभाग को यह ठेकेदार ठेंगा दिखा रहा है। बताया जा रहा है ठेकेदार सफेदपोशों की धौंस और खुद के बनाए आभामंडल के रौब से विभाग के अधिकारी और इंजीनियरों को खौफ में रखा है। इधर इंजीनियर से फोन पर बात करने का प्रयास किया। उन्होंने इस मामले का आरईएस विभाग का बताकर पल्ला झाड़ लिया।

मुक्तिधाम के किए सात टुकड़े : टरिष्किया राणा फर्म के तमाम कार्यो को जिला प्रशासन ने निरस्त कर दिया। साथ ही रिकवरी पत्र भी थमा दिया। जब जिला प्रशासन ने हवाला दिया कि काम में गति नहीं थी और गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य नहीं हो रहा था। बावजूद इसके इस फर्म को मुक्तिधाम का कार्य सौंप दिया गया। हैरान कर देने वाली बात यह है कि डी-ग्रेड में होने के बावजूद करोड़ों का कार्य इसी फर्म को दिया गया। लाभ पहुंचाने के लिए 1 करोड़ 98 लाख के कार्य को सात भागों में बांटा गया। इतना ही नहीं 70 लाख रूपए एडवांस भी दे दिया गया। भाग-1 में 43, भाग-2 में 44 लाख, 3 में 10 लाख, 4 में 20 लाख, 5 में 22 लाख, 6 35 लाख और भाग-7 के लिए 21 लाख रूपए का काम स्वीकृत हुआ।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/432 Korba West, dtd. 19.01.2024
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1264/2024.
Online tenders are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

S. No.	Rfx No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission & opening
1.	Rfx No. 8100035680	Assistance Services in day to day office work at O/o C.E. (Gen.), HTPS, KWB.	590/-	8,076/-	12.02.2024
2.	Rfx No. 8100035683	Procurement of Loading Unit Assembly suitable for 8.5 E -9 Mills, Unit No. 3 & 4, HTPS, Korba West.	590/-	8,130/-	13.02.2024
3.	Rfx No. 8100035679	Day to day operation of Goods cum Passenger Elevator in Boiler Area of PH-I & II, HTPS, Korba West.	590/-	12,290/-	12.02.2024

NOTE:-1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in-e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION S.-39415/2

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड चांपा
जिला- जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)
गौरव पथ रोड नया बस स्टेण्ड, नगर पालिका परिषद् चांपा के पास, पिन् कोड नं. 495671, ई-मेल eejan-phe-cg@gov.in
शुद्धि पत्र क्रमांक - 02
इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 21 दिनांक 05.01.2024 में अपरिहार्य कारणों से निविदा की समय सारणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।
1. समय सारिणी :-
1.1 निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि / समय :- 29.01.2024 समय अपरान्ह 3.30 बजे तक
1.2 निविदा खोलने की तिथि / समय :- 29.01.2024 समय अपरान्ह 4.00 बजे से
निविदा के अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
''हैण्डपंप संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 18002330008 पर दर्ज करावें''
जी- 07236/3
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही
जिला - गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग)
Emai id eegpm-phere@cg.gov.in
मैनुअल पद्धति निविदा संशोधन सूचना
मैनुअल पद्धति निविदा पर छत्तीसगढ़ शासन राज्यपाल की ओर से मुहरबंद निविदायें प्रपत्र 'ब' में निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यपालन क्र. 52 दिनांक 20.09.2023 जी.क्र. 05516/1 में अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन की जाती है ।
कार्य का विवरण :-
जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला गौरेला - पेण्ड्रा मरवाही के कुल 222 ग्रामों में (मात्रा 666) जल गुणवत्ता के प्रचार-प्रसार के लिए दिवाल लेखन एवं चित्रकारी कार्य। कुल अनुमानित लागत रु.10.18 लाख, धरोहर राशि 8000.00रू. निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00रू कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह ।
निविदा की पूर्व एवं संशोधित समय सारणी :-
1. कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-25.10.2023 एवं संशोधित अंतिम तिथि - 22.01.2024 शाम 5.30 बजे तक ।
2. कोरे निविदा प्रपत्र हेतु राशि जमा करने एवं कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की अंतिम तिथि 31.10.2023 एवं संशोधित अंतिम तिथि-24.01.2024 शाम 5.30 बजे तक।
3. निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 06.11.2023 एवं संशोधित अंतिम तिथि- 29.01.2024 शाम 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि- 09.11.2023 एवं संशोधित तिथि- 30.01.2024 शाम 5.00 बजे तक।
जी-07233/2
कार्यपालन अभियंता
लो.स्वा.यां. खण्ड गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही
जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

जनप्रतिनिधियों ने हाथों में थामा झाड़ू, मंदिर परिसर में की सफाई

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अयोध्या में विराजित होने वाले श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह पूरे देशभर में है और इसकी उत्सव मनाने की तैयारी जोरों पर है जिसके तहत प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे है। इसी परिपेक्ष्य में आज बैगापारा स्थित नगर की प्राचीन शीतला माता मंदिर में राज्यसभा सांसद व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय सहित जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक गजेन्द्र यादव के साथ भाजपा नेताओं, पार्षदों एवं कार्यकत्ताओं के व्दारा संयुक्त रूप से मंदिर परिसर की साफसफाई किया गया। इस दौरान शीतला माता की विशेष पूजा अर्चना कर लोगो की स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना भी किया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नेताओं ने मंदिर प्रांगण, ज्योति कक्ष परिसर के साथ साथ ऊपर लगे घंटियों के अलावा तीनो व्दारों का भी साफ सफाई किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने जय श्रीराम के भी जयघोष करते रहे साफ सफाई के दौरान पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, वरिष्ठ नेता शिव चंद्राकर दिनेश देवांगन नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। सांसद पाण्डेय ने 22 जनवरी को देश के इतिहास का स्वर्णिम दिन बताते हुए कहा की ईस दिन की प्रतीक्षा देव मानव सभी को है क्योंकि सैकड़ों वर्ष बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम विराजने वाले है इसकी दीपोत्सव के लिए ही पूर्व से मंदिरो में साफ सफाई किया जा रहा है जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा व विधायक गजेंद्र यादव ने भी लोगो से स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 21 जनवरी तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है। वहीं निगम क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ तीर्थ योजना के तहत लगातार पूरे शहर के समस्त मंदिरों व धार्मिक स्थलों में साफ -सफाई की जा रही है। सुबह महापौर धीरज बाकलीवाल ने पार्षदों व आम नागरिकों के साथ हाथ मे झाड़ू लेकर साफ सफाई कर पूरे मंदिर परिसर के अंदर और मंदिरों के बाहर सीढ़ियों में पोछा लगाया। श्री बाकलीवाल ने श्री जलाराम सांस्कृतिक भवन परिसर में माँ शीतला सतरूपा मंदिर में झाड़ू लगाकर साफसफाई कर मंदिर परिसर में पोझा लगाकर साफ किया। इस दौरान उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने 22 जनवरी तक सभी मंदिरों देवालयों की सफाई का आह्वान किया है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। पूरे देश में उत्साह का माहौल है। उसी तरह दुर्ग शहर में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है। सभी लोग एकजुट होकर मंदिरों की साफसफाई में लगे हुए है।

■ न्यूज गैलरी

हसदेव अरण्य बचाने राष्ट्रपति से गुहार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहे जाने वाले हसदेव क्षेत्र में वनों की लगातार हो रही कटाई से वन्य जीवों के रहवास जंगल का अस्तित्व समाप्त हो रहा है साथ ही आदिवासियों के समक्ष विस्थापन जैसी भीषण समस्या व उनकी सांस्कृतिक धरोहर स्थल भी नष्ट हो रहे जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी व शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल रोक लगाने की मांग की। शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गेमू कुंजाम ने बताया कि अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस आदिवासी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस संगठन के साथ मिलकर आदिवासी कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार 17 जनवरी को जयस्तंभ चौक में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर संजय अग्रवाल के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस संबंध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि कोयला के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरगुजा संभाग के हसदेव अरण्य के हजारों एकड़ भूमि व जंगलों की कटाई किया जा रहा है, जो कि हसदेव अरण्य क्षेत्र प्राकृतिक रूप से सघन वनों से आच्छादित एवं जैव विविधिता से समृद्ध क्षेत्र है, जहां सदियों से आदिवासी समुदाय के साथ ही अन्य समुदाय के लोग निवास करते आ रहे है।

चोर गिरोह से 22 दुपहिया वाहन जब्त

दुर्ग। पुलिस ने अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्यों को पकड़ने में सफलता पाई है। आरोपियों के कब्जे से कुल 22 दुपहिया वाहन बरामद किया गया है। जब्त वाहनों की कीमत 14 लाख 70 हजार रुपए बताया जाता है। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग व थाना मोहन नगर, पुलगांव, पद्मनाभपुर की संयुक्तकार्रवाई की है। जिले में लगातार वाहन चोरी की घटनाएँ घटित हो रही थी जिसे अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग के द्वारा वाहन चोरी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं माल बरामदगी हेतु निर्देश दिए गए थे। जुमला कीमती 14.70 लाख रू. की मशरूका को बरामद कर जप्त किया गया। अग्रिम कार्यवाही संबंधित थानों से की जा रही है।

संभाग स्तरीय बैठक में बनाएगी रूपरेखा

दुर्ग। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु रामलला की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से प्राण प्रतिष्ठा उपरांत 25 जनवरी से 25 मार्च 2024 के बीच स्पेशल ट्रेन के माध्यम से राम भक्तों का जत्था राम मंदिर दर्शन के लिए जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि रामलला के दर्शन के इच्छुक भक्तगण छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से जाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है और इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार 19 जनवरी को दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 1:00 बजे संभाग स्तरीय बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आहूत की गई है, जिसमें राम मंदिर दर्शन समिति के प्रदेश संयोजक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक और संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे साथ ही प्रदेश भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

ऑपरेशन कर बचाई महिला की जान

दुर्ग। जिला चिकित्सालय में एक गर्भवती महिला निवासी स्टेशन मरोदा 17 जनवरी को समय दोपहर 12 बजे जिला चिकित्सालय दुर्ग के एमसीएच विंग में भर्ती हुई। सिविल सर्जन डॉ. साहू के अनुसार जांच में पाया गया कि उनक बच्चादानी फट गया है, चिकित्सालय के डॉ बी.आर साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 17 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे बिना किसी विलम्ब के उनका आपरेशन कर जननी की जान बचाई गई इस आपरेशन में डॉ बसंत चौरसिया निःश्चेतना विशेषज्ञ द्वारा मरीज को बेहोश कर आपरेशन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की मदद

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 16 जनवरी 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।

जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में गुरूबारी पति स्व. बहुरसिंह, निवासी ग्राम थरगांव, तहसील सोनाखान, हरकेश निषाद पिता बृजमोहन निषाद, निवासी ग्राम बड़गांव, तहसील सोनाखान, शंकर लाल गोंड़ पिता भूरेलाल गोंड़, निवासी ग्राम बलौदा, तहसील टुण्डरा एवं सोमन ध्रुव पिता पुनितराम ध्रुव, निवासी ग्राम करही, तहसील सुहेला शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के जलाशय के पानी में डूबने, सर्पदंश, मिट्टी की दीवार अधिक बारिश होने के कारण अचानक धसकने से दबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

घटिया क्वालिटी की साड़ी लेने से आंबा कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने किया इनकार

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ियों में काम करने वाली सहायिका एवं कार्यकर्ताओं को राज्य शासन के द्वारा साड़ी परिधान दिया जा रहा है। यह साड़ी काफी गुणवत्ताहीन के साथ साथ पारदर्शी भी है। आज आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का आक्रोश देखने को मिला। यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका साड़ी को लेने से इनकार कर दिया है। वहीं आज महिला बाल विकास विभाग के पाटन परियोजना अधिकारी सुमित गंडेचा को ज्ञापन सौंपा है जिसमें बताया गया है की साड़ी की गुणवत्ता किस कदर खराब है। पारदर्शी होने के पहनने से लज्जा भी महसूस हो सकती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा अभी दिए जा रहे साड़ी का पहनने से विरोध किया है। क्योंकि यूनीफार्म (साड़ी) गुणवत्ताहीन एवं पारदर्शी (पतला) होने के कारण इसे पहनने में लज्जा एवं असहज महसूस कर रही है, लिहाजा सभी कार्यकर्ता व सहायिका ने सर्वसहमति से यूनिफार्म को लेने से इंकार किया है। कार्यकर्ताओं ओर सहायिकाओ ने बताया की शासन द्वारा प्रति साड़ी 400 रूपये भुगतान किया जाता है और अभी जो साड़ी दिया जा रहा है वह 100 रूपये के भी लायक नहीं है। इसलिए शासन द्वारा जितना राशि दिया जाता है उसके हिसाब से यूनिफार्म दिया जाय। ज्ञापन में कहा है कि इस गुणवत्ताहीन यूनिफार्म (साड़ी) को वापस कर अच्छी गुणवत्त का यूनीफार्म दिया जाए तब तक यूनीफार्म पहनने का दबाव न दिया जाए। महिला बाल विकास के पाटन परियोजना में कुल 267 आंगनबाड़ी स्थित है। इन आंगनवाड़ी केंद्रों में एक-एक कार्यकर्ता एवं सहायिका पदस्थ है ऐसे में इनकी संख्या 5 साल से भी अधिक है। जिस हिसाब से साड़ी को दिया जा रहा है उसकी गुणवत्ता को लेकर भी काफी आक्रोश नजर आ रहे हैं। वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के पदाधिकारी ने यह भी बताया है कि जिस साड़ी को दिया जा रहा है उसी को स्वीपर महिलाओं को भी दिया है।

गौरव दिवस के अवसर पर सुरेश वाडकर नाइट

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल 24 जनवरी को अपने स्थापना काल का उत्सव मना रही है। गौरव दिवस के इस अवसर पर, भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में, क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा सुरेश वाडकर नाइट का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 24 जनवरी को भिलाई क्लब के रॉयल क्रिस्टल गार्डन में, संध्या 7:30 बजे से किया जायेगा।

इस विशेष संगीत संध्या में पद्मश्री सम्मानित, बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर द्वारा लोकप्रिय व चर्चित गीतों की मधुर प्रस्तुति दी जायेगी। जहाँ सभी उपस्थित जन श्री वाडकर की मधुर आवाज में संगीत का आनंद ले सकेंगे। यह आयोजन भिलाई के संगीत प्रेमियों को समर्पित है। आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है। सेल अपने स्थापना काल से ही इस्पात उत्पादन और देश के विकास में भागीदार रहा है। सेल लोककला, संगीतकला आदि क्षेत्रों में ना सिर्फ काम कर रही है, अपितु प्रतिभाशाली व राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों का हमेशा सम्मान भी किया है। सुरेश वाडकर एक भारतीय पार्श्व गायक हैं। इन्होंने भोजपुरी फिल्मों, उड़िया एल्बम, भजन और कोंकणी फिल्मों में भी गाने गाए हैं। वे मैं हूँ प्रेम रोगी, मेरी किस्मत तू, मैं ही मैं हूँ, लगी आज सावन की, ओ प्रिया प्रिया आदि चर्चित गानों हेतु, इन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक के लिए नोमिनेट भी किया गया था। इसके अलावा उनके कई भक्तिपूर्ण गाने भी लोकप्रिय हुए हैं।

राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। हमर कुम्हारी राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता स्थानीय मिनीमाता स्टेडियम में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने किया। इस दौरान पार्षद थनेश पटेल, मनहरण यादव, जानकी ध्रुव, ललिता सोनकर, ओमप्रकाश यादव, लेखराम साहू व अन्य उपस्थित थे। खेल प्रारंभ करते हुए श्री सोनकर ने बॉलिंग और बैटिंग किया।

प्रतियोगिता में भाग लेने प्रदेशभर से 14 वर्ष के खिलाड़ी पहुंचें हैं। गौरतलब है कि 8 अलग- अलग टीमों के बीच 18 जनवरी से 2 फरवरी तक लगातार 16 दिनों तक 40-40 ओवर की ड्यूस बॉल से लीग मैच खेली जाएगी। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक एवं एनआईएस क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी ने बताया कि ड्यूस बॉल की यह पहली प्रतियोगिता है। उद्घाटन मैच प्रातः 9 बजे टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर और मनिग्रीवी क्रिकेट एकेडमी रायपुर के मध्य खेला गया जिसमें टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर ने दस विकेट से बड़ी जीत दर्ज की । ऑल राउंडर विष्णु दत्त को मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार रविन्द्र कुमार थापा सचिव प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा प्रदान किया गया।

सांसद व विधायक ने किया प्रतिमा अनावरण

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर पालिक निगम स्थित मैत्री नगर वार्ड में शहर के प्रथम परशुराम चौक पर लगे प्रतिमा का अनावरण किया गया। सांसद विजय बघेल व विधायक ललित चंद्राकर ने प्रतिमा का अनावरण किया। ट्वीनसिटी का यह पहला चैक है जहां परशुराम की प्रतिमा स्थापित की गई है। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के चार दिन पूर्व निगम द्वारा तैयार किए परशुराम चौक पर लगे भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण देर शाम किया गया। इस अवसर पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि यह रिसाली निगम व छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों के लिए हर्ष की बात है कि प्रतिमा का अनावरण दिन विशेष के कुछ दिन पहले हो रहा है। यह हम सब के लिए सौभाग्य है। वहीं विधायक ललित चंद्राकर ने सब के आराध्य परशुराम प्रतिमा अनावरण पर बधाई दी। विधायक ने कहा कि परशुराम भगवान के अवतार थे। सीता स्वयंवर में श्रीराम जी ने भगवान परशुराम का ही धनुष तोड़ माता सीता से विवाह किया था। खास बात यह है कि अयोध्या में चार दिन बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। उसके ठीक पहले हम अपने आराध्य की प्रतिमा का अनावरण कर रहे है। इस दौरान महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, एमआईसी अनूप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद सुनंदा पप्पू चंद्राकर, मनीष यादव, विधि यादव, धर्मेन्द्र भगत, माया यादव, रमा साहू, ममता सिन्हा, सविता ढवस, हरिश नायक, सारिका साहू, डॉ. सीमा साहू, जमुना ठाकुर एवं परशुराम विप्र सेवा समिति अध्यक्ष सुभाष तिवारी समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। निगम ने परशुराम विप्र सेवा समिति के अनुरोध पर यह चौक का निर्माण किया। चौक व प्रतिमा स्थापना में 16 लाख रूपए खर्च की गई है। तीन माह पूर्व चैक निर्माण करने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भूमिपूजन किया था।

एसडीएम ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सुरुचि सिंह ने मेतरा शहर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रम में वृद्धजनों से बातचीत की और आश्रम में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों ने बताया कि आश्रम छोटा होने के कारण जगह कम हैं, जिसमें हम 10 लोग रहते हैं। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि नया शासकीय बिल्डिंग खाली होगा तो आप सभी को वहां ले जाया जायेगा। उन्होंने कहा की इस संबंध में वे कलेक्टर से चर्चा कर आप सभी के लिए एक बड़ा सा वृद्धाश्रम उपलब्ध कराने की कोशिश करेंगे और ये भी कोशिश करेंगे कि आश्रम जिला अस्पताल के पास हो ताकि आप सभी के लिए अच्छा हो। वृद्धजनों ने बताया कि समय पर दिन में दो बार नास्ता मिलता हैं, भोजन भी

अच्छा मिलता है। निरीक्षण के दौरान आश्रम में-सफाई व्यवस्था ठीक पाया गया। इसके अलावा उन्होंने सभी की समस्याओं के बारे में पूछा जिस पर एक महिला ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि मेरा पेंशन राशि मिल रहा हैं, परंतु बैंक वाले मुझे बता नहीं रहे हैं कि कितना राशि मेरे अकाउण्ट में है।

एसडीएम ने संबंधित बैंक मैनेजर से संपर्क कर इस मामले में चर्चा की गई और उसकी समस्या का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

वीडियो कान्फेंसिंग से की समीक्षा

दुर्ग। सचिव (मंत्रीमण्डल), राष्ट्रपति भवन, भारत सरकार नई दिल्ली की अध्यक्षता में केन्द्रीय परियोजनाओं प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप पीएमजी के लंबित बिन्दुओं के संबंध में वीडियो कान्फेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी भी मौजूद थी। सचिव ने कलेक्टर को आईआईटी, भिलाई कैम्पस में आवासीय परिसर हेतु भूमि की वैकल्पित व्यवस्था संस्थान के निकट करने के निर्देश दिए।

सीईओ के दुर्व्यवहार से सचिवों में आक्रोश

■ जनपद सीईओ को हटाने कलेक्टर, जिपं सीईओ को ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। गोंडवाना भवन नगरी में सचिव संघ ब्लॉक शाखा नगरी की विशेष बैठक बुधवार को हुई। इसमें जनपद पंचायत के सीईओ के व्दारा सचिव से अभद्र व्यवहार किया गया। इससे ब्लाक सचिव संघ आक्रोशित है।

सचिव संघ अध्यक्ष अनीत ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ज्ञौरतलब है कि जनपद पंचायत नगरी सीईओ द्वारा बुधवार 17 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, जनपद स्टॉफ की उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के स्वागत को लेकर सभी लोगों की बीच में सीईओ लोकनाथ पटेल ने सचिव से अभद्रता पूर्वक व्यवहार कर गाली गलौज किया। पंचायत भवन में देख लेने की धमकी दी। तुम्हें देख लूंगा तुझे छोड़ूंगा नहीं करके धमकाया। ऐसा व्यवहार हमारे अन्य सचिव साथियों के साथ भी किया जा चुका है। वहीं जनपद पंचायत सीईओ के साथ कुछ और कर्मचारी जिनका स्थानांतरण हो चुका है उनमें से किसी को भी कर्मचारी को रिलीव नहीं किया गया है। सचिव संघ ने जनपद पंचायत के सीईओ को तत्काल हटाने की मांग की है। जिनका स्थानांतरण हो चुका है उन्हें रिलीव करने जिला पंचायत प्रशासत से मांग की। सचिव संघ ने कलेक्टर और जिपं सीईओ को जनपद पंचायत के सीईओ को हटाने का अल्टीमेटम दिया है।

अल्टीमेटम देने वालों में अध्यक्ष अनित कुमार मदन सेन किशुन भास्कर बलराम भोला राम दयालु शंकर राम भरोस थानसिग विष्णु नारायण मोहन नागेश आदि शामिल थे।

> जनपद पंचायत नगरी सीईओ लोकनाथ पटेल ने बताया कि मेरे दारा किसी भी प्रकार की गाली गलौज नहीं की गई। उनके द्वारा लगाए गए सारे आरोप गलत हैं।
>
> **लोकनाथ पटेल,** जनपद पंचायत सीईओ नगरी

स्वामी आत्मानंद स्कूल सिंगपुर में पालक और शिक्षकों की हुई बैठक

नगरी/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में कक्षावार पालकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विद्यालय प्रशासन एवम पालक मिलकर लगातार बच्चों की उपलब्धि पर न केवल चर्चा कर रहे हैं अपितु उन कारणों को भी खोज रहे हैं जिनके कारण बच्चे स्थानीय परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। विद्यालय में पालकों को आमंत्रित कर छःमाही परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का वितरण किया गया तथा उनकी उपस्थिति में बच्चों के सीखने सिखाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पालकों को यह भी कहा गया कि हर पालक को घर में शिक्षक की भूमिका निभाने की जरूरत है। बच्चों को सुबह जल्दी उठाकर पढ़ने के लिए कहना, विद्यालय से आने के बाद स्कूली गतिविधियों पर बातचीत,गृह कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने पर ज्यादा जोर दिया गया। विद्यालय की इस पहल को पालकों ने सराहा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्ही. पी. चन्द्रा ,आर के साहू, आर बी मारकोले, प्रेम साहू, डी के देवांगन,आर एस साहू,कल्याण कौशल,हेमलाल साहू सहित स्टाफ के सभी शिक्षक उपस्थित थे। पालकों की ओर से जिन पालकों ने मुख्यतः चर्चा परिचर्चा में भाग लिया उनमें मुख्यतः चिंताराम,हेमंत,चंद्रिका ,बसन्ती,चरणी बाई, मीना, नन्दनी, चंपा साहू, पवनकुमार, साम्वेल ग्वाल, जयलाल, चन्द्रहास, दिनेश आदि शामिल थे। ज्ञात हो कि कक्षावार पालकों को विद्यालय में आमंत्रित कर पालकों से निरंतर संवाद जारी है। संवाद होने से पालकों में हर्ष का माहौल है।

न्यूज गैलरी

पदुमतरा में 24 को मड़ई मेला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पदुमतरा में 24 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रि में शिव भोला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी करमतरा (जालबंधा) का कार्यक्रम रखा है। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू व सरपंच ललिता मोहन साहू ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

साहू समाज बांट रहा दीए

डोंगरगांव/नवप्रदेश। भारत भर में 22 जनवरी को खास बनाने व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनानें अनेकों कार्यक्रम किया जा रहा है।सभी अपने अपने तरीके से भगवान राम का स्वागत में जुटे है। राजनांदगांव जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के युवाओं ने 16 जनवरी से डोंगरगांव के ग्राम गुंगेरी नवागांव के प्रत्येक घर पहुंच कर 5 दीपक बांटे। उन्होंने अपने आंगन में दीप जलाकर उत्सव मनाने ग्रामीणों से आग्रह किया। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के यशवंत साहू, माधव साहू, जयंत साहू,भोज कुमार साहू व घनश्याम साव आदि सहयोग कर रहे हैं।

शातिर ठगबाज रायपुर से गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बैंक कर्मी ने ग्राहकों की सवा को करोड़ से अधिक की रकम को उनकी जानकारी और सहमति के बिना अपने खाते में ट्रांसफर कराया। इसकी रिपोर्ट प्रार्थीया ने बुधवार 17 जनवरी को पुलिस मेंदर्ज कराई। इस पर पुलिस ने गुरुवार 18 जनवरी को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल हुई। प्रार्थिया सुश्री बी अनुषा पिता बीटी शर्मा, निवासी एल-2 सनसिटी एन एक्स राजनांदगांव शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैक ऑफ इंडिया, राजनांदगांव द्वारा बुधवार 17 जनवरी को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी की, आरोपी आदेशराज भावे सिंगल विंडो आपरेटर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा, राजनांदगांव में शाखा का कर्मचारी के रूप कार्य करते हुए जिस बैंक के खातों में मोबाइल नंबर संलग्न नहीं था, उन ग्राहकों के खातों की रकम 23217000 (दो करोड़ बत्तीस लाख सत्रह हजार) रूपये अवैधानिक और अनाधिकृत रूप से कपटपूर्वक ग्राहकों की जानकारी व सहमति के बिना उनके खाते से अपने खातों में स्वयं के द्वारा खरीदे गये अलग-अलग मोबाईल नंबरों का उपयोग कर अपने बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया, जिसमें से कुछ ग्राहकों के खातों में वापस 9915000 (निन्यानबे लाख पंद्रह हजार) रूपये जमा किया गया। इस प्रकार कुल 13302000 (एक करोड तैतीस लाख दो हजार) रूपये दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2023 के मध्य गबन कर अपराधिक न्यासभंग करना बतायी। रिपोर्ट पर आरोपी आदेशराज भावे के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 48/2023 धारा 409, 420 भादंवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक, धनीराम नारंगे, प्रधान आरक्षक जी सिरिल, प्रख्यात जैन, रंजीत चौरसिया एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

ट्रकों से डीजल चोरी के गिरोह के चार बदमाश सहित खरीददार गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस ने बुधवार 17 जनवरी को सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों से डीजल चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार लोगों को पकड़ने में सफलता पाई है। हाईवे एवं सड़क किनारे सुनसान स्थान पर खड़े गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले चार शातिर युवकों के संबंध में जानकारी मिली, जिसे लालबाग पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के निशानदेही पर 200 लीटर डीजल, डीजल बिक्री के 8500 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन, टंकी तोड़ने के औजार और पाइप जप्त कुल कीमत 420000 रूपये का जप्त किया गया है। जानकारी के अनुसार दमन ट्रांसपोर्ट का संचालक मनदीप ऋसह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 जनवरी को ट्रांसपोर्ट के सामने खड़े उसके ट्रक से डीजल टंकी तोड़कर करीब 250 लीटर डीजल एक सफेद रंग के स्विफ्ट डिजायर कार में आये अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। डीजल चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया। प्रार्थी के बताये संदेही एवं लगाये मुखबिरों की सूचना पर साइबर थाना की पेट्रोलिंग ने 17 जनवरी 2024 को घेराबंदी कर रांची-झारखंड ढाबा के पास 4 लोगों को पकड़ा। चारों से डीजल चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने खड़े ट्रक से डीजल चोरी करना स्वीकार किए, जिसे भिलाई के पवन कुमार साव को बिक्री करना बताये। भिलाई निवासी पवन कुमार साव अपने घर भिलाई में चारों चोर को आश्रय दिया था, जिनसे वह खड़ी गाड़ियों मे डीजल चोरी कराकर डीजल खरीदता था। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 200 लीटर डीजल, डीजल बिक्री के 8500 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन, टंकी तोड़ने के औजार और पाइप जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

विघटनकारी भाजपा से देश को बचाना ही कांग्रेस का मूल उद्देश्य : दीपक

- प्रदेश सरकार की विफलताओं की लोगों को दे जानकारी
- दस वर्षों में जनता को महंगाई, बेरोजगारी का दंश दिया भाजपा ने

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तैयारी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इस परिप्रेक्ष्य में एआईसीसी से नियुक्त राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक दीपक दुबे राजनांदगांव पहुंचकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी सहित विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस जनों की आवश्यक बैठक लेकर पार्टी के दिशा निर्देश से अवगत कराया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व लोकसभा संचार प्रभारी रुपेश दुबे ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर राजनांदगांव लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कांग्रेस जनों को चार्ज करने दीपक दुबे का आगमन हुआ। लोकसभा पर्यवेक्षक श्री दुबे ने कहा कि आज जिस प्रकार से देश में अराजकता के हालात हैं उसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार दोषी है। एक तरफ जहां आम जनता महंगाई से त्रस्त है। वहीं दूसरी ओर युवा बेरोजगारी से ग्रसित हैं। भाजपा सरकार के झूठे वादे एवं मोदी की गारंटी की असफलता को लेकर आम जनता के बीच पहुंचकर किसानों को 31 सौ रुपए का नगद भुगतान न होने, महतारी वंदन योजना का अतापता नहीं होने एवं अयोध्या दर्शन के नाम पर मात्र एक वर्ष में 20 हजार लोगों का सशर्त चयन करना छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा है। आदि सभी मुद्दों के साथ हमें प्रत्येक बूथों में जाकर भाजपा की पोल खोलनी है।

आभार व्यक्त शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने किया। बैठक में विधायक भोलाराम साहू, हर्षिता बघेल, छाया विधायक गिरीश देवांगन, प्रदेश महामंत्री शाहीद भाई, थानेश्वर पाटिला, पूर्व विधायक छन्नी साहू, प्रकाश यादव, भुनेश?वर बघेल, महापौर हेमा देशमुख, पद्म कोठारी, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया,कमलजीत सिंह पिंटू, आफताब आलम, दिनेश शर्मा, निखिल द्विवेदी, शारदा तिवारी, माया शर्मा, चित्रलेखा वर्मा, विकास त्रिपाठी, इकरामुद्दीन सोलंकी, हनी ग्रेवाल, वीरेंद्र बोरकर, अंगेश्वर देशमुख, रितेश जैन, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, रतन यादव, कोमल साहू, चेतन साहू, अब्दुल खान, घनश्याम देवांगन, संध्या देशपांडे, गोपीचंद गायकवाड़, सिद्धार्थ डोंगरे, सुरेश सिन्?हा, अशोक फड़नवीस, राजू सिंह राजपूत, रमेश खंडेलवाल, राहुल तिवारी, महेंद्र दाऊ, यशवंत तिवारी, विनय झा, विपिन यादव, अरशद खान, श्रुति शुक्ला, आरती महोबिया, हरिश भंडारी, चंद्रकला देवांगन, अभिमन्यु मिश्रा, तुकज साहू, संदीप जायसवाल, हितेष गोर्नाडे, सरेंद्र देवांगन, अतुल भारद्वाज, सीमा यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री अमित चंद्रवंशी एवं अजय मारकंडे ने किया।

सीएम साय किसान सम्मेलन और अभिनंदन कार्यक्रम में हुए शामिल

- शिशुओं को कराया अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट
- स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कोदो, कुटकी और रागी से बनी लड्डू, कुकीज भेंट की

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार ग्राम कुसुमघटा में किसान सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग और वन विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। उन्होंने स्टॉल में गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट तथा किशोरियों को उपहार प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी मुख्यमंत्री के साथ स्टालों का अवलोकन किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट से विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए हैं। रेडी टू ईट से ही खुरमी, सलोनी, गुलगुला, अनरसा, अइरसा, बर्फी, सोहारी, चीला, सलोनी, हलवा, लड्डू सहित विटमिन से भरपूर फलों की प्रदर्शनी लगाई गई। स्टॉल में पोषण अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की भाजी पालक, गोभी भाजी, तिवारा भाजी, लाल भाजी, मेथी भाजी, करामता, चना भाजी, मूलीभाजी, चौलाई भाजी, सुनसुनिया भाजी सहित फलों की प्रदर्शनी लगाई गई। वन विभाग के स्टाल में मुख्यमंत्री साय को स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कोदो, कुटकी और रागी से बनी लड्डू, कुकीज भेंट की। विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री वनधन योजना अन्तर्गत ज़िले की आदिवासी महिला समूह शिव शक्ति द्वारा अन्नपूर्णा माहुल पत्ता से दोना पत्तल और नाश्ता प्लेट बना कर आमदनी अर्जित कर रही हैं। वहीं वन धन योजना में जय देव ठाकुर, जय माँ शीतला महिला समूह और नई किरण स्व सहायता समूह हाट बाज़ार से कच्चे लघु वनोपज से संग्रहण के बाद साफ़-सफ़ाई कर विभिन्न प्रकार के खाने की सामग्री बना रही हैं। समूह की महिलाएं कोदो, कुटकी, रागी से लड्डू, कुकीज़, चावल और आटा का निर्माण करती हैं। समूह शहद प्रसंस्करण का कार्य भी करता है। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, बिसराम यादव, पवन साय, अजय जामवाल उपस्थित थे।

बच्चों को बचपन में ही भक्ति की दें प्रेरणा : पं श्रीकांत

नवागढ़/नवप्रदेश। मारो नगर के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण के दौरान महराज पंडित श्रीकांत पाठक ने बताया कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया।

भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। पंडित श्री पाठक जी ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है।

जूनी सरोवर मेला ढनढनी का होगा आयोजन : बघेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवागढ़ के ग्राम ढनढनी में एक दिवसीय जूनी सरोवर मेला 25 जनवरी को होना है। आज एक दिवसीय जूनी सरोवर मेला की तैयारियों का जायजा लेने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयाल दास बघेल मेला स्थल पहुँचे। कलेक्टर रणबीर शर्मा और ज़िला अधिकारी साथ थे। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधीश ने होने वाले आयोजन के संबंध मे सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले लोगों को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

17 से 25 जनवरी तक छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण व विशाल मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। मेला स्थल पर सरोवर के उत्तर-पश्चिम में बूढ़ा महादेव का मंदिर है जिसके ऊपर दुर्गा माता का मंदिर है। बूढ़ा महादेव के पूर्व में काली मां व हनुमान का मंदिर हैं। बूढ़ा महादेव के पश्चिम में यज्ञ स्थल है। यज्ञ स्थल के दक्षिण में ज्योति कक्ष व मंच है। जूनी मेला परिसर 14 एकड़ में फैला हुआ हैं। इस मेले में आस-पास के लोगों के साथ दूर-दूर के आस्थावन पर्यटक भी पहुँचते हैं। उन्होंने मेला स्थल, सरोवर, हेलीपेड, मंच व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि वे अपने सफाई कर्मचारियों को मेला स्थल में तैनात करें। सरोवर की साफ सफाई कराने, मंदिर परिसर और सरोवर के चारो तरफ पौधे लगवायें। मंदिर के टूटे हुए गेट एवं रेलिंग को सही करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मण्डावी, एडीएम डॉ. अनिल बाजपेयी, नवागढ़ एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी विजय सिन्हा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, प्रह्लाद रजक, मोंटी साहू ,विकाश तंबोली, गौरव साहू, धर्मेंद साहू, निलू राजपूत, निखिल साहू, राकेश मोहन शर्मा, सरपंच प्रतिनिधिगण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एसडीएम कार्यालय में लगेगा सोमवार को जनदर्शन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में डोंगरगांव एसडीएम कार्यालय तहसील कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय डोंगरगांव में हर सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा डोंगरगांव क्षेत्र की जनता अब सीधे कार्यालय पहुंचकर कोई भी आवेदन और शिकायतें निराकरण के लिए जनदर्शन कार्यक्रम में आवेदन देकर निराकरण करवा सकते हैं अब क्षेत्र के ग्रामीणों को अपनी समस्या को लेकर राजनांदगांव जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी हर सोमवार को जनदर्शन आयोजन में एसडीएम असवन कुमार पुसाम जनपद पंचायत के सीईओ नवीन कुमार तहसीलदार पी एल नाग नायब तहसीलदार जेपी खुटे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गायत्री मंदिर में रामायण पाठ

डोंगरगांव/नवप्रदेश। श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी की प्रतीक्षा हो रही है। उससे पहले ही चहुंओर उत्साह और उमंग का वातावरण है। अयोध्या से आया पीला अक्षत के साथ प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र बांटा जा रहा है। गायत्री मंदिर में भी 22 जनवरी के दिन को ऐतिहासिक दीपोत्सव पर्व के रूप में मनाने की तैयारी की गई है। इससे पहले मंदिर में महिला मंडली द्वारा अयोध्या में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 28 दिसंबर से रोज रामायण पाठ किया जा रहा है। इनमें प्रमुख रूप से श्रीमती हीरामणी गुप्ता, शांति सोनी, ऊषा नामदेव, सीता गुप्ता, चंदा तिवारी, जयंती रावटे, भुनेश्वरी भुआर्य, प्रतिभा साहू, ललिता शर्मा, ज्योति शर्मा, गंगा अग्रवाल, आशा महाजन, मंजू, निशा पंजवानी, अनुराधा शांडिल्य, चंद्रकांति साहू, धापूबाई गांधी, माला, उर्मिला, शशि, नीलिमा यदु आदि की शामिल हो रही है।

खेल- खेल में बच्चों को सिखाने, माताओं को दिया प्रशिक्षण

डोंगरगांव/नवप्रदेश। संकुल स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा कोकपुर में गुरुवार 18 जनवरी को संकुल स्तरीय एक दिवसीय अंगना में शिक्षा माता उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल कोकपुर व आसरा के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। यह प्रशिक्षण सीआरजी कोनिका सोनी व क्न्न ममता बोरकर के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि माह जनवरी में इकाई-दहाई की समझ विकसित करने हेतु लकड़ी के बंडल बनाकर गिनना व हिंदी विषय मे अक्षर कार्ड से शब्द बनाने की गतिविधि, फरवरी माह में आवाज पहचानों अंक बताओ इस खेल के द्वारा गिनती सिखाना व कुर्सी दौड़ संग बातें खेल से बच्चों को विषय से जोड़ना सिखाया जाएगा तथा मार्च माह में गोटे के खेल से जोड़ का ज्ञान तथा हिंदी विषय में रिंग के खेल से बच्चों में भाषाई कौशल का विकास करना है इत्यादि सम्मिलित है। शैक्षणिक गतिविधियों के तहत गणित व हिन्दी के विषयों को खेल-खेल में स्थानीय सामग्रियों से जोड़कर माताएं कैसे बच्चों को सीखा व पढ़ा सकती है, इस संबंध में जानकारी दी गई। वहीं आयोजित होने वाले मड़ई तिहार के संबंध में भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान निरीक्षण हेतु डीएमसी सतीश व्यौहारे व एपीसी रफीक मोहम्मद अंसारी व बीआरसी अरविन्द रत्नाकर उपस्थित थे।

प्राण प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनाने की अपील

बेमेतरा/नवप्रदेश। अयोध्या राम मंदिर 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने-अपने वार्ड एवं गांव-गांव को राममय बनाने के लिए अक्षत सहित आमंत्रण बेमेतरा वार्ड नंबर 1 व 2 में पिकरी, मानपुर पारा में राम नाम संकीर्तन के साथ सभी को आमंत्रित करते हुए 22 तारीख को अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में साफ सफाई, लाइटिंग, रंगोली, दीप प्रज्वलित कर दीप दान एवं दिवाली त्यौहार मनाने की अपील किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, भाजपा नेता अनिल रजक, अधिवक्ता बृजमोहन शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि यशवंत लहरे, दीपक गुप्ता, कोमल यादव, महेश सिन्हा, अशोक साहू, धरमू वर्मा, तारण वर्मा, रमाकांत गुप्ता, देवेन्द्र साहू, मोहित साहू, अजय वर्मा सहित वार्डवासी सम्मिलित हुए।

लक्ष्य बनाकर पढ़ने से मिलती है सफलता : दीपेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक दीपेश साहू ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के बालक हाई स्कूल द्वारा आयोजित ÷स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव समारोह÷ में शामिल हुए। विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूली बच्चों की देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देखी और बच्चों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। विधायक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। समय का सदुपयोग करें, पढ़ाई में ध्यान दे। श्री साहू ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मुझे सेवा के लिए आप लोगों ने विधायक चुनकर विधान सभा में भेजा है, मुझे विद्यालय परिवार ने याद किया इसके लिए आभार व्यक्त करता हूँ और मै क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास के लिए पुर्णतः संकल्पित होकर काम करुगा और हर दुखसुख में हमेशा साथ रहुगा।तत्पश्चात शाला प्रबंधन समिति की पूरी टीम के द्वारा बेमेतरा के नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू को विधायक बनने पर मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, मोंटी साहू, विकास तंबोली, नीतू कोठारी, परमेश्वर साहू, तुषार साहू, योगेश वर्मा, सत्या साहू, गौरव साहू, धर्मेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

भारत की इस्पात मांग को पूरा करने के लिए एनएमडीसी प्रतिबद्ध

हैदराबाद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी घरेलू इस्पात मार्केट की निरंतर बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लौह अयस्क उत्पादन में वृद्धि कर रहा है और निर्यात के बगैर उच्च बिक्री आय अर्जित कर रहा है । भारत सरकार की सबसे सम्मानित और भरोसेमंद कंपनियों में से एक, एनएमडीसी ने चीन को अयस्क निर्यात करने का कोई प्रस्ताव नहीं रखा है, जैसा कि रॉयटर्स द्वारा चलाई गई एक रिपोर्ट में आधारहीन दावा किया गया है । बिजनेस मीडिया के साथ हाल की वार्ताओं में कंपनी ने कहा है कि लौह अयस्क के लिए भारत की आवश्यकता ऐतिहासिक रूप से उच्च-स्तर पर है और एनएमडीसी घरेलू इस्पात निर्माताओं की खपत की मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है । निर्यात के आर्थिक समीकरण पर बोलते हुए कंपनी ने कहा है कि यद्यपि लौह अयस्क निर्यात की कीमतों में वृद्धि का रूझान दिखाई दे रहा है, लेकिन घरेलू बाजार में शुद्ध बिक्री अर्जन बेहतर है ।

न्यूज गैलरी

26 और 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सरगुजा द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी एवं महात्मा गांधी निर्वाण दिवस 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। दोनों दिवस के लिए जिले के समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानें, एफ.एल.8 एवं मद्य भाण्डागार बंद रखी जावेगी। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा।

कलेक्टर-एसपी ने शिवरीनारायण की देखी तैयारी

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिवरीनारायण में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का गुरूवार को अवलोकन किया। कार्यक्रम स्थल पर उन्होंने मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, बेरिकेडिंग करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीएम ज्ञानेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

डीएलएड छात्रों के लिए मॉक टेस्ट संपन्न

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अम्बिकापुर में अध्ययनरत डीएलएड छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। मॉक टेस्ट का आयोजन उन सभी छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक होगा जो आगामी सीटीईटी और सीजीटीईटी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं। मॉक टेस्ट का आयोजन शासकीय डाईट संस्थान अम्बिकापुर में किया गया। आगामी सीटीईटी और सीजीटीईटी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए इस मॉक टेस्ट के लिए 2:30 घण्टे का समय निर्धारित किया गया था जो प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1:30 के दौरान आयोजित किया गया, इसमें सीटीईटी और सीजीटीईटी दोनो परिक्षाओं के पैटर्न के अनुरूप प्रश्न शामिल किए गए। इस दौरान डाईट अम्बिकापुर के प्राचार्य शशि सिंह, पीएसटीई इंचार्ज ओंकार नाथ तिवारी और डाईट के फैकल्टी एसपी पैकरा, अशोक पाण्डेय, पुष्पा सिंह, श्रीमती पूनम सिंह, मीना शुक्ला, केसी गुप्ता एवं अन्य समस्त स्टॉफ मौजूद रहे और अपनी निगरानी में इस मौके टेस्ट का सफलता पूर्वक संचालन कराया। डाईट प्रिंसिपल श्रीमती शशि सिंह ने बताया यह मॉक टेस्ट छात्रों को परीक्षा के वास्तविक स्वरूप से परिचित कराने और उनकी तैयारी का आकलन करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। स्टरलाईट एडइंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी डीएलएड संस्थानों के छात्राध्यापक इस मॉक टेस्ट में निःशुल्क भाग ले सकते है।

जिपं सीईओ ने शिविर का किया निरीक्षण

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गुरूवार को जिले के ग्राम पंचायत जर्वे, पिसौद, पीथमपुर, अफरीद, पचौरी, तालदेवरी, सिलादेही, केरा, तुलसी, खैरताल, नवागढ़, सेमरा, तिलई, खटोला, कोटगढ़, बुचीहरदी सहित विभिन्न ग्राम पंचायत अंतर्गत लगाये आयुष्मान कार्ड मेगा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान कार्ड मेगा कैंप पहुचकर चल रही प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने शिविर के माध्यम से सभी का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आयुष्मान कार्ड नागरिकों के बनाने के निर्देश दिए।

गर्भवती माताओं की कराई गई गोद भराई

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डी.राहुल वेकंट के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री की शासकीय योजनाओं का प्रचार रथ आज जिले के विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम पंचायत मुगम तोलगा में पहुंचा। शिविर स्थल पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत योजनाओं के फायदे के बारे में बताया। इससे उनके जीवन में क्या परिवर्तन हुए सभी ने अपना अनुभव शिविर में उपस्थित लोगों के साथ साझा किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। इसके साथ ही छोटे-छोटे बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केंद्र सरकार की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और वितरण किया गया। स्टाल में बड़ी संख्या में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। कृषि विभाग के स्टॉल में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक कीटनाशक के उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का केवाईसी किया गया। स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, आजीविका मिशन, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना आदि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही योजना के लाभ से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। स्वास्थ्य टीम द्वारा टीबी, सिकल सेल की जांच की गई और आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

रामगढ़ में भी उत्सव की तैयारी

जिले में भी होंगे विभिन्न कार्यक्रम

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने रामगढ़ पहुंचकर 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-समारोह के मद्देनजर राज्य शासन द्वारा राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के निर्देश अनुरूप कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत चिन्हित स्थल रामगढ़ में 22 जनवरी को दीप प्रज्जवलन, दीपदान, मानस मंडलियों का मानस गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित आनंद मेला, प्रकाश व्यवस्था आदि का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर भोस्कर ने अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सौंपे गये दायित्वों का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। स्थल की साफ-सफाई, विभागीय स्टॉल, आनंद मेला का आयोजन, सहित भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम पर कलेक्टर ने विभागों को निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-समारोह के मद्देनजर राज्य शासन द्वारा राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजन किए जाने तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम के आयोजन में नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों, ट्रस्ट, मंदिर समितियों की भागीदारी भी रहेगी। आयोजन में प्रत्येक जिला, विकासखण्ड स्तरीय संस्थानों, धार्मिक ट्रस्टों, मंदिर समितियों के साथ समन्वय करके उनके सहयोग के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाना है। नगरीय निकायों ग्राम पंचायतों को इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उक्त दिवस में भवनों मे प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

गैंगरेप के तीन आरोपियों को कोर्ट ने दी 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

सक्ती/नवप्रदेश। फास्ट ट्रैक कोर्ट शक्ति के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने नाबालिक बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अभियुक्तगणो के विरुद्ध आरोपित अपराध दोष सिद्ध पाए जाने पर सभी तीनों अभियुक्त गणो को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय पारित किया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने बताया कि नाबालिक अभियोक्त्री घटना दिनांक 13 .5. 2023 की रात्रि खाना खाकर अपने घर के बाहर टहल रही थी तभी रात्रि लगभग 9॰30 बजे अभियुक्त युवराज साहू और विक्की सागर मोटरसाइकिल में आए और पीड़िता को बहला फुसलाकर भगाकर उसे अपने साथ बिठाकर तालाब तरफ ले गए और वहां पर अभियुक्त युवराज ने अभियुक्त रविंद्र बरेठ को फोन कर बुलाया तथा अभियोक्त्री की सभी कपड़ा खोल दिया जिससे पीड़िता चिल्लाती रही तथा अभियुक्त गण बारी - बारी से पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाये । रात्रि लगभग 11॰30 बजे पीड़िता अपने घर वापस आई और घटना को अपने परिवार को बताई । थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया गया जिस पर आरोपी पर अपराध एवं लैंगिक अपराध के तहत पंजीबद्ध कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा एवं विवेचना उपरांत उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय एफ टी एस सी कोर्ट शक्ति में अभियोग पत्र दाखिल किया। विशेष न्यायालय शक्ति ने उभय पक्षों को पर्याप्त समय अपने पक्ष रखने के लिए देने के पश्चात तथा अभियोजन एवं अभियुक्त पक्ष के अंतिम तर्क श्रवण करने तथा संपूर्ण विचारण पूर्ण होने के पश्चात विशेष न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया।

ठेका कंपनी के खिलाफ बिजली सब स्टेशन के ऑपरेटरों ने मोर्चा खोला मोर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। प्राइम वन वर्क फोर्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के खिलाफ सब स्टेशन ऑपरेटरो ने मोर्चा खोला है। कर्मचारियों ने सिटी कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। थाना प्रभारी ने उन्हें आस्वस्त किया कि उनका बकाया राशि दिलाया जाएगा और आवश्यकता अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कर्मचारियों ने बताया कि विद्युत विभाग के 33/11 केवी सब स्टेशन ऑपरेटर ठेका कर्मचारी मुंगेली जो विद्युत विभाग में बाह्य स्त्रोत के माध्यम से सेवा प्रदान करते है। इन सभी कर्मचारियों से पिछला ठेका कंपनी प्राइम वन वर्क फोर्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल प्रत्येक ऑपरेटर से 10,000 रुपये की सुरक्षा निधि टेंडर समाप्ति पर वापसी के शर्त में डीडी के माध्यम से जमा कराया था। जो कुल 16 लाख से ऊपर है उक्त कंपनी का ठेका दिसम्बर 2018 से मई 2021 को समाप्त हो गया है। वापसी के शर्त में लिया गया सुरक्षा निधि का रुपये वापस नहीं किया गया है। इसकी सूचना विभाग से लेकर शासन-प्रशासन और प्राइम वन कंपनी को पिछले साल से दिया जा रहा है लेकिन वहां से अभी तक कोई जवाब नहीं मिल रहा है, सभी कर्मचारियों को पिछले 2 साल से गुमराह किया जा रहा है। सभी सब स्टेशन ऑपरेटर खुद को ठगी किया हुआ महसूस कर रहे है और इसको लेकर सभी कर्मचारियों में कंपनी के खिलाफ भारी नाराजगी हैं।

मेहमान प्रवक्ता पद हेतु 5 तक आवेदन आमंत्रित

अंबिकापुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता पद हेतु 05 फरवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर हेतु एम्पलायबिलिटी स्कील के 01पद, वर्कशॉप केल्कूलेशन एवं इंजिनियरिंग ड्राइंग के 02 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसी प्रकार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लखनपुर में कोपा के 1 पद, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अम्बिकापुर में हिन्दी स्टेनो के 1 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सीतापुर में वर्कशॉप केल्कूलेशन एवं इंजिनियरिंग ड्राइंग के लिए 1 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मैनपाट में फिटर के लिए 2 पद एवं वर्कशॉप केल्कूलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के लिए 1 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गए हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लुण्ड्रा हेतु कम्पयूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्क मेनटेनेंस के 1 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है।

शिवरीनारायण से अयोध्या ले जाए जा रहे शबरी के बेर

जांजगीर/नवप्रदेश। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश भर में उत्साह का माहौल है। 22 जनवरी का दिन ऐतेहासिक दिन बनने जा रहा हैं राम भक्तो और सनातनियो में खासा उत्साह नजर आ रहा हैं। इसी कड़ी में जांजगीर-चाम्पा जिले के धर्म एवं आध्यात्मिक नगरी माता शबरी की जन्मभूमि के नाम से शिवरीनारायण को जाना जाता हैं। शिवरीनारायण से भगवान राम को माता शबरी कि नगरी के बेर अयोध्या ले जाया जा रहा है। बुधवार को भगवान शिवरीनारायण मंदिर में पूजा अर्चना कर यात्रा की शुरुआत की गई। शिवरीनारायण माता शबरी की जन्मभूमि है। 14 वर्ष की वनवास के दौरान जब भगवान राम भाई लक्ष्मण के साथ माता सीता की खोज में निकले थे, तब माता शबरी ने उन्हें अपने जूठे बेर खिलाए थे।

यात्रा में शामिल लोगो ने बताया कि अनूप यादव के नेतृत्व में शिवरीनारायण से शबरी के बेर अयोध्या ले जाए जा रहें हैं। शिवरीनारायण से जांजगीर नैला, कोरबा, दीपका, कटघोरा, अम्बिकापुर, बनारस होते हुए यात्रा अयोध्या पहुंचेगी। 17 जनवरी को यात्रा शिवरीनारायण से निकाली गई है जो 20 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। बुधवार दोपहर भगवान शिवरीनारायण मंदिर में पूजा अर्चना कर यात्रा की शुरुआत की गई। भगवान शिवरीनारायण मंदिर के पास सुसज्जित बघ्घी में भगवान राम व माता शबरी के तैलचित्र के साथ टोकरियों में बेर रखकर फूल मालाओं से सजाकर भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गई। गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा भगवान शिवरीनारायण मंदिर के सामने से निकलकर मध्यनगरी चौक, न्यू मार्केट, नटराज चौक, मेन रोड, शबरी चौक, बस स्टैण्ड, खरौद रोड होते हुए आगे बढ़ी। शोभायात्रा में हाथों में भगवा ध्वज लिए भक्तों ने जय श्री राम, जय जय श्री राम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

मेले को लेकर बच्चों में उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में व्यापार मेला का आकर्षक साज-सज्जा के साथ शुभारंभ हुआ। मेले का शुभारंभ अतिथि स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने किया। उन्होने कहा कि वर्ष भर की प्रतीक्षा का समापन आज हो गया। मेले में झूला को लेकर बच्चों में काफी उत्साह रहा।

पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व मां भारती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष भर की प्रतीक्षा का आज समापन हुआ है। चुनाव के कारण एक माह विलंब से शुरू हुआ लेकिन शानदार शुरुआत है। मैं स्टार्स आफ टुमारो टीम को बधाई देता हूं। इस अवसर पर स्टार्स आफ टुमारो के संरक्षक शिवप्रताप सिंह ने कहा स्टार्स आफ टुमारो टीम ने शहर को वास्तव में एक त्यौहार दे दिया है। जिसकी प्रतिक्षा शहर के लोग वर्ष भर करते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा आठवें वर्ष में और अधिक रौनक देखने को मिल रही है। मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं। इस अवसर पर मंच से नगर पालिका परिषद के प्रभारी अध्यक्ष मोहन मल्लाह ने कहा कि मुंगेली व्यापार मेला, मुंगेली वालों के लिए मेला नहीं एक उत्सव है। स्टेज को देखकर लगता है कि इस बार वातावरण राममय हो गया है।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के महामाई वार्ड एवं सरदार पटेल वार्ड में अयोध्या राम मंदिर से आये हुये अक्षत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड के कार्यकर्ता सुरेन्द्र सोनी, चंद्रिका सोनी, प्रवीण सोनी, आकाश सोनी, अन्नू साहू, रविन्द्र केसरवानी, योगेश ताम्रकार, गोलू देवांगन, विजय, छोटा चैहान आदि कार्यकर्ता जुटे हुए है।

महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता (स्वीप) के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला मुख्यालय स्थित डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय एसएनजी महाविद्यालय, शासकीय महाविद्यालय फास्टरपुर, शासकीय महाविद्यालय जरहागांव, शासकीय महाविद्यालय पथरिया, शासकीय महाविद्यालय लोरमी सहित जिले के महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ''मेरा वोट मेरा भविष्य एक वोट की शक्ति'' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया और महाविद्यालयों में पोस्टर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उप निर्वाचन अधिकारी ने बताया महाविद्यालय स्तर पर निबंध, रंगोली, लघु फिल्म निर्माण, पोस्टर, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता आयोजित किए गए।

108 महाकुण्डीय यज्ञ का भूमिपूजन

मुंगेली/नवप्रदेश। कृषि महाविद्यालय के सामने ग्राम चलान चातरखार में 108 महाकुण्डीय यज्ञ का भूमिपूजन बाल साध्वी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि के नेतृत्व में किया गया। ग्राम चातरखार में 27 फरवरी से 6 मार्च तक 108 महाकुण्डीय यज्ञ, श्री शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन होगा। जिसमें भारत के सभी संतो का आगमन होगा। शिव कृपा पात्र विख्यात शिवपुराण प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा का आगमन 4 से 6 मार्च को आगमन हो रहा है। जिसकी तैयारी में भक्तजन जुटे हुए है।

हरि लीलामृत सेवा संस्थान दक्षिण कोसल पीठ के तत्वावधान में मुंगेली में पहली बार 108 महाकुण्डीय यज्ञ, श्री शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन होगा। 27 फरवरी से 6 मार्च तक भारत के सभी संतो का आगमन होगा। शिव कृपा पात्र विख्यात शिवपुराण प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा का आगमन 4 से 6 मार्च को होगा। बाल साध्वी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि के नेतृत्व में 27 फरवरी से भव्य कलश यात्रा बीआरसाव हाईस्कूल मैदान, हरेश्वर महादेव मंदिर शिक्षक नगर मुंगेली से प्रारंभ होगी। ग्राम चलान चातरखार में 108 महाकुण्डीय यज्ञ का भूमिपूजन बाल साध्वी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, शिव प्रताप सिंह, हरि कपूर सिंह, नरेंद्र सिंह राजपूत, संजय गोस्वामी, किशोरी लाल केशरवानी, बलराम सिंह, झम्मन शाहू, चलान सरपंच ग्राम चातरखार के सभी प्रतिष्ठितजन उपस्थित रहे।

संकल्प यात्रा 14 हजार से ज्यादा हितग्राहियों ने बताया कैसे एक योजना से बदली उनकी जिंदगी

गैस चूल्हे पर खाना बनाना सपने जैसा लगा था

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार की योजनाओं से आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न शिविरों के आयोजन किए गए जहां लोगों को योजनाओं का लाभ मिला, साथ ही ÷मेरी कहानी मेरी जुबानी÷ के तहत 14 हजार से ज्यादा योजनाओं से पहले से जुड़े लोगों ने बताया कि शासन की योजनाओं से उनके जीवन में सुखद बदलाव आए।

अर्चना बताती हैं कि पहले खाना बनाने में जो समस्या होती थी, अब वो पूरी तरह खत्म हो गई है। चूल्हे में खाना बनाने से धुंए की वजह से स्वास्थ्य पर भी खराब असर पड़ रहा था। कभी-कभी कई कारणों से इतना समय लगता था कि बच्चे भूखे सो जाते थे, आज प्रधनमंत्री उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन मिला है। मैं बहुत खुश हूं, अब ना ही धुंए की समस्या रही और खाना भी जल्दी बन जाता है।ग्राम भुसु की अमृता तिर्की बताती हैं कि गर्भावस्था के दौरान डॉक्टरों ने मुझे ऑपरेशन करवाने कहा। तब हमारे पास इतने पैसे नहीं थे कि ऑपरेशन करवा पाते, आयुष्मान कार्ड से मुफ्त में मेरा ऑपरेशन हुआ और मेरे घर पुत्र के रूप में खुशियां आयीं। ग्राम सुमेरपुर केंद्रा की किरण कुजूर ने बताया कि जब वह गर्भवती थी तो आंगनबाड़ी वाली दीदी स्वयं उनके घर आई और उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के बारे में जानकारी दी। मैंने तुरंत योजना का फार्म भरा, जिससे मुझे 5 हजार रुपए की सहायता राशि मिली। मैंने इन पैसों से पौष्टिक आहार खरीदकर सेवन किया, आज मैं और मेरा पुत्री दोनों स्वस्थ हैं। इस योजना के लिए मैं प्रधानमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

जागरूकता के लिए निकली रैली

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से 34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी की अगुआई में समस्त यातायात नियमों का पालन करते जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से नेशनल हाईवे 49 से कंचनपुर होते हुए कचहरी चौक सक्ती में समाप्त हुआ जहां उन्होंने सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया एवम हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने एवम सुरक्षित यातायत नियमों का पालन करने की अपील की। यातायात जागरूकता रैली में कलेक्टर, एस पी, अपर कलेक्टर,सयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवम अन्य कार्यालयीन स्टाफ शामिल थे।

न्यूज गैलरी

विस अध्यक्ष को भेंट किया चरण पादुका

भाटापारा/नवप्रदेश। डा, रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष को विश्व रामायण महाकोष रामायण विश्वविद्यालय का संस्थापक डा, प्रदीप सिंह डा, राज्य सिंह, डा, नीलम, डा, रामेश्वर वर्मा ,जनपद सभापति भाटापारा, अंतरराष्ट्रीय पार्श्व गायक, साहित्यकार, गीतकार डा, ललित सिंह ठाकुर , लकखी वर्मा सरपंच प्रतिनिधि मांवली महोत्सव सिंगारपुर ,सांस्कृतिक प्रभारी रवि वैष्णव आदि ने सौजन्य भेंट किया तथा सिंगारपुर रामायण विश्वविद्यालय की गतिशील की जानकारी दी । विधानसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाये देते हुए भगवान के ससुराल की शाल, चांदी की भगवान का चित्रण , चरण पादुका भेंट किया ।

कुराश खिलाड़ियों को किट वितरित

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला कुराश संघ द्वारा कुराश खिलाड़ियों को किट वितरण किया गया। जिला कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि नेशनल सब जूनियर कुराश चम्पियनशिप इंदौर एवं सीनियर नेशनल कुराश चम्पियनशिप सहारनपुर में भाग लेने वाले बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कुराश खिलाड़ियों को जिला कुराश एसोसिएशन संरक्षक डॉ विकास आडिल , जिला कुराश एसोसिएशन के डायरेक्टर अदित्य सिंग ठाकुर , जिला कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ,बलवंत सिंह सलूजा पूर्व अध्यक्ष गुरुद्वारा सिंह सभा ,मन महेंद्र सिंह चावला पूर्व उपाध्यक्ष गुरुद्वारा सिंह सभा ,राजा गुम्बर पूर्व सचिव गुरद्वारा सिंह सभा भाटापारा ने खिलाड़ियों को किट वितरण कर शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

छात्रवृत्ति हेतु बैंक खाते को आधार सीडिंग हेतु अंतिम तिथि 23 तक

कोरिया/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2022-23 ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति का भुगतान भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत विद्यार्थियों के बैंक खाता क्रमांक को आधार से सीडिंग एवं एनसीपीओई मैपिंग एनेबल होने के पश्चात् ही विद्यार्थियों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि हस्तानांतरित किया जाता हैं। कोरिया एवं एम.सी.बी. जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, डाईट, आई.टी.आई, पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृश्रि प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है, को अंतिम अवसर प्रदाय करते हुए सूचित किया जाता है कि षिक्षा सत्र 2022-23 का 23 जनवरी 2024 तक आप अपने बैंक शाखा में जाकर अनिवार्य रुप से बैंक खाते को आधार से सीडिंग कराये एवं एन.पी.सी.एल मैपिंग भी इलेवन कराये, ताकि बैंक खाते में छात्रवृत्ति की राशि हस्तानांतरण की कार्यवाही की जा सके। आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण विद्यार्थी यदि छात्रवृत्ति की राशि से वंचित होते है, तो छात्रवृत्ति से संबंधित विद्यार्थी स्वयं संपूर्ण जवाबदेही होंगे। बैंक खाते से आधार सीडिंग का यह अंतिम अवसर प्रदाय किया गया है।

बंजर जमीन को कृषि भूमि बताकर किया नामांतरण, कलेक्टर से शिकायत

- किसान नेता के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- 65 लाख रुपए एकड़ कीमत की भूमि का 5 लाख से नामांतरण

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम करेली के ग्रामीणों ने गांव की व्यवसायिक भूमि के तबादला पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिली भगत का आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि ग्राम सभा के अनुमोदन के बिना जमीन का नामांतरण कर दिया गया है। आपत्ति के बावजूद नामांतरण की कार्रवाई को पूरा किया गया।

गांव की बेश कीमती जमीन जिसकी बाजार कीमत 65 लाख रुपए है, उसे 5 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से नामांतरण कर दिया गया। इसमें ग्रामीणों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों पर मिली भगत का आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से भूमि को फिर से पंचायत के नाम आरक्षित करने की मांग की है। पूंजीपति की अनुपयोगी

बंजर भूमि को कृषि भूमि से तबादला कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम करेली पहन.06 स्थित भूमि खसरा नंबर 282, 284, 289 रकबा 0.62, 0.47, 0.39 का टुकड़ा 0.34 है, कुल खसरा नंबर 3 कुल रकबा 1.43 हेक्टेयर, दुर्ग निवासी पूंजीपति के पास स्थित कृषि भूमि से नामांतरण कर दिया गया। इतने ही रकबा की अनुपयोगी भूमि को पंचायत के नाम नामांतरण कर दिया गया है। भूमि नामांतरण पर ग्रामीणों को घोर आपत्ति है।

पूर्व में खारिज आवेदन को फिर से किया स्वीकार

ग्रामीणों के अनुसार नामांतरण की गई शासकीय भूमि पर गांव के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार देने का एक साधन है। यह भूमि मुख्य मार्ग पर स्थित है। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा व्यवसायिक परिसर बनाने के लिए शासकीय भूमि को आरक्षित रखे हैं। सत्र 2015 में शासकीय भूमि की बाजार क़ीमत 65 लाख रुपए प्रति एकड़ थी। तबादला किए भूमि की क़ीमत 5 लाख रुपए है। पूर्व में भी जमीन नामांतरण के लिए आवेदन किया गया था, जिसे ग्रामीणों की आपत्ति किए जाने पर तहसील कार्यालय से खारिज कर दिया था। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में उपसरपंच मुरारी ठाकुर, पंच पंचराम विश्वकर्मा, पंच निर्मल पाटिल, पंच राजू पाटिल, पंच हीराबाई पाटिल, पंच रंभा धीवर, पंच सगाबाई कुर्रे, पंच बुंदिया बाई, पंच उषा देवांगन, पंच सुनील वर्मा, पंच भागीरथी जांगड़े, शिबू वर्मा, तेजनाथ वर्मा, रवि देवांगन, जित्तू यादव, वी आर पाटिल, प्रभा देवांगन, रानी शर्मा, जया वर्मा, कुसुम ठाकुर, ईश्वर पाटिल, भुनेश्वरी पाटिल, धनेश्वरी पाल, अमरीका यादव, हेमबाई यादव, उषा देवांगन, रंभा धीवर, ठगिया पाटिल, बुंदिया कुर्रे, पूर्णिमा पाल, फुलेश्वरी पाल आदि शामिल थे।

त्रिनेत्र हेल्पलाइन बेमेतरा पुलिस की सराहनीय पहल : दीपेश

- यातायात संबंधित समस्याओं की शिकायत उच्च अधिकारियों से

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस विभाग द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता सप्ताह 2024 की शुरुआत गुरुवार 18 जनवरी को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। साथ में कलेक्टर रणवीर शर्मा, एसपी भावना गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत बेसिल स्कूल मैदान से कलेक्टर एवं एसपी भावना गुप्ता द्वारा मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर की गई। इसमें बेमेतरा जिला मुख्यालय के शासकीय एवं निजी स्कूल के बच्चे शामिल हुए। मैराथन दौड़ बेसिक स्कूल से निकल कंतेली स्टेडिम पहुंची। जहाँ जुंबा डांस का आयोजन किया गया। इसमें जिला मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे शामिल हुए। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सड़क हादसों को कम करने और यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह 2024 की शुरुआत की गई हैं। सड़क हादसों के

लिहाज से बेमेतरा बेहद संवेदनशील हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि सड़क हादसों की संख्या में कमी लाई जाए। यातायात को लेकर भी सरकार सतर्क हैं, हम सब मिलकर काम करेंगे जिससे जिलें में हो रहें सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा सकें।

साथ ही कहा कि बेमेतरा पुलिस नें आज जो त्रिनेत्र हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत की गई है वह सराहनीय कदम हैं। ऐसे कामों के लिए बेमेतरा पुलिस का धन्यवाद करना चाहते हैं। जो जिले के नागरिकों के लिए यातायात से संबंधित समस्याओं को फ़ोन में उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सकते हैं। इससे अब यातायात उल्लंघन करने वालों की सीधी शिकायत और यातायात समस्याओं का समाधान तत्काल किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मोंटी साहू, राजू देवांगन, विनय साहू, परमेश्वर साहू, तुषार साहू, निखिल साहू, विकास तम्बोली, दीनानाथ साहू, लक्ष्मीनारायण यादव मौजूद थे।

देवरानी के मड़ई में शामिल हुए विधायक इंद्र

- सड़क निर्माण के लिए दिए 5 लाख रुपए

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत देवरानी में मड़ई मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आसपास क्षेत्र गांव के महिला पुरुष एवं बच्चों द्वारा लोक नृत्य राउत नाचा का आनंद उत्साह पूर्वक लिया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव का स्वागत प्रतीक चिन्ह व गज माला के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव आबिद खान व ग्रामीण जनों के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ईश्वर सिंह ठाकुर गुलशन बिजोरा ,दौलत कुंजाम, केवल सिंह खुसरो का शाल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। ग्रामीणों की मांग पर विधायक इंद्र साव ने गली कांक्रीटीकरण हेतु 5 लाख रु. की राशि का घोषणा की।

अन्य मांगों पर भी सहमति जताई।

पंचायत के लोगों को नशे से दूर रहने की बात कही गई। नशा मुक्त ग्राम हो इस पर सभी ग्राम पंचायत के अभियान चलाकर, अपने परिवार के सदस्यों को नशा से दूर कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष दौलत कुंजाम ने किया। मड़ई मेला कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि केवल सिंह ध्रुव, मिथिलेश ध्रुव , सेऊक यादव, अजित यादव, नेतराम यादव, दशरथ ध्रुव , पंचराम वर्मा, साउद खान, आरिफ खान, रामेश्वर लहरिया, प्रभु ध्रुव, हरिचंद्र ध्रुव, जगेश्वर ध्रुव, भागीरथी ध्रुव, रिजवान खान, हबिब खान सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जनता की समस्याओं का समाधान होगा : रोहित

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधायक रोहित साहू गुरुवार को मैनपुर के ग्राम गोहरापदार में आयोजित संकल्प शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक साहू ने केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों की उपस्थिति में ही अफसरों से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। सरकारी योजना के क्रियान्वयन में प्रशासन के सुस्त रवैया को लेकर उन्होंने नाराजगी भी जताई। विधायक ने कहा की अब सरकार बदल गई है, भाजपा की सरकार आ गई। प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाए। शिविर में विधायक साहू के निर्देश पर गोहरापदर के 17 वर्षीय भीजराम का तत्काल आधार कार्ड बनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष नूरमति मांझी, सरपंच हेमादि मांझी, जनप्रतिनिधि अनिल चंद्राकर, पुनीत राम सिन्हा, गुरुनारायण तिवारी, सागर मयाणी भी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक साहू ने विभागवार सरकारी योजना के लाभ की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने आवेदन की

संकल्प शिविर में विधायक रोहित साहू ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया। अफसरों से स्टाल में ही योजना की जानकारी ली। गर्भवती महिलाओं के गोद भराई रस्म भी पूरी कराई। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों और लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया।

कमी और धीमी गति को लेकर विधायक ने अफसरों को हिदायत भी दी। सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ मिले इसका ध्यान रखे। उन्होंने सात दिनों में आयुष्मान, उज्जवला गैस और राशन कार्ड के प्रकरणों को पूर्ण करने के निर्देश जनपद सीईओ की दिए। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी ने कहा की अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। विकास के पहिए दुगुनी रफ्तार से चलेगा। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार ने श्रीरामलला दर्शन योजना को मंजूरी दे दी है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए भेजा जाएगा।

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 55वीं पुण्यतिथि मनाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 55 वीं पुण्यतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्यों के द्वारा 18 जनवरी को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। विश्व के पांचों महाद्वीपों में 137 देशों में फैले अपने 8500 (साढ़े आठ हजार) से भी अधिक सेवा केन्द्रों में दस लाख सदस्यों ने आत्म चिंतन (योग) और राजयोग का अभ्यास किया। यह कार्यक्रम पूरे विश्व में एक साथ और एक ही समय पर आयोजित किया गया। गुरुवार को गरियाबंद

में श्रद्धाजंलि सभा शिव शक्ति भवन देवभोग रोड स्थित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी में आयोजित किया गया। श्रद्धाजंलि सभा में शहर के सभी वर्गों लोग सामिल हुए। ब्रह्माकुमारी संस्थान संचालिका ब्रम्हाकुमारी बिंदु ने बताया कि आज के दिन 18 जनवरी 1969 को पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने देह का त्याग किया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा सारे विश्व में की जा रही उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 1981 में विश्व शान्ति दूत पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी गीता, गंगा सागर दीवान, लाल सिंग दीवान, हरीश भाई ठक्कर, जीवन एस साहू, गोरेलाल सिन्हा, राधेश्याम सोनवानी, हिमांशु संगानी, प्रदीप बराई, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, ताकेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

युवती से गैंगरेप, तीनों रेपिस्ट गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। गुंडरदेही में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपी पकड़े गए हैं। बालोद जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है । इस कार्रवाई में साइबर सेल की भी अहम भूमिका रही है। घटना के 48 घंटों के भीतर आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। जिसका खुलासा पुलिस ने शुक्रवार को किया। 3 आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांण्ड पर जेल भेजा गया। सायबर सेल बालोद से प्राप्त तकनीकी सहायता एवं घटना स्थल, कचांदुर, अण्डा, दुर्ग, राजनांदगांव, चिचोला, देवरी,भंडारा, नागपुर तक 150 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद ये सफलता मिली। मामला थाना गुण्डरदेही क्षेत्र की है। 15 जनवरी

को सूचना मिली की पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। सूचना पर थाना गुंडरदेही में अपराध क्रमांक 09/2024 धारा 363, 376, (2)(ए), 376 (डी), 294, 506, 323 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। इसकी सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने 3 टीम गठित की। टीम ने घटना स्थल एवं आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले इसमें आरोपी राहुल देवार व बबलू देवार कपड़ा दुकान में कुछ सामान खरीदते दिखे। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक आरोपी बबलू देवार पुलिस को देखकर बस स्टैंड गुंडरदेही के एक होटल में छिप रहा है। उसे पकड़ा गया। उसे गुंडरदेही थाने लाकर पूछताछ की गई। उसने राहुल देवार, विक्रम देवार के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया। घटना के बाद राहुल देवार, विक्रम देवार फरार हो गए थे। आरोपियों की पतासाजी हेतु सायबर सेल बालोद सक्रिय थी। उन्हें संदेहियों का लोकेशन ग्राम चिल्हाटी जिला मानपुर मोहला प्राप्त होने पर, तत्काल चिल्हाटी पहुंचे। जहॉ पर आरोपी राहुल देवार एवं विक्रम देवार पुलिस उपस्थिति की सूचना पाकर घटना में प्रयुक्त स्कुटी को छोड़कर फरार हो गए।

बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने लगाई प्रदर्शनी

- बच्चों ने प्रस्तुत किया विज्ञान मॉडल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पेंदाकोड़ो, मोहला, सांस्कृतिक भवन खैरागढ़ एवं डा. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर, राजनांदगांव में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राजनांदगांव के कलेक्टर संजय अग्रवाल, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के कलेक्टर एस. जयवर्धने, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, सीईओ जिला पंचायत अमित कुमार, राजनंदगांव के जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह, मोहला-मानपुर अंबागढ़-चौकी के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के जिला शिक्षा अधिकारी एफआर कोसरिया एवं जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एव पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रारंभिक तथा माध्यमिक स्तर के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं

प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार प्राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम संचालित किया जाता है। इसी क्रम में यह प्रदर्शनी-मेला जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का आयोजन 13 जनवरी को कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ो, मोहला में, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का आयोजन 15 जनवरी को सांस्कृतिक भवन खैरागढ़ में एवं दिनांक 17 जनवरी को डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, बसंतपुर-राजनांदगांव में आयोजित हुई। आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान और गणित विषयों पर आधारित भूकंप रोधीअलार्म, टावर ब्रिज, इलेक्ट्रॉनिक, जनरेटर स्पेस स्टेशन प्रदूषण नियंत्रण रेन वाटर हार्वेस्टिंग सोलर सिस्टम से प्रोजेक्ट का निर्माण कर उनका प्रदर्शन और प्रस्तुति की, जिसमें मोहला-मानपुर-एवं अं.चौकी विकासखंड के कुल 41 प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 242 बच्चे, खैरागढ़-छुईखदान विकासखंड के कुल प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 180 बच्चे एवं छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं राजनांदगांव विकासखंड के प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 278 बच्चों ने भाग लिया। आयोजन में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर कोसरिया, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एमआर अंसारी, पीआर झाड़े एपीसी ने विज्ञान प्रदर्शनी और पुस्तक मेला का अनुश्रवण और अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान मोहला के बीआरसी खोमलाल वर्मा, मानपुर के बीआरसी सुश्री जाहिदा खान, खैरागढ़ के बीइओ नम्रता राजपूत, बीआरसी सुजीत चौहान, छुईखदान के बीआरसी सतीश श्रीवास्तव, राजनांदगांव के बीआरसी भगत सिंह ठाकुर, सीएसी शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

फुटबॉल स्पर्धा के फ्रैंक ब्रदर्स विजेता

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्राम लक्ष्मी नगर घुघुवा साल्हे में स्वर्ण जयंती राज्य स्तरीय फुटबाल स्पर्धा में फ्रैंक ब्रदर्स राजनदगांव ने ईमानवेल क्लब उकुवा माइंस को 1-0 से हरा कर खिताब पर कब्जा किया। लक्ष्मी नगर घुघुवा साल्हे में चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता मे पांचवे दिन के पहले सेमीफाइल में हृञ्ष्ट लक्ष्मी नगर 1ह्य फ्रैंक ब्रदर्स राजनदगांव के बीच मुकाबला हुआ। इसमें फ्रैंक ब्रदर्स राजनादगांव 4-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल उकुवा माइंस 1ह्य पुलिस लाइन राजनादगांव के बीच खेला गया जिसमें उकुआ माइंस ने राजनादगांव पुलिस लाइन को 2-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच उकवा माइंस 1ह्य फ्रैंक ब्रदर्स राजनादगांव के बीच खेला गया।

इसमें प्रवेश कनोरिया ने गोल दाग कर फ्रैंक ब्रदर्स राजनदगांव को 1-0 से बढ़त दिलाई। जो अंत तक कायम रही। इस दौरान महिलाओं एवम बच्चे मौजूद थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू ने बताया कि यह आयोजन की स्वर्ण जयंती वर्ष है। आयोजन समिति न्यू टाइगर क्लब द्वारा विशेष तैयारी की गई थी। जिले के पूर्व खिलाड़ियों ने फुटबॉल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है उनका मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। जिन्होंने पिछले 50 वर्षो से फुटबॉल का आयोजन करा रहे खिलाड़ियों का भी सम्मान किया। इसका आयोजन 1975 से किया जा रहा है। इसमें 16 टीमों ने भाग लिया। आयोजक समिति के अध्यक्ष ने कहा कि यह आयोजन छोटे से गांव के गरीबी और आर्थिक तंगी से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए बहुत बड़ी बात है। यह राज्य स्तरीय स्पर्धा का 50 वां साल है।

आईटीएफ महिला ओपन : 3 भारतीय प्री-क्वार्टर में पहुंचे

बेंगलुरु। यहां के केएसएलटीए स्टेडियम में खेले गए आईटीएफ महिला ओपन में भारत की अग्रणी स्टार अंकिता रैना ने एक सेट से पिछड़ने और दूसरे सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद हार के कगार से वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पहले दौर के मुकाबले में विक्टोरिया मोरवायोवा के खिलाफ जीत हासिल की।

आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने गले में खराश और पेट की ऐंठन से जूझते हुए अपने स्लोवाकियाई प्रतिद्वंद्वी को 1-6, 7-5, 6-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।रुतुजा भोसले और वैदेही चौधरी ने भी अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। जहां रुतुजा ने जापान की एरी शिमिजु के खिलाफ पहला सेट 0-6 से हारने के बाद वापसी की और अगले दो सेट 7-5, 7-5 से जीत लिए, वहीं वैदेही ने ग्रीस की सफ़ो सकेलारिदी की चुनौती को 6-4, 6-2 से हरा दिया। बेहद प्रतिस्पर्धी मैदान में तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना मकारोवा जापान की क्वालीफायर नाहो सातो से 5-7, 2-6 से सीधे सेटों में हार के बाद टूर्नामेंट की पहली हार बनीं। बाद में जापान की क्वालीफायर मेई यामागुची ने सातवीं वरीयता प्राप्त सोफिया लांसरे को 6-2, 6-2 से हराकर घर भेज दिया।3 घंटे और 31 मिनट तक चले दिन के सबसे लंबे मैच में छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस की कैरोल मोनेट ने सर्बियाई देजाना राडानोविक को 7-5, 4-6, 7-6 (9) से हराया।अंकिता, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वालीफायर के दूसरे दौर में बाहर होने से अभी-अभी वापस आई हैं, पहले सेट में काफी संघर्षपूर्ण रहीं और कभी-कभी विजेता को भी हरा देती थीं।पहले गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखने के लिए संघर्ष करने के बाद, 31 वर्षीय शीर्ष भारतीय को कुछ खराब शॉट चयन के कारण नुकसान उठाना पड़ा। मोरवायोवा, जो अंकिता से 200 से अधिक रैंक नीचे हैं, कोर्ट पर तेज थीं। उन्होंने मौके का फायदा उठाते हुए लगातार पांच गेम जीतकर क्लीन स्वीप दर्ज किया और पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में अंकिता ने पहले गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी और तुरंत वापस ब्रेक ले लिया। हालांकि, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने चौथे और छठे गेम में ब्रेक के बाद 5-1 की बढ़त बना ली और मैच के लिए सर्विस कर रही थी, इससे पहले अंकिता ने वापसी करते हुए न केवल उनकी सर्विस तोड़ी, बल्कि अगले पांच गेम भी जीते। 9वें और 11वें गेम में ब्रेक के साथ स्कोर 1-1 हो गया।अंतिम सेट में भी इसी क्रम को जारी रखते हुए, अंकिता ने पहले और तीसरे गेम में ब्रेक के सौजन्य से पहले चार गेम जीते।

मोरवायोवा ने सेट के बीच में अपना आपा खो दिया जब उसने सोचा कि गेंद आउट हो गई है लेकिन वास्तव में, गेंद अंदर थी। एकमात्र गेम जो वह जीत सकी वह 7वां गेम था जहां वह अपनी सर्विस बरकरार रखने में सफल रही क्योंकि भारतीय खिलाड़ी ने सेट अपने नाम कर लिया और यह मैच 2 घंटे 14 मिनट तक चला।

ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट चरण में पहुंचा

दोहा। जैक्सन इरविन के एकमात्र गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप बी में जस्सीम बिन हमाद स्टेडियम में सीरिया पर 1-0 से जीत दर्ज की और एएफसी एशिया कप के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इर्विन के 59वें मिनट में किए गए गोल, जो टूर्नामेंट में उनका अब तक का दूसरा गोल है, ने ग्राहम अर्नोल्ड की टीम को एक राउंड शेष रहते हुए तीन अन्य अंकों के साथ भारत पर अपनी शुरुआती जीत वापस दिला दी और स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंच गई।

प्रत्येक समूह में शीर्ष दो टीमें आगे हैं और तीसरे स्थान पर रहने वाली चार टीमें सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड के साथ आगे बढ़ रही हैं और दिन के अंत में भारत का सामना उज्बेकिस्तान से होना है, जिससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढ़ने की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

सीमित स्कोरिंग अवसरों के खेल में लगभग एक घंटे तक इर्विन की करीबी सीमा की समाप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में पैमाना बना दिया, भले ही सीरियाई लोगों ने सॉकरोस को शुरुआती डर दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपना ग्रुप अभियान समाप्त कर दिया, जबकि सीरिया को आगे बढ़ने का मौका पाने के लिए भारत को हराना होगा।

चीन और लेबनान मैच में गोलरहित ड्रा खेला

दोहा। एएफसी एशियन कप में ग्रुप ए के दूसरे दौर में लेबनान से चीन ने गोलरहित ड्रॉ मैच खेला।

पहले दौर में चीन का मुकाबला ताजिकिस्तान से था जो 0-0 से ड्रा रहा, जबकि लेबनान ने मेजबान कतर के खिलाफ 3-0 से हार का सामना किया।चीन और लेबनान दोनों नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने की अपनी संभावनाओं को बनाए रखने के लिए जीत की बेताब कोशिश कर रहे थे।समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, 45वें मिनट में चीन के फारवर्ड झांग युनिंग ने पेनल्टी क्षेत्र में लगातार दो हमले किए, जिन्हें लेबनान के गोलकीपर ओस्ताफा मातर ने बचा लिया।पहले हाफ के स्टॉपेज समय में लेबनान गोल करने के करीब था, लेकिन चीन ने कई मौके बचाए।65वें मिनट में चीनी स्ट्राइकर वू लेई के पास मैच का सबसे अच्छा मौका था, लेकिन वो इसका फायदा नहीं उठा पाए।बुधवार को ग्रुप ए के एक अन्य मैच में कतर ने अकरम अफीफ के दो मैचों में तीसरे गोल की बदौलत ताजिकिस्तान को 1-0 से हराकर ग्रुप विजेता के रूप में नॉकआउट चरण में स्थान हासिल किया।पहले दो राउंड के बाद कतर छह अंकों के साथ ग्रुप में सबसे आगे है। चीन दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि ताजिकिस्तान और लेबनान के पास एक-एक अंक है। चीन अगले सोमवार को तीसरे दौर में कतर से भिड़ेगा, जबकि लेबनान उसी समय ताजिकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

मौजूदा एशियाई कप में कुल 24 टीमें छह समूहों में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। प्रत्येक समूह के शीर्ष दो और चार सर्वश्रेष्ठ तीसरे-फ़िनिशर राउंड-16 नॉकआउट चरण में आगे बढ़ेंगे।

कोलिन्स की घोषणा : 2024 होगा अंतिम सीजन

मेलबर्न। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक से ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर में हार के बाद, अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी डेनिएल कोलिन्स ने घोषणा की कि 2024 डब्ल्यूटीए टूर सीज़न दौरे पर उनका अंतिम वर्ष होगा। ऑस्ट्रेलियन ओपन ने एक्स पोस्ट में लिखा है, डेनिएल कोलिन्स के लिए यह अंतिम सऑस्ट्रेलियन ओपन है, जिन्होंने पुष्टि की है कि वह इस साल के बाद प्रतिस्पर्धा करना बंद कर देंगी। हम अपने 2022 फाइनलिस्ट को शुभकामनाएं देते हैं।

2022 की फाइनलिस्ट ने एक सेट और एक ब्रेक डाउन से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से 4-1 की बढ़त बना ली , लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी करते हुए रॉड लेवर एरेना में 6-4, 2-6, 6-4 से जीत हासिल की। कोलिन्स ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, वास्तव में यह मेरा आखिरी प्रतिस्पर्धात्मक सीजन होने जा रहा है। मैं वास्तव में नहीं जानती कि कब, लेकिन यह मेरा आखिरी सीजन होगा और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रही हूं। मुझे लगता है कि मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है। इसमें निश्चित रूप से उतार-चढ़ाव रहे हैं, और मुझे लगता है कि यात्रा और शेड्यूल के साथ कोर्ट से दूर कुछ चीजें और यह सब, यह वास्तव में एक कठिन खेल है। मेरे पास अन्य चीजें हैं जिन्हें मैं टेनिस के बाहर अपने जीवन में पूरा करना चाहती हूं, और मैं ऐसा करने में सक्षम होने के लिए समय निकालना चाहूंगी। जाहिर तौर पर बच्चे पैदा करना मेरे लिए एक बड़ी प्राथमिकता है। दो साल पहले इसी कोर्ट पर कोलिन्स ने स्वीयाटेक को 6-4, 6-1 से हराकर जीत हासिल की थी और अपने पहले बड़े फाइनल में प्रवेश किया था। कोलिन्स ने 2019 में मेलबर्न पार्क में अपना पहला ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल हासिल किया, और शीर्ष 20 विरोधियों के खिलाफ तीन जीत हासिल की। तीन साल तेजी से आगे बढ़ते हुए, 2022 के सेमीफाइनल में, उसने स्वीयाटेक की प्रगति को विफल कर दिया, और फाइनल में जगह बनाई, जहां अंततः उसे एश्ले बार्टी के खिलाफ सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

बिजनेस

एफपीआई 2 दिनों में 20,480 करोड़ की इक्विटी बेची

नई दिल्ली। बाजार में एक अहम ट्रेंड है एफआईआई और डीआईआई के बीच रस्साकशी का फिर से शुरू होना। इसका खुदरा निवेशकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। पिछले दो दिन में एफपीआई ने बड़े पैमाने पर 20,480 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची है। यह आंशिक रूप से अमेरिका में बांड यील्ड के बढ़ने के चलते है। अमेरिका में 10 साल का बांड यील्ड बढ़कर 4.16 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा, चूंकि एफआईआई एयूएम का सबसे बड़ा हिस्सा बैंकों में है, इसलिए वे बैंकों, मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक में बिकवाली कर रहे हैं।

हाल के वर्षों में एफआईआई और डीआईआई के बीच रस्साकशी में डीआईआई ने हमेशा जीत हासिल की, भले ही एफआईआई की बिक्री से अल्पकालिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा, बाहरी कारकों के कारण एफआईआई की बिकवाली हमेशा खरीदारी का अवसर रही है। अत्यधिक वैल्यूएशन के बावजूद मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट मजबूत हैं।

लगातार खरीदारी हो रही है और एफआईआई की ओर से बिकवाली का कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विसंगति को समय आने पर ठीक कर लिया जाएगा। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 437 अंक ऊपर 71,624 अंक पर है। सेंसेक्स ने अपनी कुछ बढ़त गंवा दी है। भारती एयरटेल 3 फीसदी, एक्सिस बैंक 2 फीसदी ऊपर है।

महिंद्रा ने पेश किया सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल कीमत 6.61 लाख से होगी शुरू

दिल्ली। भारत में स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एससीवी) के बाजार में अग्रणी, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने गर्व से नई सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज के लॉन्च की घोषणा की है, जो डीजल और सीएनजीडुओ दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। सुप्रो प्लेटफॉर्म की सफलता के आधार पर

प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज अपनी जोरदार ताकत, जबरदस्त स्टाइल, बेजोड़ सुरक्षा और आराम के साथ लास्ट-मील कनेक्टिविटी के लिए डिजाइन किया गया है। सुप्रो, शुरुआत में 2015 में लॉन्च किया गया था, जो ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले एक हरफनमौला प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। प्रतिस्पर्धी कीमत पर सुप्रोप्रॉफिट ट्रक एक्सेल का मूल्य इस प्रकार है - डीजल संस्करण की कीमत 6.61 लाख रु. (एक्स-शोरूम दिल्ली) और CNG DUO वेरिएंट की कीमत 6.93 लाख रु. (एक्स-शोरूम दिल्ली) है।

अमेरिका के एरिजोना यूनिवर्सिटी और ओपनएआई के बीच हुई पार्टनरशिप

अब कक्षाओं में होगा चैटजीपीटी

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी (एएसयू) और ओपनएआई ने चैटजीपीटी को कक्षाओं में लाने के लिए पार्टनरशिप की घोषणा की है। चैटजीपीटी के पीछे एआई रिसर्च एंड डेवलपमेंट कंपनी ओपनएआई के साथ सहयोग करने वाली यूनिवर्सिटी पहली एजुकेशन इंस्टिट्यूशन बन गयी है। फरवरी से शुरू होकर, एएसयू चैटजीपीटी एंटरप्राइज के इनोवेटिव उपयोगों को लागू करने के लिए फैकल्टी और कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित करेगा।इसमें तीन प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं- छात्रों की सफलता को बढ़ाना, इनोवेटिव रिसर्च के लिए नए रास्ते बनाना और आर्गेनाइजेशनल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना। एएसयू के मुख्य सूचना अधिकारी लेव गोनिक ने कहा, एडवांस एआई क्षमताओं तक पहुंच प्रदान कर ये टूल्स लोगों को बराबरी का मौका दे रहे हैं, जिससे लोगों और आर्गेनाइजेशन्स को क्रिएटिव और इनोवेशन प्रयासों के लिए एआई की पावर का उपयोग करने की अनुमति मिल रही है। एएसयू और ओपनएआई के बीच सहयोग चैटजीपीटी एंटरप्राइज की एडवांस क्षमता को हाई एजुकेशन में लाता है, जिससे यूनिवर्सिटी में लर्निंग, क्रिएटिविटी और छात्र परिणामों को कैसे बढ़ाते हैं, इसके लिए एक नई मिसाल कायम होती है। एएसयू के अध्यक्ष माइकल एम. क्रो ने कहा, ओपनएआई के साथ हमारा सहयोग हमारी फिलॉसफी और एआई लर्निंग टेक्नोलॉजी के विकास में सीधे भाग लेने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यूनिवर्सिटी ने कहा, प्लेटफॉर्म यूजर की प्राइवेसी को प्राथमिकता देता है, यूजर डेटा की सुरक्षा के लिए एंटरप्राइज-ग्रेड सुरक्षा उपायों को नियोजित करता है। ये उपाय डिजिटल खतरों से बचाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए हैं, जो प्लेटफॉर्म की कार्यक्षमताओं का उपयोग करने के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। ओपनएआई के मुख्य परिचालन अधिकारी ब्रैड लाइटकैप ने कहा, सीखना इस बात का मूल है कि इतने सारे यूजर चैटजीपीटी को क्यों पसंद करते हैं।

भारत में समसंग गैलेक्सी एस-24 सीरीज की प्री बुकिंग शुरु



नई दिल्ली। सैमसंग ने देश में अपने नवीनतम 'मेड इन इंडिया' गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24प्लस और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन के लिए प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। यह नए डिवाइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर्स के साथ है।

इनकी बिक्री 31 जनवरी से शुरू होगी। सैमसंग गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा टाइटेनियम ग्रे, टाइटेनियम वॉयलेट और टाइटेनियम ब्लैक रंगों में 129,999 रुपये (12जीबी+256जीबी वैरिएंट) से शुरू होता है। 12जीबी+512जीबी वेरिएंट की कीमत 139,999 रुपये है और गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा का 12जीबी+1टीबी मॉडल 159,999 रुपये में आएगा। कोबाल्ट वायलेट और ओनिक्स ब्लैक रंगों में गैलेक्सी एस24+ 12जीबी+256जीबी वैरिएंट के लिए 99,999 रुपये से शुरू होता है और 12जीबी+512जीबी वैरिएंट 109,999 रुपये में आएगा। कंपनी ने कहा कि गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 प्लस की प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 22,000 रुपए का प्री-बुकिंग लाभ मिलेगा। इस बीच, एम्बर येलो, कोबाल्ट वायलेट और ओनिक्स ब्लैक रंगों में गैलेक्सी एस24 8जीबी+256जीबी वैरिएंट के लिए 79,999 रुपये और 8जीबी+512जीबी मॉडल के लिए 89,999 रुपये से शुरू होता है। सैमसंग के अनुसार, गैलेक्सी एस24 की प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 15,000 रुपये का प्री-बुकिंग लाभ मिलेगा। सैमसंग इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, गैलेक्सी एस24 सीरीज के साथ, हम भारतीय उपभोक्ताओं के हाथों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति ला रहे हैं। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गैलेक्सी एस24 सीरीज का निर्माण भारत में हमारे नोएडा कारखाने में किया जाएगा।

12वीं फेल की अभिनेत्री मेधा शंकर हैं शाहरुख खान की प्रशंसक

अभिनेत्री मेधा शंकर इस समय बॉलीवुड की असीम ऊंचाइयों को छू रही हैं।उन्हें पिछली बार विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 12वीं फिल्म में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।12वीं फिल्म की अपार सफलता के बाद मेधा की लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है, लेकिन क्या आप जानता हैं मेधा बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं?इस बात का खुलासा अभिनेत्री ने खुद किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मेधा ने कहा, मैं शाहरुख सर की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने उनकी सारी फिल्में देखी हैं। कुछ कुछ होता है, कभी खुशी कभी गम और कल हो ना हो मेरी पसंदीदा फिल्मों में शामिल हैं। मैं अक्सर उनकी बातें सुनकर मंत्रमुग्ध हो जाती हूं।उन्होंने आगे कहा कि शाहरुख एक अच्छे अभिनेता होने के साथ बहुत बेहतरीन व्यक्ति भी हैं। इसलिए ही लोग उनसे इतना प्यार करते हैं।

मेधा ने वेब सीरीज बीचम हाउस के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जो 2019 में रिलीज हुई थी।इसके बाद मेधा ने बॉलीवुड का रुख किया और वह 2021 में आई कीर्ति कुल्हारी की फिल्म शादीस्तान में नजर आई। हालांकि, उन्हें दर्शकों के बीच पहचान 12वीं फेल से मिली है।मेधा 2021 में रिलीज हुई वेब सीरीज दिल बेकरार में भी नजर आ चुकी हैं। यह सीरीज डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है।

विद्युत जामवाल की क्रैक का पहला गाना दिल झूम जारी

विद्युत जामवाल को आखिरी बार अनुपम खेर के साथ फिल्म आईबी71 में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।विद्युत पिछले कुछ समय से अपनी आगामी स्पोर्ट्स-एक्शन फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी नोरा फतेही के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब निर्माताओं ने क्रैक का पहला गाना दिल झूम जारी कर दिया है, जिसमें विद्युत और नोरा एक-दूसरे संग इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं।।

दिल झूम को विशाल मिश्रा और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है तो वहीं इस गाने के बोल गुरप्रीत सैनी ने लिखे हैं।क्रैक के निर्देशन की कमान आदित्य दत्त ने संभाली है। फिल्म का निर्माण विद्युत ने अपने होम प्रोडक्शन एक्शन हीरो फिल्म्स के तहत किया है।इसमें अर्जुन रामपाल और एमी जैक्सन भी अहम भूमिकाओं में हैं।विद्युत और नोरा की यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

विद्युत ने कहा कि यह ट्रैक, जो पाकिस्तानी सिंगर अली जफर के ट्रैक झूम का एक प्रस्तुतिकरण है, लगातार उनकी रोमांटिक प्लेलिस्ट में रहा है।

इस बारे में बात करते हुए कि उन्होंने झूम को अपनी फिल्म का हिस्सा क्यों चुना, विद्युत ने साझा किया- झूम मेरी रोमांटिक प्लेलिस्ट में लगातार बना हुआ है।

उन्होंने आगे कहा, बीट एकदम सही लगता है, इसमें प्योर इमोशन है। यह गाना हमारे लिए आवश्यक सभी सही भावनाओं को समेटे हुए है, जो इसे क्रैक के लिए एकदम सही साउंडट्रैक बनाता है।

आरक्षक से निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगा साप्ताहिक अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस कर्मचारियों की कार्य की प्रवृत्ति एवं कार्य के दबाव को दृष्टिगत रखते हुए मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ आरक्षक से निरीक्षक स्तर के पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक दिवस का साप्ताहिक अवकाश दिया जाएगा। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से जारी परिपत्र के अनुसार थाना एवं जिले में तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल की कंपनियों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए साप्ताहिक अवकाश देने की प्रक्रिया तय कर दी गई है। थाने में पदस्थ कर्मियों के लिए एक दिवसीय साप्ताहिक अवकाश प्रारंभिक तौर पर आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों को देय होगा। नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्र में पदस्थ जिला पुलिस बल के अधिकारियों/कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश के स्थान पर 3 माह में एक बार 8 दिवस का अवकाश दिया जायेगा। थाने में पदस्थ कर्मियों को रात्रि ड्यूटी करने के पश्चात् पूरे 24 घंटे का अवकाश सप्ताह में एक बार दिया जायेगा। यानि कोई पुलिसकर्मी यदि रात्रि ड्यूटी करने के पश्चात् जाता है, तो उसे उस दिन एवं अगले दिन की प्रातः गणना तक उपस्थिति से छूट मिलेगी। यह साप्ताहिक अवकाश रात्रि ड्यूटी के पश्चात् प्रारंभ होकर अगले दिन प्रातः गणना/रोलकॉल तक के लिए रहेगा।

नक्सल क्षेत्र में अवकाश निरस्त भी होंगे

किसी कारणवश जैसे व्ही. व्ही.आई.पी. भ्रमण एवं कानून व्यवस्था की संगीन स्थिति के फलस्वरूप प्रत्येक कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जाता है, तो एक दिन की अधिकतम सीमा तक जमा होगी और सुनिश्चित किया जायेगा कि उसे उसी माह में यथासंभव यह सुविधा उपलब्ध करा दी जाये। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विषम सुरक्षात्मक कारणों से यह अवकाश निरस्त किया जा सकेगा। उपरोक्त परिस्थितियों में इकाई प्रमुख का निर्णय अंतिम होगा। अवकाश निरस्त करने की अनुमति संबंधित पुलिस अधीक्षक द्वारा ही दी जायेगी एवं उसकी जानकारी संबंधित पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस महानिरीक्षक रेंज को दी जायेगी।

सुरक्षा बलों को 3 माह में 8 दिनों का अवकाश

छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल की जिलों में पदस्थ कंपनियों के कर्मियों के लिए यह एक दिवसीय साप्ताहिक अवकाश आरक्षक से निरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (कंपनी कमांडर) स्तर के अधिकारियों को देय होगा। नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्र में पदस्थ छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारियों/कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश के स्थान पर 3 माह में एक बार 8 दिवस का अवकाश दिया जायेगा। यह साप्ताहिक अवकाश रात्रि ड्यूटी के बाद से अगले दिन सुबह प्रातः गणना रोलकॉल तक रहेगा।

अन्य अवकाशों को भी मिलेगा लाभ

परिपत्र में उल्लेख है कि अवकाश की गणना वर्तमान में प्रचलित प्रथा के अनुसार अपरान्ह में 12.05 पर रवानगी व पूर्वान्ह में 11.55 की वापसी प्रथा पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए एवं सामान्य अवकाश में रवानगी संध्या रोलकॉल के बाद दी जाये व प्रातः गणना/रोलकॉल के समय आमद करायी जाये। साप्ताहिक अवकाश के साथ अन्य अवकाशों का लाभ भी देय होगा परन्तु साप्ताहिक अवकाश पर रवानगी रात्रि ड्यूटी करने के बाद दी जायेगी एवं अन्य अवकाश की गणना अगले दिन से की जायेगी। साप्ताहिक अवकाश की सुविधा किसी अन्य अवकाश के साथ जोड़ी नहीं जायेगी एवं साप्ताहिक अवकाश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकेगा, एवं इसका नगदीकरण नहीं किया जाएगा।

थाना और चौकी प्रभारी तैयार करेंगे रोस्टर

प्रत्येक पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिले में थाना एवं चौकियों में पदस्थ कर्मियों का इस प्रकार से रोस्टर तैयार करेंगे, जिससे प्रत्येक पुलिसकर्मी को यह ज्ञात रहे कि उसे कौन से दिन का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। यानि कि मंगलवार को अवकाश दिया जाता है, तो उसे अगले प्रत्येक मंगलवार को ही साप्ताहिक अवकाश दिया जायेगा।

गुजरात सरकार की सीएम डैशबोर्ड प्रणाली छत्तीसगढ़ में होगी लागू

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में कहा कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं कार्यों की जानकारी ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विभागों की जानकारी उपलब्ध होने से प्रशासन में सुगमता आती है। उन्होंने वीडियो कॉफ्रेंसिंग से माध्यम से गुजरात सरकार के अधिकारियों से जुड़कर गुजरात सरकार के सीएम डैश बोर्ड की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने डैश बोर्ड के माध्यम से योजनाओं की निगरानी, मूल्यांकन और शिकायत निवारण की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने विभागीय डाटा गुणवत्ता रेटिंग, वास्तविक समय प्रदर्शन मापन प्रणाली, प्रगति और शिकायत निवारण प्रणाली के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजीटल भारत के बारे में विशिष्ट सोच रखते हैं। उन्होंने गुजरात के अधिकारियों से कहा कि आपने डैश बोर्ड बनाने में बहुत मेहनत की है। आपके मेहनत का लाभ हमारे राज्य को भी मिले। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को बढ़ावा देने कार्यात्मक क्षेत्रों में डिजिटल सिस्टम सुनिश्चित करना, डाटा एकीकरण, सरकार के भीतर जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा सरकारी कार्यालयों की उपलब्धता बढ़ाना वर्तमान समय की मांग है। हम अपने विभागों को डिजिटल प्लेटफार्म पर लायें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारिक सिंह, सीईओ छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी रितेश कुमार अग्रवाल, राज्य शासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम साय ने रथ के जरिए अयोध्या भेजा मनोकामना संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राज्य अतिथि गृह पहुना से राम रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने चिट्ठी में मनोकामना के रूप में 'जय श्री राम' लिखकर रथ के जरिये अयोध्या श्री राम लला के पास भेजा और प्रदेशवासियों के खुशहाल एवं सुखमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री के साथ रायपुर कान्वेंट स्कूल की छात्राओं ने भी अपने संदेश ड्राप बॉक्स में डाले। कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के डायरेक्टर मनोज राजपूत, डॉ. ओम माखीजा और प्रेम देवांगन भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि 94.3 माय एफएम रेडियो चैनल के द्वारा 'एक चिट्ठी सियाराम के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत राम रथ राज्य भर में भ्रमण कर प्रदेशवासियों से उनकी मनोकामना हेतु लिखित संदेश चिट्ठी के रूप में एकत्रित करेगा। राम रथ प्रदेश भर से एकत्रित संदेश मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान श्री राम के पास अयोध्या पहुंचेगा और श्रद्धालुओं के लिए आशीर्वाद के रूप में अयोध्या से मिट्टी और प्रसाद लेकर वापस लौटेगा।

तीन अस्पतालों को वैक्सीन के सुरक्षित रखाव के लिए मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के तीन अस्पतालों में वैक्सीन के सुरक्षित रख-रखाव के लिए बनाए गए कोल्ड चैन पॉइंट्स हेतु आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहरपुर और केशकाल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेनूर शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कांकेर, कोंडागांव और नारायणपुर जिले के इन शासकीय अस्पतालों के कोल्ड चैन पॉइंट्स में अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा वैक्सीन एवं लॉजिस्टिक के उचित, सुरक्षित एवं अनुशंसित तापमान में वैक्सीन के भंडारण आदि की समीक्षा के बाद आईएसओ सर्टिफिकेट जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यूएनडीपी के तकनीकी सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहरपुर और केशकाल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेनूर में वैक्सीन के रख-रखाव, भण्डारण आदि की व्यवस्था की जा रही थी। आईएसओ टीम द्वारा इन अस्पतालों में वैक्सीन और उससे संबंधित लॉजिस्टिक का प्रभावी आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और वास्तविक समय में स्टॉक अपडेट ऑनलाइन के साथ-साथ रिकॉर्ड की भी की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि आईएसओ की टीम ने इन अस्पतालों में दिन में दो बार तापमान की रिकॉर्डिंग और वेब-आधारित डेटा लॉगर की निगरानी करके गुणवत्ता वाले टीके की प्रभावकारिता का भी परीक्षण किया।

पॉवर कंपनी खेल सप्ताह का आगाज, 25 को होगा समापन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का गुरुवार को समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ। डंगनिया स्थित कंपनी मुख्यालय परिसर के खेल मैदान में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल हमें आगे बढ़ना सिखाता है। खेल भावना से खेलने वाला खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा तो करता है पर सकारात्मक रहकर और ये ही किसी भी व्यक्ति की सफलता की कुंजी है। 18 से 25 जनवरी तक आयोजित खेल सप्ताह की शुरुआत महिला क्रिकेट टीमों के मुकाबाले के साथ हुई। शुभारंभ अवसर पर कार्यपालक निदेशक ज्योति नन्नोरे, केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चौहान समेत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। एमएस चौहान ने बताया कि आगामी एक सप्ताह में समूह एवं वैयक्तिक आधार पर आठ अलग- अलग स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। पुरूष एवं महिला वर्ग में व्हालीबाल , टेबल टेनिस , ब्रिज, क्रिकेट , कैरम, टेनिस बॉल थ्रो, बैडमिंटन और शतरंज स्पर्धाओं में खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। उद्घाटन अवसर पर खेले गए क्रिकेट मैच में महिला वर्ग में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की दो टीमों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें चैलेंजर्स की टीम ने रॉयल टीम को पराजित किया। महिला वर्ग में ट्रांसमिशन तथा जनरेशन की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं। वहीं पुरूष वर्ग में हुए पहले मुकाबले में ट्रांसमिशन की टीम ने डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की रायपुर सिटी सर्किल की टीम को पराजित कर अपना खाता खोला।

मंत्री ने अम्लेश्वर महादेव मंदिर में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को नगर पालिका अम्लेश्वर महादेव वाटिका के मंदिर प्रांगण में झाड़ू लगाकर लोगों को सफाई का संदेश दिया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंत्री वर्मा ने भगवान महादेव की पूजा कर राज्य के लोगों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने राज्य के निवासियों से अपील की है कि अपने आस-पास के मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखें।

अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बड़ा अशोक नगर गुढियारी निवासी प्रार्थी अर्जुन साहू 30 वर्ष ने गुढियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केए 6065 को घर के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम देमार पाटन निवासी प्रार्थी प्रदीप बिजौरा 39 वर्ष ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 बीके 9056 को मेकाहारा अस्पताल के पास स्थित पीएनबी बैंक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आज पुलिस ग्राउंड में 'गाथा राम मंदिर की' का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आज 20 जनवरी को शाम 6 बजे संगीतमय प्रस्तुति के माध्यम से ''गाथा राम मंदिर की'' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। आडियो-वीडियो के माध्यम से दी जाने वाली इस प्रस्तुति में राम मंदिर के 500 वर्षों के इतिहास से जुड़ी विभिन्न घटनाओं की कथात्मक प्रस्तुति दी जाएगी। पूरे देश और दुनियाभर में प्रभु श्री राम के आने की प्रतीक्षा हो रही है। हर किसी को 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है, जब अयोध्या में भगवान श्री राम 500 से अधिक वर्षों के बाद मंदिर में पुनः विराजमान होंगे। राम महोत्सव को लेकर देश भर में विभिन्न तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। श्री राम मंदिर की विडियो-आडियो प्रस्तुति में गाथा में श्रीराम जन्मभूमि को मुक्त कराने और अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मंदिर निर्माण तक की गाथा सुनाई जाएगी। यह प्रस्तुति एक लाइव म्यूजिकल बैंड के साथ होगी। श्रीराम जन्मभूमि की तपस्या एवं संघर्ष की सत्य गाथा के इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। श्रीराम मंदिर की महागाथा को सुर-संगीत में श्रद्धालु देख और सुन सकेंगे। संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि कार्यक्रम में राम जन्मभूमि के इतिहास से लेकर अयोध्या में बनाए जा रहे भव्य राम मंदिर तक की घटनाओं की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने इस संबंध में आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

मलेरिया उन्मूलन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मलेरिया उन्मूलन पर तीन दिवसीय क्षेत्रीय संभागीय कार्यशाला का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने किया। पहले दिन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और ग्लोबल फंड्स सपोर्टेड सभी 10 राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष रूप से मलेरिया के मामलों की समीक्षा की गई। रायपुर में आयोजित बैठक में संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, राजीव मांझी, मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. शासन, जगदीश सोनकर, संयुक्त सचिव विमला नावरिया (छत्तीसगढ़ शासन) डॉ. तनु जैन निदेशक, एनसीवीबीडीसी (भारत सरकार) डॉ. रिंकू शर्मा संयुक्त संचालक, एनसीवीबीडीसी (भारत सरकार) सलाहकार एनवीबीडीसी डॉ. सीएस अग्रवाल, विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रतिनिधि व छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा के वरिष्ठ क्षेत्रीय संचालक के साथ सभी 10 राज्यों के (मलेरिया) कार्यक्रम अधिकारी व उनकी टीम समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मलेरिया उन्मूलन हेतु बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2030 तक मलेरिया उन्मूलन हेतु जो रोडमैप तैयार किया गया है। उक्त लक्ष्य प्राप्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर प्रयासरत है। वर्ष 2015 में वार्षिक परजीवी सूचकांक 5.21 से कम होकर वर्ष 2023 में 0.98 रिपोर्ट किया गया है। राज्य सरकार के द्वारा ट्राईबल क्षेत्रों में मलेरिया एक्शन प्लान के ऊपर भी कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत प्रदेश में 2020 से 'मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान' का संचालन किया जा रहा है। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने सभी 10 राज्यों में मलेरिया की स्थिति की जानकारी के साथ ही छत्तीसगढ़ में मलेरिया अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिनों द्वारा मलेरिया नियंत्रण की दिशा में अच्छा कार्य किया जा रहा है।

भारी छूट भारी छूट भारी छूट
राजपाल फर्नीचर मॉल
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
एक बार पधारकर क्वालिटी रेट अवश्य देखें
मार्केट से 20% कम रेट पर
पलंग, अलमारी ड्रेसिंग, आफिस टेबल, डाइनिंग टेबल, कम्प्यूटर टेबल, चेयर सभी का स्पेशल लाजवाब विशाल रेंज उपलब्ध एवं क्रॉम्पटन पंखा, एसी (AC) फ्रीज, वाशिंग मशीन आदि उपलब्ध
पताः- दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के सामने मेन रोड यदुनंदननगर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9300612345, 9300671120

अनमोल हेल्थ केयर
(इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केन्द्र)
जटिल एवं असाध्य रोगों (पुरानी बिमारियों) का वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार
कैंसर, थाइराइड, मनोरोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मिर्गी, अस्थमा, रक्त की कमी, रक्त विकार, गुर्दे रोग, त्वचा रोग, बांझपन, नशामुक्ति, टी.वी. कुष्ठरोग,हार्मोन्स समस्या जिगर/लिवर रोग, हृदय रोग, किडनी रोग, लकवा रोग, स्त्री रोग (PCOD/PCOS), पैरों/नसों/ कमर/जोड़ो में दर्द की समस्या, सफेद दाग, वजन कम करना / बढ़ाना, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू आदि।
मिलने के लिए अग्रिम पंजीयन करा कर आयें - 9098472777
पता : संतोषी नगर, भाटागांव, रिंग रोड नं. 1 रायपुर (छ.ग.) मो. 9098472777